जबलपुर

शनिवार 18 जुलाई 2026

- आषाढ़ मास ' शुक्ल पक्ष-4
- वर्ष : 21, अंक : 77
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 27

न्यून. 23

आजाद समाज पार्टी से प्रत्याशी दामोदर सिंह यादव से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

## उनसे सवाल था आप जीत का कैसे दावा कर रहे हैं?

# उनका जवाब: भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों की जातियों के कुल 20 हजार वोट, दलित-पिछड़ों के पौने दो लाख वोट, समझ लीजिए कौन जीतेगा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया उपचुनाव में आजाद समाज पार्टी से प्रत्याशी दामोदर सिंह यादव का कहना है कि दतिया की जनता जानती है कि भाजपा-कांग्रेस को वोट नहीं देना है तो दामोदर यादव के रूप में एक ऐसा व्यक्ति है जो अधिकारियों की आंख में आंख डालकर हमारे काम करा सके। इसलिए, जनता के टेस्ट पर खरा उतरा हूं। 30 साल से मेहनत कर रहा हूं। दतिया की जनता ने पहले आजमा लिया, आज विश्वास करने को तैयार है। आप चारों ब्लॉक में सर्वे कराके पूछवा लीजिए कहीं कोई मुकाबला नहीं है। जनता जानती है कि सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का काम दामोदर यादव करता है। जनता कह रही है कि मैं बेस्ट हूं मैं नहीं कह रहा। दतिया का चुनाव अगड़ा और पिछड़ा का चुनाव बन चुका है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जो प्रत्याशी दिए हैं उनकी जातियों के मिलाकर कुल 20 हजार वोट हैं और दलित और पिछड़ों को मिलाकर पौने दो लाख वोट हैं।

यादव से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत।

दतिया का दम

### यह भी बोले दामोदर यादव

- पहली बार अगड़ा और पिछड़ा के आधार पर वोट डलेंगे
- राजनीति में हर जगह तीसरे विकल्प का अवसर रहता है
- देश के लोग कांग्रेस से निराश और भाजपा से नाराज हैं




**प्रश्नः अवधेश नायक क्या कर रहे हैं?**

उत्तरः उनकी कोर टीम के 90 प्रतिशत लोग मुझे समर्थन देने को तैयार नहीं है इसलिए मैं उनसे अपने लिए कोई मदद नहीं मांग रहा हूं। इसलिए मैं उन्हें इस धर्म संकट में नहीं डालना चाहता हूं कि वे मेरी मदद करें। उनका पुराना घर भाजपा है। मुझे पूरा विश्वास है वो भाजपा में जाते तो टिकट पा जाते।

### उनसे सीधी बातचीत

**प्रश्नः किस उम्मीद के साथ आप दतिया उप चुनाव में हैं?**

उत्तरः इस क्षेत्र की जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए आया हूं। मध्यप्रदेश के अंदर एक नई राजनैतिक शक्ति को खड़ा करने के लिए आया हूं और उसी के सेमीफाइनल के रूप में दतिया का उप चुनाव हो रहा है। और जब भाजपा और कांग्रेस के बीच यहां घमासान चल रहा था तब करीब 100 दिन का चुनाव हम लड़ चुके हैं। गांव-गांव जाकर देखेंगे तो यहां त्रिकोणीय नहीं एक कोणीय संघर्ष है। भाजपा और कांग्रेस में से दूसरे नंबर पर कौन आएगा यह तय नहीं है।

**प्रश्नः आपकी पार्टी को ढाई साल पहले हुए चुनाव में बमुश्किल 450 वोट मिले थे और आज आप जीत का कैसे दावा कर रहे हैं?**

उत्तरः देश और प्रदेश की राजनीति में हर जगह तीसरे विकल्प का अवसर रहता है। और लगभग 30 से 40 प्रतिशत वोट ऐसा होता है जो इन दोनों दलों से संतुष्ट नहीं रहता है। पहले ये जगह बहुजन समाज पार्टी भरा करती थी लेकिन जब से बसपा से लोगों का मोह भंग हुआ है तबसे आजाद समाज पार्टी ने ये स्थान ले लिया। सेवढ़ा में तो 30 हजार वोट सिर्फ 16 दिन में आ गए थे।


inh
TATA PLAY चैनल न. 1155
airtel चैनल न. 366


### खबर संक्षेप

**कोहेफिजा थाने के टीआई शुक्ला निलंबित**

**भोपाल।** कोहेफिजा थाने में पदस्थ टीआई उपनिरीक्षक केजी शुक्ला को डीसीपी (जोन-3) आयुष गुप्ता ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



उपनिरीक्षक शुक्ला पर लंबे समय से भ्रष्टाचार, अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने और अपराधियों को संरक्षण देने की गंभीर शिकायतें मिल रही थीं।

**पोते ने लाठी से पीटकर अपने दादा को मार डाला**

**रीवा।** पनवार थाना क्षेत्र के ग्राम चौर में शराब के नशे में धुत शिवम कोल नाम के युवक ने अपनी दादी चंद्रकली से गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी।



शोर सुनकर जब दादा नंदलाल बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपी ने उन पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोटें आने के कारण नंदलाल की मौत हो गई।

**अनुराग बने दिल्ली के नए पुलिस कमिश्नर**

**नई दिल्ली।** खुफिया एजेंसी इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के पूर्व स्पेशल डायरेक्टर और 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग कुमार को दिल्ली का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है।



केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के बाद उन्होंने दिल्ली पुलिस मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार भी संभाल लिया है।

भारत में ऐतिहासिक शुरुआत....पटरियों पर अब 'हाइड्रोजन युग'

**पीएम मोदी ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाई हरी झंडी**

# भारत यह तकनीक हासिल करने वाला दुनिया का 5वां देश बना

*ट्रेन के पहले सफर में करीब 200 स्कूली छात्रों को यात्रा करने का मौका मिला, जिन्हें खुद प्रधानमंत्री ने हाथ हिलाकर यात्रा पर रवाना किया*



*अब तक जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन व चीन के पास थी यह तकनीक*

एजेंसी ▶▶ जींद/सोनीपत

भारत ने शुक्रवार को ग्रीन ट्रांसपोर्टेशन की दिशा में एक नया इतिहास रच दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन जींद से सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर लंबे रूट पर चलाई गई है। इस ऐतिहासिक शुरुआत के साथ ही भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों की कतार में शामिल हो गया है, जिनके पास हाइड्रोजन ट्रेन तकनीक है। भारत से पहले दुनिया में केवल चार देशों के पास ही सक्रिय रूप से हाइड्रोजन ट्रेनें चलाने की क्षमता थी। अब भारत इस एलीट क्लब में शामिल होने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया है। जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन, चीन के बाद अब भारत भी इसमें शामिल हो गया है। ट्रेन को रवाना करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय इंजीनियरों की तारीफ की।

**हरियाणा के 89 किलोमीटर जींद-सोनीपत रूट पर दौड़ी पर्यावरण अनुकूल ट्रेन**



हरी झंडी दिखाते पीएम

- **99% रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण और दुनिया की सबसे ताकतवर ट्रेन**
- **मुख्यमंत्री सैनी ने पीएम मोदी को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया**

### पीएम ने 75 अमृत भारत स्टेशनों का किया शुभारंभ

**2 नई एक्सप्रेस ट्रेनों को भी दिखाई हरी झंडी**

जालंधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन से देश को एक बड़ी सौगात दी है। पीएम मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित कर दिया है। इसके साथ ही बुनियादी ढांचे को रफ्तार देते हुए प्रधानमंत्री ने जालंधर में 5,470 करोड़ रुपए से अधिक की रेल और सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया है। इस भव्य कार्यक्रम में दो नई एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई, जिससे कई राज्यों के यात्रियों का सफर अब बेहद आसान हो जाएगा।

### पीएम मोदी के संबोधन की 4 बड़ी बातें

1. **2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी** भारत खेल जगत में बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। देश साल 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भी प्रयास जारी हैं। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ मिलकर स्पोर्ट्स इंडस्ट्री पर काम शुरू हो चुका है।
2. हरियाणा को 14,000 करोड़ की सौगात हाइड्रोजन ट्रेन के अलावा पीएम मोदी ने राज्य को 14 हजार करोड़ से अधिक के हाईवे, रेलवे, विरासत से जुड़े प्रोजेक्ट्स और दो नए मेडिकल कॉलेजों की सौगात दी।
3. **स्वच्छता को बनाएं संस्कारः** सोशल मीडिया पर जींद के सफाई अभियान की तारीफ करते हुए पीएम ने जनता से अपील की कि वे स्वच्छता को किसी के आने का इंतजार किए बिना अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाएं।

पीएम मोदी ने जालंधर से अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का किया वर्चुअल शुभारंभ

# प्रदेश के 13 अमृत भारत स्टेशन जनता को समर्पित



टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन का लोकार्पण करते सीएम

- **मुख्यमंत्री टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन पर वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम में हुए शामिल**
- **सीएम ने कहा कि नए अमृत भारत स्टेशन मप्र को नई पहचान, नया सम्मान और विकास की नई दिशा देंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पंजाब के जालंधर छावनी रेलवे स्टेशन से देश के 20 राज्यों में विकसित किए गए 75 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का शुभारंभ किया। इनमें मध्यप्रदेश के पुनर्विकसित टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो के प्रवेश द्वार तरिचर, हरपालपुर, सांची, अशोकनगर, बालाघाट, ब्यौहारी, छिंदवाड़ा, जुन्नारदेव, नैनपुर जंक्शन, विदिशा, शिवपुरी एवं भिंड सहित कुल 13 अमृत भारत रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

**सीएम बोले प्रधानमंत्री मोदी का आभार**

सीएम डॉ. यादव ने प्रदेश को 13 अमृत भारत स्टेशन के रूप में ऐतिहासिक सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त कर कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि 75 अमृत भारत स्टेशनों का एक साथ शुभारंभ भारतीय रेल के आधुनिकीकरण और विकसित भारत के संकल्प की ऐतिहासिक उपलब्धि है।


बहराइच में दिल दहला देने वाली वारदात

**चाचा के सामने तड़पता रहा अनाथ बच्चा**

# नदी किनारे हाथ-पैर धो रहे 12 साल के मासूम को जिंदा ही निगल गया मगरमच्छ

एजेंसी ▶▶ बहराइच

बहराइच जिले से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां घाघरा नदी किनारे हाथ-पैर धो रहे 12 वर्षीय सुनील को एक विशाल काय मगरमच्छ ने अपना शिकार बना लिया। मामला जिला मुख्यालय से 28 किमी दूर बौंडी थाना क्षेत्र के टिकुरी गांव का है। गुरुवार शाम करीब 6 बजे सुनील अपने चाचा विजय राज के साथ खेत में धान की रोपाई के बाद नदी पर हाथ-मुंह धोने गया था। तभी अचानक नदी से निकले मगरमच्छ ने सुनील के पैर को अपने जबड़े में दबोच लिया। चाचा और पास मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए ईंट-पत्थर मारकर बच्चे को बचाने की कोशिश की, लेकिन मगरमच्छ ने मासूम को हवा में उछालकर पानी में पटका और गहरे पानी में खींच ले गया।



सुनील

**5 घंटे की मशक्कत के बाद नदी से बरामद हुआ क्षत-विक्षत शव**



हमले का वीडियो

ओबीसी आरक्षणः हाईकोर्ट में सामान्य वर्ग की तीखी दलीलें

# इंदिरा साहनी फैसले का सरकार ने नहीं किया पालन पिछड़ा वर्ग आयोग से राय न लेने पर भी उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण से जुड़े करीब 100 मामलों की सुनवाई के तीसरे दिन शुक्रवार को तीखी कानूनी बहस हुई। इस दौरान आरक्षण के विरोध में खड़े सामान्य वर्ग और यूथ फॉर इक्वालिटी के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ फैसले को मुख्य आधार बनाया। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी और गोपाल शंकर नारायण ने अपनी बहस पूरी करते हुए बड़ा तर्क यह रखा कि इंदिरा साहनी मामले के फैसले के पैरा 810 का पालन करते हुए मप्र सरकार ने कोई जमीनी काम नहीं किया। 27% ओबीसी आरक्षण लागू करने से पहले बदली परिस्थितियों का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया। ओबीसी वर्ग के वकीलों की आपत्ति के बाद कोर्ट रूम की कार्यवाही का यूट्यूब लाइव प्रसारण दोबारा शुरू किया गया, जो पिछले दो दिनों से बंद था। अब इस हाईप्रोफाइल मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी।



- **वकीलों के विरोध के बाद दोबारा शुरू हुआ लाइव प्रसारण**

**पिछड़ा वर्ग आयोग की अनदेखी का आरोप**

सामान्य वर्ग की ओर से यह भी दलील दी गई कि 50% की अधिकतम सीमा को पार करते हुए आरक्षण का दायरा बढ़ाने से पहले सरकार ने नेशनल बैकवर्ड कमीशन से कोई राय नहीं ली। यह कदम संविधान के अनुच्छेद 338-बी का उल्लंघन है, जिससे 2019 का यह संशोधन कानून पूरी तरह निरस्त किए जाने योग्य है।

रोहित शर्मा के फैंस को बड़ा झटका

# लॉर्ड्स वनडे हो सकता है करियर का आखिरी मैच, माता-पिता पहुंचे लंदन



**दो मैचों में वे केवल 11 और 26 रन ही बना सके**

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। टीम इंडिया के स्टार ओपनर रोहित शर्मा के वनडे करियर पर संकट के बादल छा गए हैं। रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला जाने वाला तीसरा वनडे मैच रोहित के अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मुकाबला हो सकता है। इस विदाई मैच की अटकलों को तब और बल मिला जब खबर आई कि रोहित के माता-पिता (गुरुनाथ शर्मा और पूर्णिमा शर्मा) भी लंदन पहुंच चुके हैं। चयन समिति अब 39 वर्षीय रोहित शर्मा को 2027 वनडे वर्ल्ड कप की योजनाओं का हिस्सा नहीं मान रही है। सीरीज से पहले ही सेलेक्टर्स ने रोहित को अपने इस रुख से अवगत करा दिया था, जिसके बाद रोहित ने खुद अपने माता-पिता के लंदन आने का इंतजाम किया ताकि वे उनके इस आखिरी पल के गवाह बन सकें। रोहित पहले ही टी20 और टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं।

कांग्रेस के जीतू, भाजपा के आशुतोष भी कर चुके हैं नायक से मुलाकात

**सीएम डॉ. मोहन यादव ने नामांकन के दिन कहा था कि अवधेश अपने परिवार के ही**

# मनाने पहुंचे कांग्रेस के पूर्व मंत्री, अवधेश ने कहा- मैं नाराज, सबसे बात कर लूंगा फैसला

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दतिया उप चुनाव के मैदान में भाजपा से आशुतोष तिवारी और कांग्रेस से घनश्याम सिंह मैदान में हैं लेकिन दोनों दलों के लिए पूर्व विधायक अवधेश नायक महत्वपूर्ण हो गए हैं। वजह है टिकट न मिलने के कारण कांग्रेस से उनकी नाराजगी। अवधेश ने अपनी नाराजगी छिपाई भी नहीं। उन्होंने कहा है कि टिकट कटने से मैं नाराज हूं लेकिन परिवार और क्षेत्र के लोगों से चर्चा कर दतिया के हित में फैसला लूंगा। शुक्रवार की सुबह प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष पूर्व मंत्री मुकेश नायक प्रवक्ता साथियों के साथ उनसे मिलने पहुंचे। दोनों के बीच लगभग आधा घंटे बातचीत हुई। अवधेश से कांग्रेस के लिए काम करने का आग्रह किया। उन्होंने अभी कोई फैसला नहीं लिया।



ट्रेन में खंडेलवाल के साथ जीतू

**ट्रेन में हो गई हेमंत-जीतू के बीच मुलाकात**

दतिया उप चुनाव के बीच सियासी हल्कों में वायरल एक फोटो चर्चा का विषय है। इसमें भाजपा-कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और जीतू पटवारी एक ही ट्रेन वंदेभारत में आमने-सामने बैठ कर गुफ्तगू करते नजर आ रहे हैं। दोनों उप चुनाव के लिए दतिया जा रहे थे। दोनों का टिकट झांसी के लिए था।

**भाजपा-कांग्रेस के अन्य नेता भी कर रहे कोशिश**

प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा के आशुतोष तिवारी भी अवधेश के घर जाकर अपने लिया समर्थन मांग चुके हैं। अवधेश कह चुके हैं कि आशुतोष मेरे छोटे भाई जैसे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नामांकन के दिन कहा था कि अवधेश अपने परिवार के ही हैं। हमारी विचारधारा एक है। इसलिए कोई समस्या नहीं है। दूसरी तरफ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और पीसी शर्मा भी उनके घर जाकर उन्हें मना चुके हैं। वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने तो नामांकन रैली में मंच से अवधेश से माफी मांगी थी। साफ है कि दतिया उपचुनाव के लिहाजा से अवधेश का फैसला भाजपा और कांग्रेस, दोनों के लिए अहम माना जा रहा है। ऐसे में उनकी अगली घोषणा पर सभी की नजर है।

## पंजाब में प्रधानमंत्री मोदी ने आप और कांग्रेस पर बोला हमला

# पंजाब में नशा तस्करी का धंधा और गैंगवार छिपे नहीं, कांग्रेस में कुर्सी की जंग चल रही

### जालंधर से किया 5,470 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ जालंधर

पीएम मोदी ने जालंधर दौरे पर 5470 करोड़ की रेल व सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने यहां से 75 अमृत भारत स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा हमारी सरकार पंजाब में नहीं है लेकिन फिर भी हम राज्य के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे। पीएम मोदी ने दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेव, अमृतसर-वाराणसी एक्सप्रेस ट्रेन, करतौली पंजाब-अंबाला एक्सप्रेस ट्रेन सेवा, दौलतपुर चौक-करतौल पंजाब न्यू रेल लाइन का शुभारंभ किया। ये सेवाएं पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश के बीच संपर्क को मजबूत करेंगी। पीएम मोदी मंच पर हरी पगड़ी में नजर आए। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि रेलवे का जो कायाकल्प अब हुआ है। यह काम पुरानी सरकारों में हो जाना चाहिए था लेकिन पुरानी सरकारों की प्राथमिकता में ये काम ही नहीं था। उन्होंने कहा पंजाब कांग्रेस में कुर्सी की लड़ाई चल रही है।

नियति और ईमानदारी पर उठाए सवाल



#### आप सरकार पर जमकर बरसे

पीएम मोदी ने पंजाब की मौजूदा सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा पंजाब में नशा तस्करी का धंधा और गैंगवार किसी से छिपे नहीं हैं। उन्होंने कहा पंजाब की सत्ता में बैठे लोग देश की राजनीति बदलने का दावा कर रहे हैं लेकिन न उनकी नियत साफ है न वो ईमानदार हैं। आप केंद्र की योजनाओं पर अपना स्टिकर लगा रही है।

#### 12 वर्षों में हमने रेल नेटवर्क का 99 फीसदी बिजलीकरण किया

पीएम मोदी ने कहा कि रेलवे के बिजलीकरण की शुरुआत 1925 में हुई थी।करीब 100 साल पहले। 1925 से लेकर 2014 तक करीब 90 साल में पूरे देश के रेल नेटवर्क का करीब 30फीसदी ही बिजलीकरण हो पाया था। 70प्रतिशत क्षेत्र डीजल से चलता था। बीते 12 वर्षों में भारत के करीब 99फीसदी रेल नेटवर्क का बिजलीकरण हो चुका है। हरियाणा में रेल नेटवर्क का शत-प्रतिशत बिजलीकरण हो गया है। इस वजह से लड़ाई होने के बावजूद भी, तेल का संकट होने के बाद भी, भारत की रेल रुकी नहीं है।

#### जालंधर को स्पोर्टस हब के रूप में करेंगे विकसित

जालंधर को विश्व में स्पोर्टस हब के रूप में पहचान दिलाने को लेकर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब के युवाओं में खेलों को लेकर जोश है। हमारी सरकार ने खेलो इंडिया योजना खेलों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की थी। वहीं, जालंधर को विश्व में स्पोर्टस हब के रूप में पहचान दिलाना हमारा लक्ष्य है। पंजाब के खेल के उत्पाद विदेशों में निर्यात हों यह हमारा लक्ष्य है जिससे पंजाब और देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

#### जींद का दूध-दही, बूरा और घेवर भूला नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि शक्तिपीठ माता जयंती का नाम और आशीर्वाद इस शहर पर बना रहता है। मेरे लिए तो जींद आना पुरानी यादों का झरोखा खोलने जैसा है। मैं बैठे-बैठे कई पुराने व परिचित चेहरे देख रहा था। कई दशक पहले मैं संगठन के काम से पहली जींद आया था। फिर आप लोगों ने मुझे जो अपनत्व व प्रेम दिया, वो आज तक मैं भूला नहीं हूं। मुर्रा भैंस का दूध-दही और घी। जींद का देसी बूरा और यहां का घेवर...ये वो यादें हैं जो जींद से जुड़ ही जाती हैं।

### हरियाणा के खिलाड़ियों को बहुत लाभ होगा

पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि अभी मैं कुछ दिन पहले ही इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा से लौटा हूं। वहां भारत ने अनेक समझौते किए हैं। लेकिन एक विषय ऐसा है, जिसपर उतनी बात नहीं हुई है। ये विषय मेरे देश के और विशेषकर हरियाणा के युवाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में स्पोर्ट्स को लेकर मेरी चर्चा हुई। इन दोनों देशों के साथ मिलकर हम स्पोर्ट्स इंडस्ट्री, खिलाड़ियों की ट्रेनिंग आदि में हम बहुत काम करने वाले हैं, इससे खिलाड़ियों को बहुत लाभ होगा।

#### 'डबल इंजन' सरकार का आह्वान

अपने संबोधन में उन्होंने संत रविदास जी महाराज का उल्लेख किया और जालंधर में डेरा सचखंड बल्लां के प्रमुख संत निरंजन दास से अपनी मुलाकात का जिक्र कर दलित समुदाय को एक बड़ा संदेश दिया। पीएम मोदी ने हरियाणा में भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई 24 फसलों पर एमएसपी और सिख संग्रहालय बनाने जैसे कार्यों का हवाला देते हुए, पंजाब में भी 'डबल इंजन' की सरकार बनाने की अपील की।

## सुले ने जंतर मंतर में वांगचुग से मुलाकात की



नई दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सांसद सुप्रिया सुले दिल्ली के जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल कर रहे पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से मिलने पहुंचीं। सोनम अनशन के 20वें दिन पर हैं।। सुले ने उनसे भूख हड़ताल समाप्त करने की भावुक अपील की। सुले ने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तो विपक्ष संसद में आवाज उठाएगा।

## शिकोहाबाद मुठभेड़ में दोनों बदमाश ढेर

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले का शिकोहाबाद शुक्रवार सुबह गोलियों की तड़तड़हाट से गूंज उठा। यहां नगला कन्हई क्षेत्र में स्कूल के पास पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से करीब आधा घंटे तक गोलियां चलीं। इस दौरान पुलिस टीम ने दोनों बदमाशों को मार गिराया। ये बदमाश इटावा में बड़ी लूट करके भाग रहे थे।

## ट्रेन की टक्कर से स्कूल वैन के 3 छात्रों की मौत

मुर्शिदाबाद। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक रेल हादसा हो गया। रेलवे ट्रैक पार करते समय एक स्कूल वैन को तेज रफ्तार ट्रेन ने टक्कर मार दी। इसमें 3 स्कूली छात्रों की मौत हो गई जबकि4 बच्चे घायल हो गए।

## केंद्र सरकार बिल लाने की तैयारी में

# 'वंदे मातरम' का अपमान करने गाने से रोकने वाले जाएंगे जेल




इसे भी संविधान के समान दर्जा दिया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय गीत ' वंदे मातरम ' गाने में बाधा पैदा करना या उसका अपमान अब भारी पड़ेगा। 20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में केंद्र सरकार एक ऐसा बिल लाने की तैयारी में जिसमें वंदे मातरम का अपमान करने या गाने में बाधा पैदा करने वालों को सजा मिलेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल से पहले ही मंजूरी पा चुका 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक' तब आया है, जब गृह मंत्रालय ने दिशानिर्देश जारी कर उन सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत बजाना या गाना अनिवार्य कर दिया है, जहां राष्ट्रगान 'जन गण मन' बजाया जाता है। जन्म और मृत्यु के देर से होने वाले रजिस्ट्रेशन को और सख्त बनाने वाला एक बिल और भी है जिसे लोकसभा में पेश किया जाना है।

#### वंदे मातरम पर भाजपा की दलील

भाजपा का कहना है कि पिछली 'सेक्युलर' सरकारों ने आजादी की लड़ाई से जुड़े 'वंदे मातरम' को उसका उचित सम्मान नहीं दिया, क्योंकि वे मुसलमानों के एक वर्ग की आपत्तियों के आगे झुक गई थीं, जिन्हें इस गीत में हिंदू प्रतीकों के इस्तेमाल पर ऐतराज था। हाल ही में ऐसे मामले भी सामने आए हैं जिनमें विपक्षी पार्टियों या अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहों की राज्य सरकारों पर 'वंदे मातरम' को उचित सम्मान न देने का आरोप लगा है। फिलहाल, यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रस्तावित कानून 'अपमान' को कैसे परिभाषित करता है, क्योंकि 'वंदे मातरम' के अपमान से जुड़े कई मामले अदालतों तक पहुंच चुके हैं।

#### अपमान करना दंडनीय अपराध बन जाएगा

बहरहाल, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक लोकसभा और राज्यसभा से पारित होने के बाद राष्ट्रीय गीत का अपमान करना दंडनीय अपराध बन जाएगा। इसे गणतंत्र के अन्य महत्वपूर्ण प्रतीकों मसलन राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और संविधान के समान दर्जा मिलेगा, जिनका अपमान करने पर आपराधिक कार्रवाई होती है।

## जनभागीदारी से मजबूत होगा वन संरक्षण



**राष्ट्रपति आईएफएस के प्रशिक्षु अधिकारियों से मिलीं**

नई दिल्ली। भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि वे केवल वनों के प्रशासक नहीं, बल्कि भारत की प्राकृतिक धरोहर के संरक्षक भी हैं। समाज को वनों की सुरक्षा के कार्य में भागीदार बनाने से संरक्षण के प्रयास अधिक प्रभावी और दीर्घस्थायी बनेंगे। जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता से निपटने में वन अहम हैं।

## सीएम धामी ने किया ऐलान

# उत्तराखंड 'अग्निवीर रोजगार सेल' खोलने वाला पहला राज्य

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अग्निवीरों के लिए बड़ा ऐलान किया। सीएम ने बताया कि उत्तराखंड में देश का पहला 'अग्निवीर रोजगार सेल' स्थापित होगा। देहरादून में यूथ फाउंडेशन के 'युवा अग्निवीर संवाद' में सीएम ने यह जानकारी दी। सीएम ने कहा कि इस सेल के जरिए सेवामुक्त होकर लौटने वाले अग्निवीरों को राज्य सरकार की अलग-अलग योजनाओं का फायदा दिलाया जाएगा। सेल की जिम्मेदारी उन्हीं लोगों की दी जाएगी जिससे कि अग्निवीरों के सामने क्या-क्या समस्याएं आ सकती हैं और कैसे उनका समाधान हो सकता है यह सुनिश्चित किया जा सके।

## फिर टली जेपीसी की रिपोर्ट

# पीएम-सीएम को पद से हटाने वाला बिल फिर रुका, वापस लिए 'असहमति' नोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाने का प्रावधान करने वाले 130वें संविधान संशोधन विधेयक की समीक्षा कर रही संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने मसौदा रिपोर्ट को अपनाने का फैसला फिलहाल टाल दिया। समिति ने माना कि इस पर व्यापक चर्चा तथा संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श की जरूरत है। समिति की अध्यक्ष अपराजिता सारंगी ने बताया कि सदस्यों की राय थी कि मसौदा रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय लेने से पहले और चर्चा की जानी चाहिए। इसी कारण रिपोर्ट को अभी स्वीकार नहीं किया गया और प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। 130वें संविधान संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति ने अपनी मसौदा रिपोर्ट में 5 सिफारिशें शामिल की थीं। यह मसौदा हाल ही में समिति के सभी सदस्यों के बीच विचार के लिए वितरित किया गया था।



**विचार मंथन के लिए टाला फैसला-** समिति की बैठक में मसौदा रिपोर्ट की प्रत्येक सिफारिश पर अलग-अलग मतदान की प्रक्रिया चल रही थी। सदस्यों ने महसूस किया कि
विभिन्न पक्षों से और सुझाव लेने तथा विचार के बाद ही अंतिम निर्णय लेना उचित होगा। इसके बाद रिपोर्ट को अपनाने का फैसला टाल दिया गया। सारंगी ने कहा कि समिति ने माना कि इस पर और अधिक परामर्श की आवश्यकता है।

## नांदेड़ में टीचर ने 2 बच्चों समेत नदी में कुदाई कार

मुंबई। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में शुक्रवार सुबह स्कूल टीचर ने कथित तौर पर अपनी कार गोदावरी नदी में कुदा दी। इससे टीचर और उनके 2बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पोटा बुद्रुक जिला परिषद स्कूल में तैनात सुनील मोरे कार से बेटी सारा और बेटे सुमित के साथ अमदुरा-पुणेगांव रोड परगोदावरी नदी पर बने पुल की मेटल रेलिंग से कार टकरा दी।

## राहुल दिवंगत कांग्रेस कार्यकर्ता के घर गए

देहरादून। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार दोपहर बाद दिल्ली से चार्टर्ड विमान द्वारा देहरादून पहुंचे। हवाई अड्डे से वे सीधे महानगर कांग्रेस महामंत्री आलोक मेहता के चमन विहार स्थित आवास पर गए। वहां उनके पिता और कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता अमर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

### कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट
### जिला-बालाघाट (म.प्र.) पिनकोड-481001

Email Address - cmobalaghat@mpurban.gov.in/cmo.bgt@gmail.com

क्रमांक / लेखा शाखा/2026/4888 — बालाघाट दिनांक : 17/07/2026

**(शुद्धिपत्र निविदा सुचना)**

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत फर्म से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्रं. | Tender ID | CONTENT DESCRIPTION | LAGAT MULYA | AMANAT RASHI /NIVIDA FORM MULYA | NIVIDA KI ANTIM TITHI |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_520045_1 | नगरपालिका परिषद बालाघाट के लिए वित्तीय वर्श 2026 2027 हेतु डबल एंटी अकाउंटिंग (दोहरी प्रविष्टि लेखांकन) वार्षिक विवरणों की तैयारी तथा अन्य संबंधित कार्यो के लिए एक प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) फर्म हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किए जाते है. | 08.00 लाख | 16,000=00 /2,000=00 | 05/08/2026 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की बसाईड पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बालाघाट जिला-बालाघाट (म. प्र.)

### कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव मध्य प्रदेश शासन, राजस्व विभाग जिला - जबलपुर (म. प्र.)
**धारा-11 (1) की प्रारंभिक अधिसूचना का प्रकाशन**

क्र.155/भू-अर्जन /प्र.क.008/अ-82/2026-27/अधिसूचना जबलपुर,दिनांक 07/07/2026

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि को अनुसूची के खाने ( 7 ) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा ( 11 ) की उपधारा (1) के उपबंधो के द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त संबधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा ( 12 ) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है। अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा ( 6 ) के अंतर्गत कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग कमांक 2 जबलपुर द्वारा तिलवारा चरगवां मार्ग रिंग रोड तक कुल लंबाई-6.70 कि. मी. फोरलेन रिंग रोड तक पहुँच मार्ग लम्बाई 6.70 कि.मी. के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु भू-अर्जन हेतु ग्राम- डगडगौआ तहसील जबलपुर जिला जबलपुर के अंतर्गत की निजी भूमि का अधिग्रहण बावत् जहाँ तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा नही की जाती है, इस कार्य पर सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नही होंगें। अतः अधिनियम की धारा 11 (3) के अंतर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नहीं किया जा रहा है। भूमि के अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है-:

**(1) परियोजना का नाम :- तिलवारा चरगवां मार्ग रिंग रोड तक चौडीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य।**

**(2) भूमि का विवरण :- अनुसूची (निजी भूमि स्वामी)**

| भूमि का वर्णन | | | क्षेत्रफल अर्जित रकवा (है.) | | धारा 11 (1) के तहत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | प.ह.नं. ग्राम का नाम नम्बर बंदोवस्त | खसरा नंबर | रकवा | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| जबलपुर | जबलपुर | 101/56 | 43/1 | 0.0032 | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भवन /सड़क) संभाग क्रमांक-2 | तिलवारा-चरगवां मार्ग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण फोरलेन रिंग रोड तक पहुँच मार्ग लम्बाई 6.70 कि. मी. निर्माण हेतु |
| | | डगडगौआ | 45 | 0.0490 | | |
| | | 195 | 46 | 0.0189 | | |
| | | | 47/2 | 0.0400 | | |
| | | | 47/1/1/2 | 0.0069 | | |
| | | | 47/1/2/2 | 0.0155 | | |
| | | | 47/1/1/1 | 0.0038 | | |
| | | | 86 | 0.0151 | | |
| | | | 87 | 0.1696 | | |
| | | | 90/1 | 0.0273 | | |
| | | | 90/2 | 0.452 | | |
| | | | 140 | 0.0640 | | |
| | | | 138 | 0.0307 | | |
| | | | 131/1 | 0.0040 | | |
| | | | 135 | 0.2200 | | |
| | | | कुल रकवा | 0.7132 | | |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति प्रकाशन की जानकारी वेबसाइट www.jabalpur.nic.in एंव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेवसाइट www.revenue.mp.gov.in पर भी देखा जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) अनुविभागीय एवं भू-अर्जन अधिकारी, जबलपुर के कार्यालय में एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग क्रमांक- 2 जबलपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है। 3. अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात क्रय / विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा। 4. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 15 (1) के अधीन इस अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर जबलपुर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो तो फाईल / प्रस्तुत किये जा सकेगें। **मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

भू-अर्जन अधिकारी,
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
तहसील - जबलपुर जिला - जबलपुर

(राघवेन्द्र सिंह)
कलेक्टर जबलपुर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला- जबलपुर

G-15787/26

### कार्यालय नगरपालिका परिषद, गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)
(Near Water Tank, Gadarwara, E-Mail cmogadarwada@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 718/ई-टेण्डर / 2026-27 — गाडरवारा, दिनांक -17/07/26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | 2026_UAD_521849_1 18.07.2026 | राजीव वार्ड में कोटेक महिन्द्रा बैंक से मंडी की ओर दोनों तरफ नाला निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 06 माह 10750311.00 | 12500.00 54000.00 | 04.08.2026 |
| 02 | 2026_UAD_521850_1 18.07.2026 | कामथ वार्ड में हरिओम वर्मा के बाजू वाली नाली निर्माण, पांडे जी के घर से राजेश पाठक के घर तक नाली, सुरेश गुप्ता के घर से सोसायटी तक नाली निर्माण कार्य एवं सोसायटी के पीछे रोड निर्माण कार्य। | 03 माह 659430.00 | 2000.00 6600.00 | 04.08.2026 |
| 03 | 2026_UAD_521851_1 18.07.2026 | शिवाजी वार्ड में बस स्टैंड के पीछे पुलिया निर्माण कार्य। | 02 माह 382577.00 | 2000.00 3830.00 | 04.08.2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

श्री पं. शिवाकांत मिश्रा, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, गाडरवारा
श्री सुरेन्द्र गूजर, सभापति, लोक निर्माण शाखा, गाडरवारा
श्रीमती रितु मेहरा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गाडरवारा



हरिभूमि

जबलपुर
शनिवार, 18 जुलाई 2026

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

राज्य सरकार ने लागू की सख्त कॉस्ट कटिंग नीति

# मोहन सरकार ने विदेश यात्राओं, नए कॉन्ट्रैक्ट्स और वीआईपी कल्चर पर तत्काल लगाई 'रोक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में वीआईपी कल्चर और फिजूलखर्ची से जुड़े कई बड़े खर्चों पर रोक लगा दी गई है। अब बेहद अनिवार्य मामलों को छोड़कर राज्य सरकार या उसके उपक्रमों के खर्च पर होने वाली सभी विदेश यात्राओं पर आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। इसके साथ ही नए साल या अन्य उत्सवों पर छपने वाले महंगे सरकारी कैलेंडर, डायरी के मुद्रण और वीआईपी उपहारों व स्वागत समारोहों के खर्च को भी पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। अधिकारियों के हवाई सफर को लेकर भी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। सरकारी कार्यों के लिए इकोनॉमी क्लास के अलावा किसी भी अन्य श्रेणी में यात्रा करने पर लगा दी गई है। देश व राज्य में वित्तीय प्रबंधन और सरकारी खर्चों में पारदर्शिता को लेकर राज्य सरकार अब बेहद सख्त रुख अपना रही हैं। इसे लेकर राज्य शासन ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। यह नियम सभी सरकारी विभागों, निगमों, मंडलों, सार्वजनिक उपक्रमों और विश्वविद्यालयों पर अनिवार्य रूप से लागू होगा।

सभी निगमों, मंडलों और सरकारी उपक्रमों को निर्देश- वे अपने लाभांश (डिविडेंड) की अधिकतम संभव राशि सीधे राज्य शासन के खाते में जमा कराएं



### कार्यशाला, बैठकों व प्रशिक्षण पर रोक

प्रदेश में शासकीय बैठकों और कार्यालयों के रखरखाव में भी बड़े बदलाव किए गए हैं। अब होटलों या व्यावसायिक केंद्रों में होने वाली महंगी कार्यशालाओं, बैठकों और ट्रेनिंग प्रोग्राम्स पर रोक लगा दी गई है। इनके स्थान पर शासकीय भवनों के उपयोग या वर्चुअल माध्यम व वेबिनार को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कार्यालयों में होने वाले आंतरिक साज-सज्जा के गैर-जरूरी खर्चों को भी रोक दिया गया है।


### व्हीकल पूलिंग नीति होगी अनिवार्य

परिवहन व्यवस्था को लेकर सरकार ने 'व्हीकल पूलिंग' नीति को अनिवार्य किया है। इसके तहत यदि किसी अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है, तो उस पद के वाहन को किसी अन्य पात्र अधिकारी को स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि किराए के वाहनों का खर्च कम हो सके। विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अनुबंधित गाड़ियों की संख्या सीमित करें। दो या दो से अधिक अधिकारियों के बीच एक ही वाहन आवंटित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की नई परामर्श सेवाओं (कंसल्टेंसी सर्विसेस) के अनुबंध पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला

## अब सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम रिपोर्ट सौंपेगी एसआईटी

*एसआईटी को मिला 15 दिनों का अतिरिक्त समय 15 जुलाई को समाप्त*



एजेंसी ▶▶ अयोध्या/नई दिल्ली

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपेगी। जांच के कुछ अहम बिंदुओं पर विस्तृत पड़ताल अभी बाकी है, इसलिए एसआईटी ने अंतिम रिपोर्ट तैयार करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से और समय मांगा है। इससे पहले प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की खंडपीठ ने स्वतंत्र जांच की मांग वाली जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए।

### बद्रीनाथ मंदिर दान मामले में पूर्व अधिकारी भी गिरफ्तार

*देहरादून। बद्रीनाथ मंदिर दान घोटाले की जांच कर रही एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंदिर के ही एक पूर्व अधिकारी राजेंद्र चौहान को गिरफ्तार किया है। एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार घंटे की कड़ी पूछताछ के बाद यह गिरफ्तारी की।*

## खबर संक्षेप

### जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस में ट्रेन रोककर यात्रियों से लूट



**गुना।** बुधवार देर रात छबड़ा-गुगोर स्टेशन के आगे रूठियाई जंक्शन के आउटर पर बदमाशों ने जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस को रोक लिया। इसके बाद 24 से अधिक नकाबपोश बदमाश स्लीपर कोच एस 5 और एस 6 में घुस गए। बदमाशों ने यात्रियों को आतंकित कर मोबाइल, नगदी और गहने छीन लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने पथराव शुरू कर दिया, बदमाश एक महिला से 2 तोला सोने की चेन झपट ले गए।

### पाखंडी कथावाचक को अंतिम सांस तक जेल



**सागर।** जिले की खुरई अदालत ने 16 वर्षीय नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के गंभीर मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। पाखंडी कथावाचक गोविंद दास और उसके साथी ढोलक वादक राधे को जीवनकाल के अंतिम समय तक जेल में रहने की कठोर सजा सुनाई है। फरवरी 2025 में मालथौन क्षेत्र के एक गांव में धार्मिक कथा के दौरान आरोपियों ने किशोरी को अपने जाल में फंसाया था।

### टिकट न मिलने पर भी देना होगा मुआवजा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि ट्रेन हादसे में मृत यात्री के पास टिकट न मिलना, उसके परिवार को मुआवजा देने से इनकार करने का आधार नहीं हो सकता। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मप्र हाई कोर्ट और रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल के पुराने आदेशों को खारिज कर दिया। एक व्यक्ति की पत्नी लता को 8 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करीब से देखा स्लीमनाबाद टनल ड्रीम प्रोजेक्ट

*1450 गांवों की 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि होगी पूरी तरह सिंचित*

# जलसुरंग....विंध्य और महाकौशल क्षेत्र के लिए बनेगी बड़ी 'अमृतधारा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र का इंजीनियरिंग मार्वल यानी चमत्कार 'स्लीमनाबाद जल टनल करीब-करीब तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी जिले में टनल का निरीक्षण किया। यह टनल मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस टनल से जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, रीवा और पन्ना के करीब 1450 गांवों की 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी।

इस तरह पूरे विंध्य-महाकौशल क्षेत्र की खेती की तस्वीर और तकदीर ही बदल जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को स्लीमनाबाद टनल के करीब 99 फीसदी कार्य पूरा होने के बाद निरीक्षण किए, इसके बाद प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टनल का कॉन्ट्रैक्ट वर्ष 2008 में हुआ। उस वक्त इसकी शुरुआती लागत 799 करोड़ रुपए आंकी गई थी।

सीएम ने कहा कि यह विज्ञान का चत्मकार है कि मां नर्मदा इस ऐतिहासिक टनल के माध्यम से गंगा बेसिन में सोन नदी के आसपास के अंचल में भी हरियाली लाएगी

**जहां हर मिनट उफनता था 25 हजार लीटर पानी, वहां बनी टनल**



सीएम टनल का निरीक्षण करते हुए

- *100 साल तक जैसी बनी है वैसी रहेगी टनल, भूकंप का नहीं होगा असर*
- *अब तक इस पर 1610.47 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके*
- *सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया*

### जमीन न बेचें किसान, बघेलखंड-बुंदेलखंड क्षेत्र पंजाब हरियाणा को पीछे छोड़ेगा

डॉ. यादव ने कहा कि सोन कछार का 152 क्यूबिक डिस्चार्ज से सतना जिले में 1 लाख 4 हजार 970 हेक्टेयर, मैहर जिले में 54 हजार 227 हेक्टेयर, कटनी जिले में 21 हजार 823 हेक्टेयर, रीवा जिले में 3 हजार 532 हेक्टेयर और पन्ना जिले में 448 हेक्टेयर सहित कुल 1 लाख 85 हजार हेक्टेयर कमांड एरिया में सिंचाई की सुविधा मिलेगी।



यहां से खेतों तक जाएगा पानी

### विज्ञान का चमत्कार है यह टनल

मुख्यमंत्री ने कहा कि विंध्य क्षेत्र हर प्रकार के संसाधनों से परिपूर्ण है, लेकिन कुछ स्थानों पर पानी की कमी की चुनौती सामने आती है। यह टनल कटनी, रीवा और सतना सहित 5 जिलों के लिए अमृतधारा बनेगी। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी तो खंभात की खाड़ी में जाकर मिलती है, किंतु यह विज्ञान का चत्मकार है कि मां नर्मदा इस ऐतिहासिक टनल के माध्यम से गंगा बेसिन में सोन नदी के आसपास के अंचल में भी हरियाली लाएगी।

### केंद्र सरकार ने लगभग 275 करोड़ की राशि दी

स्लीमनाबाद टनल की लगभग 12 किमी लंबी यह परियोजना भविष्य में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में केस स्टडी सिद्ध होगी। भीषण से भीषण भूकंप ने पर भी टनल 100 साल तक सुरक्षित रहेगी। कई स्थानों पर टनल की गहराई जमीन से नीचे 120 फीट तक भी है। मुख्यमंत्री ने टनल परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

पहली बार ई-कैबिनेट

## बस से जगदीशपुर जाएंगे सीएम मंत्रिमंडल सदस्य और ब्यूरोक्रेट्स

कलेक्टर और एसपी ने कलेक्टोरेट से लिया बस का ट्रायल



निरीक्षण करते अफसर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के नजदीक जगदीशपुर में पहली बार ई-कैबिनेट रखी गई है, जिसके लिए पिछले एक हफ्ते से तैयारियां चल रही हैं। शुक्रवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा देहात एसपी के साथ कलेक्टोरेट से जगदीशपुर बस से पहुंचे, जहां उन्होंने रास्ते को बारीकी से देखा। दरअसल रविवार को जगदीशपुर में होने वाली कैबिनेट में सीएम, मंत्रिमंडल और ब्यूरोक्रेट्स के पहुंचने के प्लॉन में बदलाव किया गया है।

अभी कागज के नोट छापने का खर्च बहुत ज्यादा

## प्लास्टिक नोट लाने की तैयारी में सरकार पॉलीमर शीट की सप्लाई की मंगाई बोलियां

कागज पर नोट छपाई का खर्च वित्त वर्ष 2024-25 में 6,372 करोड़ रुपए था



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में जल्दी ही प्लास्टिक के नोट देखने को मिल सकते हैं। आरबीआई ने नोटों की छपाई के लिए ओपेसिफाइड पॉलिमर सब्सट्रेट शीटों के निर्माण तथा आपूर्ति के लिए कंपनियों से वैश्विक स्तर पर निविदाएं आमंत्रित की हैं।

### 60 देशों में चलते हैं प्लास्टिक नोट

अभी 60 से ज्यादा देश प्लास्टिक के नोट यूज होते हैं। सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया में इसकी शुरुआत हुई थी। इसके अलावा कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया और रोमानिया में भी पॉलीमर करेंसी चलती है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन जैसे देश पूरी तरह से पॉलीमर करेंसी अपना चुके हैं। वहीं, कई अन्य देशों ने इसे आंशिक रूप से अपनाया है।

धार भोजशाला विवादः शुक्रवार को नमाज नहीं पढ़ी गई

## प्रशासन की चिन्हित जमीन करीब 1 किमी दूर, मुस्लिम पक्ष ने नमाज से किया इनकार

मुस्लिम पक्ष चाहता है कि परिसर के आंगन में या परिसर से सटी हुई किसी जगह पर ही नमाज पढ़ने की व्यवस्था होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धार में भोजशाला मामले में कोर्ट के आदेश के बाद धार प्रशासन ने मुस्लिम पक्ष की नमाज के लिए जो जगह तय की थी, समुदाय के लोगों ने वहां नमाज पढ़ने से इनकार कर दिया है। दरअसल, प्रशासन ने परिसर से करीब एक किलोमीटर दूर 40 पीर के पास नमाज की जगह चिन्हित की थी। वहीं मुस्लिम पक्ष तय की हुई जमीन से संतुष्ट नहीं हुआ और उस जमीन पर नमाज पढ़ने से इनकार कर दिया। कोर्ट के आदेश के बाद अगली सुनवाई यानी 1 अगस्त तक शुक्रवार को नमाज के लिए जगह चिन्हित करने का सुप्रीम कोर्ट ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया था।



इस जगह का विकल्प दिया गया

### कोर्ट के तरीके को गलत तरीके से किया गया पेश

मुस्लिम पक्ष चाहता है कि परिसर के आंगन में या परिसर से सटी हुई किसी जगह पर ही नमाज पढ़ने की व्यवस्था होनी चाहिए, हम नमाज नहीं पढ़ेंगे, कोर्ट के आदेश का गलत तरीके से पेश किया गया है, हम कोर्ट में अपनी बात रखेंगे, हमारे साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है और हमारे नमाज के अधिकार को चुना गया है।

सतना में खौफनाक घटना...नरबलि या जानवर के हमले का शक

मासूम का सिर और हाथ एक जगह मिले, जबकि धड़ उससे दूर था और पेट का हिस्सा गायब था

## 24 घंटे से लापता 9 वर्षीय मासूम का क्षत-विक्षत शव जंगल में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

जिले के पिंडरा गांव में बुधवार शाम से लापता 9 वर्षीय नितिन यादव का शव गुरुवार शाम को गांव से 500 मीटर दूर पहाड़ी के पास जंगल में क्षत-विक्षत हालत में मिला।



मासूम का सिर और हाथ एक जगह मिले, जबकि धड़ उससे दूर था और पेट का हिस्सा गायब था। नितिन पांचवीं कक्षा का छात्र था और बुधवार शाम स्कूल से लौटने के बाद घर के बाहर हैंडपंप पर हाथ-मुंह धोने गया था, जिसके बाद से वह लापता था। परिजनों ने बच्चे के अपहरण के बाद हत्या की आशंका जताई है, जबकि शुरुआती जांच में पुलिस और वन विभाग जंगली जानवर के हमले की आशंका भी मान रहे हैं। घटना कथित नरबलि की तरफ भी इशारा कर रही है।


### शाजापुर में चौथी क्लास के छात्र की गला रेतकर हत्या

**शुजालपुर।** शाजापुर जिले के कालापीपल (नांदनी) में 10 वर्षीय प्रियांशु मेवाड़ा की धारदार हथियार से गला काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह बिजली कंपनी के पावर ग्रिड के पास एक खाली मैदान से उसका खून से सना शव बरामद हुआ। प्रियांशु शुक्रवार शाम 5 बजे से लापता था और आखिरी बार उसे इसी मैदान के पास देखा गया था।

20 से पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश की उम्मीद

## आखिरकार, उम्मीद की बूंदें गिरी सीधी और मंडला में 'झमाझम'

भोपाल व इंदौर में 4 डिग्री पारा बढ़ा



भोपाल में बादल छाए

:भोपाल। प्रदेश में लंबे ब्रेक के बाद शुक्रवार को मानसून मेहरबान रहा, जिससे प्रदेश के कई हिस्सों में जमकर बारिश हुई। सीधी जिले में सबसे अधिक 46 मिलीमीटर पानी गिरा। इसके अलावा मंडला में 17, बालाघाट के मलाजखंड में 16, सतना व सिवनी में 13 और दमोह में 12 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। छिंदवाड़ा, जबलपुर, सागर और शिवपुरी समेत कई अन्य जिलों में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई है।

**कहां कितनी बारिश?**

| शहर | मिलीमीटर |
|---|---|
| खजुराहो : | 6.0 |
| शिवपुरी : | 4.0 |
| उमरिया : | 4.0 |
| छिंदवाड़ा : | 2.0 |
| जबलपुर : | 2.0 |

डिजिटल मूल्यांकन से छात्रों को परेशानी की आशंका पर शीर्ष अदालत ने जताई चिंता

याचिका में मांगः उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए आवश्यक 75% अंकों की अनिवार्यता में प्रभावित छात्रों को अस्थायी छूट दी जाए

## सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, केंद्र सरकार से मांगी विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) यानी डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को लेकर उपजे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। छात्रों के भविष्य और मूल्यांकन में गड़बड़ी की आशंकाओं पर गंभीर चिंता जताते हुए शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से इस संबंध में एक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में कुछ ऐसी तकनीकी और प्रक्रियागत समस्याएं दिखाई दे रही हैं, जिनकी गहराई से जांच की आवश्यकता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था से छात्रों में भारी निराशा और असंतोष है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



### क्या है पूरा मामला और ओएसएम सिस्टम?

यह मामला राकेश बिंजोला द्वारा दायर एक जनहित याचिका से जुड़ा है। सीबीएसई की ओएसएम प्रणाली के तहत परीक्षक उत्तर पुस्तिकाओं की मूल (फिजिकल) कॉपी की जगह कंप्यूटर स्क्रीन पर उनकी स्कैन की गई डिजिटल कॉपियों को जांचते हैं। हालांकि, याचिका में आरोप लगाया गया है कि डिजिटल मूल्यांकन की तकनीकी खामियों और स्पष्ट नियमों के अभाव के कारण छात्रों के अंकों पर विपरीत असर पड़ रहा है। याचिका में इस पूरी व्यवस्था की निगरानी और सुधार के लिए एक हाई पावर कमेटी बनाने की मांग की गई है। याचिका में कोर्ट से प्रभावित छात्रों के शैक्षणिक हित की रक्षा के लिए मांग की गई हैं कि यदि तकनीकी गड़बड़ी साबित होती है, तो छात्रों का साल बर्बाद नहीं होना चाहिए।

केंद्र सरकार का पक्ष

### समीक्षा के लिए आयोग गठित

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को आश्वस्त किया कि कई व्यक्तिगत शिकायतों का समाधान पहले ही किया जा चुका है। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने इस डिजिटल प्रणाली की समीक्षा करने और कमियों को सुधारने के लिए एस. राधा चौहान की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग का गठन किया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को अब तक उठाए गए सुधारात्मक कदमों की पूरी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

# धार जिले के पीएम मित्र पार्क में 90 प्रतिशत भूखंड आवंटित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र के धार जिले में गारमेंट सेक्टर में देश का सबसे बड़ा पीएम मित्र पार्क है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर 2025 को इस देश के पहले पीएम मित्र पार्क की सौगात दी थी। गारमेंट सेक्टर के इस पार्क के भूमि-पूजन के साथ ही 90 प्रतिशत भू-खंडों का आवंटन पूरा कर लिया गया है।

यह एक रिकॉर्ड है और काम के प्रति राज्य सरकार की दक्षता प्रकट करती है। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार ने नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स 2026 में टेक्सटाइल, गारमेंट और फुटवियर इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की संभावनाओं और क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री नई दिल्ली स्थिति भारत मंडपम में भारत टैक्स-2026 के अवसर पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धार जिले में पीएम मित्र पार्क के आसपास भी निवेशक अब उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन की मांग कर रहे है। प्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूलता, कच्चे धागे के लिए माल की उपलब्धता, बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर मध्यप्रदेश निवेशकों को आकर्षित कर रहा है।

## मप्र में गारमेंट सेक्टर में देश का सबसे बड़ा पीएम मित्र पार्क

**1** पीएम मित्र पार्क के पास भी निवेशक भूमि की मांग कर रहे

**2** प्रदेश में 37 से अधिक इंडस्ट्रियल पार्क संचालित

## नई दिल्ली के भारत मंडपम में मुख्यमंत्री ने की मीडिया से चर्चा



भारत मंडपम में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### छोटे शहरों में औद्योगिक विकास की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गईं, जिससे छोटे शहरों में भी औद्योगिक विकास हुआ है। नर्मदापुरम में 11 हजार 500 करोड़ से निवेश से नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो रहा है। रीवा में आईटी पार्क शुरू हो रहा है। ग्वालियर, जबलपुर, सिंगरौली, सतना, कटनी और सागर में इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। शिवपुरी को डिफेंस पार्क और गुना को बड़े सीमेंट प्लांट की सौगात मिली है। वर्तमान में प्रदेश में 37 से अधिक इंडस्ट्रियल पार्क संचालित हैं। मध्यप्रदेश टेक्सटाइल और गारमेंट के साथ उद्योग के अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रहा है। राज्य में पर्याप्त मात्रा में कपास और रेशम उत्पादन हो रहा है।

## कई देशों में विशेष पहचान बना रही टेक्सटाइल इंडस्ट्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जहां टेक्ससाइल एंड अपेरल सेक्टर की वैल्यू चेन उपलब्ध है। कपास से धागा तैयार करने, गारमेंट निर्माण और मशीनरी की उपलब्धता मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाती है। जैविक कपास के उत्पादन में भी मध्यप्रदेश नंबर वन है। राज्य में केवल कपास का उत्पादन ही नहीं, बल्कि फॉर्म टू फैशन तक इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। मध्यप्रदेश से 11 हजार 750 करोड़ का टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में निर्यात हुआ है। हमारी टेक्सटाइल इंडस्ट्री अमेरिका, बांग्लादेश, जापान, जर्मनी, विएतनाम, इटली, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों में विशेष पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई यूनिट्स की संख्या भी 43 हजार से अधिक हो चुकी है। इस क्षेत्र में 2400 करोड़ रुपए के निवेश के फलस्वरूप 3 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। धार के पीएम मित्र पार्क से 20 हजार करोड़ से अधिक निवेश का आना और 30 बड़ी कंपनियों का आगमन महत्वपूर्ण है।

### मुख्यमंत्री ने कहा- मप्र निवेश का रिकॉर्ड तोड़ेगा

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योगों को आर्थिक सब्सिडी, बिजली आपूर्ति, भूमि आवंटन, स्टांप ड्यूटी में छूट से निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। राज्य में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन, कौशल विकास प्रशिक्षण और इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम हो रहा है। मध्यप्रदेश देश के मध्य में होने और अपनी विशेषताओं के कारण दुनिया भर के निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में मध्यप्रदेश को प्राप्त निवेश प्रस्ताव में से लगभग 10 लाख करोड़ का निवेश धरातल पर आ चुका है। वर्ष 2027 में फिर जीआईएस का आयोजन होगा, उम्मीद है कि इसमें निवेश का रिकॉर्ड टूटेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि उद्यमियों को साढ़े पांच हजार करोड़ की सब्सिडी राशि डीबीटी के माध्य से दी जा चुकी है।

### किसान, बिजली उत्पादन में बने सहयोगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने गैर-जरूरी खर्चों को कम करते हुए वैश्विक चुनौतियों के बीच भी अपने वार्षिक बजट में बढ़ोतरी की है। पहले सरकार किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की सब्सिडी देती थी, इसके स्थान पर सोलर एनर्जी को प्रोत्साहन प्रदान करते हुए किसानों को सोलर पंप दिए जा रहे हैं। किसान अपनी जरूरत की बिजली का स्वयं उत्पादन कर रहे हैं। जरूरत से अधिक बिजली को राज्य सरकार खरीद भी रही है। नदी जोड़ो परियोजनाओं के माध्यम से जल बंटवारे को नई दिशा दी गई है। मध्यप्रदेश सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ परस्पर संबंधों को बेहतर करते हुए पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। इससे प्रदेश को लाभ मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### पदोन्नति से पद रिक्त पर स्थाई कर्मी हों नियमित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रदेश के शासकीय अर्द्ध शासकीय विभागों में पदोन्नति से रिक्त हुए तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर प्रदेश में कार्यरत स्थाई कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति देने की मांग की है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वर्ष 2016 में नियुक्त हुए स्थाई कर्मियों को 10 वर्ष से अधिक का समय हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार के फैसले में स्पष्ट आदेश है कि 10 वर्ष की सेवा के बाद कर्मचारियों को नियमित किया जाएं।

### अपना दल (एस) की प्रदेश स्तरीय बैठक 19 को

**भोपाल।** अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आर.बी. सिंह पटेल का 12 जुलाई से शुरू हुआ प्रदेशव्यापी संगठनात्मक दौरा लगातार गति पकड़ रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में संगठन विस्तार के लक्ष्य के साथ जबलपुर संभाग से शुरू हुआ यह अभियान प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यकर्ता बैठकों और सदस्यता अभियान के माध्यम से आगे बढ़ रहा है। अभियान का समापन 19 जुलाई को भोपाल में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक के साथ होगा, जिसे संगठन की रणनीति और विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### डीपीसी से संबंधित नोटशीट पिछले कई दिनों से प्रमुख सचिव के स्तर पर लंबित

# आबकारी विभाग में पदोन्नति अटकी.... सीएस एवं मंत्री ने जताई नाराजगी, जांच के घेरे में चार अफसर

### 70 से अधिक अधिकारियों की पदोन्नति अटक गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र सरकार के निर्देश पर विभिन्न विभागों में पदोन्नति (डीपीसी) की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है, लेकिन आबकारी विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों की पदोन्नति सूची अब तक जारी नहीं हो सकी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, डीपीसी से संबंधित नोटशीट पिछले कई दिनों से प्रमुख सचिव के स्तर पर लंबित है, जिसके कारण 70 से अधिक अधिकारियों की पदोन्नति अटक गई है। सूत्रों के मुताबिक, मामले की जानकारी मिलने के बाद मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रमुख सचिव अमित राठौर को प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, ग्वालियर मुख्यालय में स्थापना शाखा की कार्यप्रणाली को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने भी नाराजगी जताई है। इसके बावजूद डीपीसी और पदोन्नति सूची जारी नहीं हो सकी है।

उप मुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने भी जताई नाराजगी

विभागीय जानकारी के अनुसार, जांच और विभागीय कार्रवाई के दायरे में आने वाले चार अधिकारियों की पदोन्नति पर सबसे अधिक संशय बना हुआ है। इनमें संजीव दुबे, वर्तमान में जबलपुर में सहायक आबकारी आयुक्त, इंदौर के 68 करोड़ रुपये के कथित घोटाले की जांच के दायरे में हैं। वीरेन्द्र धाकड़, भोपाल में सहायक आबकारी आयुक्त, शिवपुरी में पदस्थापना के दौरान दंडित किए जा चुके हैं। प्रमोद झा, ग्वालियर मुख्यालय में स्थापना प्रभारी, उज्जैन में तीन करोड़ रुपए की बैंक गारंटी की वसूली नहीं होने के मामले में लोकायुक्त जांच का सामना कर रहे हैं। वहीं राजनारायण सोनी इंदौर में चार करोड़ रुपए की कथित फर्जी बैंक गारंटी प्रकरण में जांच के घेरे में हैं। सूत्रों का कहना है कि जिन अधिकारियों की पदोन्नति प्रस्तावित है, वे सूची जारी कराने के प्रयास कर रहे हैं, जबकि जांच का सामना कर रहे अधिकारियों को लेकर विभाग के भीतर मतभेद की स्थिति बनी हुई है। आबकारी विभाग में सहायक जिला आबकारी अधिकारी से जिला आबकारी अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी से सहायक आबकारी आयुक्त तथा सहायक आबकारी आयुक्त से उप आबकारी आयुक्त के पदों पर पदोन्नति की जानी है। विभागीय स्तर पर अब सभी की निगाहें डीपीसी और पदोन्नति सूची जारी होने पर टिकी हैं। हालांकि, इस संबंध में प्रमुख सचिव अमित राठौर और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आ सका है।

### स्वास्थ्य विभाग में तृतीय एवं नर्सिंग संवर्ग की प्रमोशन प्रक्रिया सवालों में

स्वास्थ्य विभाग में तृतीय श्रेणी के लिपिक एवं नर्सिंग संवर्ग की प्रमोशन प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। इस प्रक्रिया के लिए जो समय सीमा निर्धारित की जाती है। उसका कोई ध्यान नहीं रखा गया है। आनन-फानन में चहेतों को उपकृत करने पत्र जारी किया और प्रमोशन की शुरुआत कर दी गई। जबकि इस प्रकिया में कम से कम 15 दिवस का समय का निर्धारण जरूरी है। क्योंकि 80 फीसदी सीधी भर्ती के पद हैं। जबकि 20 पद विभागीय पदोन्नति से भरे जाने हैं।

इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। पता किया जाएगा। रिटायर स्वास्थ्य सेवक एवं वरिष्ठ कर्मचारी नेता टीएस मिश्रा का कहना है कि इस प्रक्रिया में 4 जुलाई को मध्य प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं से पत्र भेजा जाता है कि सहायक प्रबंधक के लिए डीपीसी होनी है। 7 जुलाई तक निर्धारित में जानकारी भेजें जबकि 4 जुलाई को 4 बजे पत्र अपलोड किया जाता है।

शनिवार 5 जुलाई को जबकि रविवार 6 जुलाई को था एवं सात को जानकारी मंगाई जा रही है। इसमें विस्तृत जानकारी है कि दूर दराज के जिलों में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी 7 जुलाई तक संचनालय में किसी भी स्थिति में नहीं पहुंच सकती थी। जबकि गोपनीय प्रतिवेदन संभागीय कार्यालय में रहता है। प्रपत्र के अनुसार सभी जानकारी तैयार करने में कम से कम दो दिन लगेंगे।

मिश्रा के अनुसार इसके पीछे मंशा साफ है कि संचनालय स्वास्थ्य सेवाओं में लिपिक श्रेणी में दो कर्मचारी हैं। उन्हें सेलेक्ट करना है। इसलिए कम समय दिया गया है। पुरानी पेंशन बहाली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद तिवारी कहते हैं कि यह गंभीर मामला है। मुख्यमंत्री स्वयं प्रत्येक विभाग में पदोन्नतियों की पारदर्शी समीक्षा कर रहे हैं। उनके समक्ष इस मामले की शिकायत की जाएगी।

### मानसून सत्र से पहले पदोन्नतियां पूरी करने पर सरकार का जोर

मध्य प्रदेश सरकार ने 20 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र से पहले सभी विभागों में लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय ने भी पूरी प्रक्रिया की निगरानी शुरू कर दी है और सामान्य प्रशासन विभाग से 1 जुलाई से 15 जुलाई के बीच विभिन्न विभागों में जारी किए गए पदोन्नति आदेशों और विभागीय पदोन्नति समितियों की प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। सरकार ने निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द पदोन्नति आदेश जारी किए जाएं। शासन का प्रयास है कि मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 को लेकर हाईकोर्ट में किसी संभावित निर्णय से पहले अधिकतम पदोन्नतियां पूरी कर ली जाएं।

### सीएम ने की बड़वानी के अभिनव स्वास्थ्य अभियान की सराहना

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वानी जिले के पाटी विकासखंड के बोकराटा सेक्टर में संचालित 'मिशन ग्रीन कमांडो' अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम छोर पर बसे प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्गम एवं वनांचल क्षेत्रों में कार्यरत स्वास्थ्य अमले का समर्पण, प्रशासन की बेहतर कार्ययोजना और जनसहभागिता इस संकल्प को साकार कर रही है। उन्होंने अभियान में शामिल सभी स्वास्थ्य कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, वालंटियर्स एवं जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अभियान सिद्ध करता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और समन्वित प्रयासों से सबसे कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सकती हैं। बड़वानी जिले के पाटी विकासखंड का बोकराटा सेक्टर प्रदेश के सबसे दुर्गम आदिवासी क्षेत्रों में से एक है। यहां अनेक फालिया एवं बस्तियां पहाड़ियों की ऊंचाइयों पर स्थित हैं, ऐसे कठिन भौगोलिक क्षेत्र में गुरुवार को संचालित 'मिशन ग्रीन कमांडो' ने यह साबित किया कि जब लक्ष्य सेवा का हो तो पहाड़ भी रास्ता बन जाते हैं। स्वास्थ्य टीमों ने कई किमी पैदल चलकर घर-घर दस्तक दी और यह भरोसा मजबूत किया कि शासन की स्वास्थ्य सेवाएं हर जरूरतमंद तक पहुंचेंगी। उन्हें योजनाओं का लाभ मिलेगा।

### सुरक्षा व्यवस्था और क्षेत्रीय परिस्थितियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की

# सुकमा के नए एसपी बने मयंक गुर्जर, बोले- ग्रामीणों का जीतेगें भरोसा, सुरक्षा के साथ विकास पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

सुकमा जिले के नए पुलिस अधीक्षक आईपीएस मयंक गुर्जर ने विधिवत पदभार ग्रहण कर अपनी जिम्मेदारी संभाल ली। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर जिले की कानून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और क्षेत्रीय परिस्थितियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान आगामी दिनों में चलाए जाने वाले अभियानों और पुलिस विभाग की प्राथमिकताओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई उल्लेखनीय जिम्मेदारियां निभाईं। डोंगरगांव थाना प्रभारी रहते हुए उन्होंने



जनसहयोग से करीब 50 लाख रुपए की लागत वाले कैमरा प्रोजेक्ट की शुरुआत कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की पहल की। वहीं बीजापुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल) के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने दर्जनों सुरक्षा कैंप स्थापित कराने में भूमिका निभाई। इसके अलावा कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर संचालित बड़े नक्सल विरोधी अभियान में भी उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

### शांति और विकास को साथ लेकर बढ़ेगा जिला

पत्रकारों से बातचीत में पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने कहा कि सुरक्षा बलों और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से सुकमा में शांति और विकास का वातावरण लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के दूरस्थ और संवेदनशील इलाकों में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। इससे स्थानीय ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### सामुदायिक पुलिसिंग और जनविश्वास बढ़ाने पर रहेगा जोर

मयंक गुर्जर ने कहा कि जिला पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना भी है। इसके लिए सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा दिया जाएगा, युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा और साइबर अपराधों के प्रति लोगों को लगातार जागरूक किया जाएगा।

### बिलासपुर के युवक से ठगे 65 हजार रुपए

**रायपुर।** राजधानी के पंडरी थाना क्षेत्र में इंटरनेट मीडिया के जरिए हनी ट्रैप जैसी साइबर ठगी की गई है। स्नैपचैट पर युवती बनकर बातचीत करने वाले युवक ने प्रेम संबंध का झांसा देकर 23 वर्षीय युवक से करीब 65 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। जब पीड़ित युवती से मिलने उसके गांव पहुंचा, तब पता चला कि उसकी आईडी का इस्तेमाल कोई और कर रहा था। इसके बाद उसने पंडरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक, घनश्याम साहू मूल रूप से बिलासपुर जिले के केवटाडीह (भुतहा) का रहने वाला है और वर्तमान में रायपुर की दुबे कॉलोनी स्थित सर्वोदय अस्पताल के हास्टल में रहकर रिसेप्शन का काम करता है। शिकायत में उसने बताया कि 24 दिसंबर 2025 को स्नैपचैट पर 'थनवी साहू' नाम की आईडी से उसकी पहचान हुई।

### रायपुर में 10 मिनट के भीतर दो लूट

# हथियार दिखाकर मोबाइल व नकदी लूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर ग्रामीण के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में महज 10 मिनट के भीतर दो लूट की वारदातें हुई हैं। बदमाशों ने दोनों घटनाओं में एक जैसा तरीका अपनाया।

पहले राहगीरों को सुनसान रास्ते पर रोका, मोबाइल से बात करने का बहाना बनाया और फिर धारदार हथियार दिखाकर मोबाइल व नकदी लूटकर फरार हो गए। दोनों घटनाओं में तीन-तीन युवक एक ही बाइक पर सवार थे और दो आरोपियों ने चेहरे स्कार्फ से ढंक रखे थे। वारदात का तरीका एक जैसा होने के कारण पुलिस को एक ही गिरोह के सक्रिय होने की आशंका है। पहली घटना 15 जुलाई की शाम 6:19 बजे मंदिर हसौद से नवा रायपुर जाने वाले नहर किनारे मार्ग पर हुई। बीएससी तक पढ़े मिथलेश कुमार, जो नवा रायपुर सेक्टर-17 के शासकीय आवास में रहते हैं, निजी काम से मंदिर हसौद आए थे। लौटते समय उन्होंने लघुशंका के लिए स्कूटी रोकी। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार तीन युवक पहुंचे। दो के चेहरे स्कार्फ से ढंके थे। एक बदमाश ने चाकू दिखाकर धमकाया और गाली-गलौज करते हुए कहा कि जो कुछ भी पास में है, निकाल दो। विरोध करने पर बदमाशों ने मोबाइल और जेब में रखे 1,700 रुपए नकद छीन लिए। मोबाइल की कीमत 28,999 रुपए थी। इस तरह कुल 30,699 रुपए की लूट कर आरोपी मंदिर हसौद की ओर भाग निकले।

### दूसरी वारदातः मोबाइल मांगने का बहाना

पहली घटना के करीब 10 मिनट बाद शाम 6:30 बजे ग्राम सेरीखेड़ी विष्णु नगर स्थित मुर्गी फार्म हाउस के पास दूसरी वारदात हुई। राजस्थान निवासी अमरजीत सिंह, जो रायपुर में टाइल्स लगाने का काम करते हैं, अपने साथी रमन लाल के साथ पैदल मुख्य सड़क की ओर जा रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार तीन युवक पहुंचे और मोबाइल मांगते हुए कहा कि उन्हें एक जरूरी कॉल करनी है। अमरजीत ने बैलेंस नहीं होने की बात कही तो दो बदमाश बाइक से उतर गए। उन्होंने कालर पकड़ लिया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।

# 3,553 सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने 274 सांदीपनि स्कूलों का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को गुरु के प्रति सम्मान, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था और विद्यालयों में सकारात्मक एवं संस्कारमय शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से लोक शिक्षण संचालनालय, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में आयोजित किए जा रहे गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के दूसरे दिन गुरुवार को प्रदेश के 3,553 शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने 274 सांदीपनि विद्यालयों का विशेष शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालयों की आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन किया। शिक्षकों के साथ संवाद कर नवीन शिक्षण पद्धतियों, नवाचारों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को ओरिएंटेशन प्रदान किया गया।

### डीजीपी कैलाश मकवाणा का एक वर्ष का सेवा विस्तार 1 दिसंबर को हो रहा समाप्त

# दिसंबर में मिल सकते हैं नए डीजीपी! उपेंद्र जैन, वरुण कपूर और पंकज श्रीवास्तव प्रमुख दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद पर इस वर्ष दिसंबर में बदलाव की संभावना है। वर्तमान डीजीपी कैलाश मकवाना का एक वर्ष का सेवा विस्तार 1 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। यदि राज्य सरकार उन्हें दोबारा सेवा विस्तार नहीं देती है, तो नए डीजीपी की नियुक्ति तय मानी जा रही है।

इसे लेकर पुलिस मुख्यालय और शासन स्तर पर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नामों पर मंथन शुरू हो गया है। वरिष्ठता और न्यूनतम कार्यकाल के आधार पर डीजी आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) उपेन्द्र जैन सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। उनके




अलावा डीजी जेल वरुण कपूर और स्पेशल डीजी सीआईडी पंकज श्रीवास्तव भी डीजीपी की दौड़ में प्रमुख नाम हैं। मकवाणा का मूल कार्यकाल 1 दिसंबर 2025 को पूरा हो गया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के आधार पर राज्य सरकार ने उन्हें एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया था। हालांकि इस बार दोबारा विस्तार मिलने की संभावना कम मानी जा रही है।

अगस्त में होंगे अजय शर्मा आशुतोष रॉय सेवानिवृत्त

### वर्ष 2027 में प्रदेश के 13 आईपीएस अधिकारी सेवानिवृत्त होंगे, इनमें सात प्रमोटी और छह डायरेक्ट आईपीएस अधिकारी शामिल हैं

#### आईपीएस अफसरों का सेवानिवृत्ति का संभावित कार्यक्रम

- **जनवरीः** राकेश सगर
- **मार्चः** मुकेश श्रीवास्तव
- **मईः** वरुण कपूर
- **जूनः** ओमप्रकाश त्रिपाठी, विनोद कुमार सिंह, संतोष सिंह गौर
- **जुलाईः** जी. अखेतो सेमा, राजाबाबू सिंह
- **अगस्तः** उपेन्द्र जैन
- **अक्टूबरः** उमेश जोगा, मनोज कुमार सिंह, रसना ठाकुर
- **दिसंबरः** पंकज श्रीवास्तव

#### इस वर्ष भी 16 आईपीएस हो रहे हैं रिटायर

प्रदेश में वर्ष 2026 के दौरान 16 आईपीएस अधिकारियों का सेवानिवृत्त होना निर्धारित है। इनमें से जगदीश डाबर, अंशुमान सिंह, हिमानी खन्ना, सविता सोहाने, जितेंद्र सिंह पंवार, महेशचंद्र जैन, संजीव शमी, आलोक रंजन और संजय तिवारी पहले ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसी माह अरविंद सक्सेना और शशिकांत शुक्ला सेवानिवृत्त होंगे। अगस्त में अजय शर्मा, आशुतोष रॉय, ए. साई मनोहर और मिथिलेश शुक्ला रिटायर होंगे, जबकि अक्टूबर में सोनाली मिश्रा, जो आरपीएफ में महानिदेशक हैं, सेवानिवृत्त होंगी।

नागा घाटी में लगातार हो रहे भूस्खलन और यात्रियों की सुरक्षा के गंभीर मुद्दे पर हाईकोर्ट का कड़ा रुख

# जवाब नहीं दिया तो एमपी सड़क विकास प्राधिकरण पर पांच हजार का जुर्माना

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर-मंडला-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-30) स्थित नागा घाटी में लगातार हो रहे भूस्खलन और यात्रियों की सुरक्षा के गंभीर मुद्दे पर शुक्रवार को कड़ा रुख अपनाया। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने जनहित याचिका में जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरडीसी) पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जुर्माने की राशि के साथ अपना स्पष्टीकरण भी अगली सुनवाई में प्रस्तुत किया जाए। जनहित याचिका जबलपुर निवासी डा. पीजी नाजपांडे व रजत भार्गव की ओर से दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। याचिका में कहा गया है कि बरेला के आगे करीब 2.6 किलोमीटर लंबी नागा घाटी में बरसात के दौरान लगातार भूस्खलन होता है। पहाड़ियों से भारी चट्टानें और पत्थर सीधे हाईवे पर गिरते हैं, जिससे हर समय बड़े सड़क हादसे की आशंका बनी रहती है।



अधिवक्ता संघ चुनाव

## अनन्तिम मतदाता सूची हाईकोर्ट में चुनौती

एक बार एक वोट के उल्लंघन का आरोप

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के आगामी चुनाव (2026-2028) के लिए प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।अधिवक्ता आलोक कुमार गुप्ता ने याचिका दायर कर इस सूची को निर्वाचन उपविधियों के खिलाफ बताते हुए रद्द करने की मांग की है।

याचिका के अनुसार, संघ का कार्यकाल 23 मई 2026 को समाप्त होने के बाद नियमों का उल्लंघन कर 10 जुलाई को देरी से सूची जारी की गई। आरोप है कि बार काउंसिल के 2015 के नियमों के तहत अनिवार्य सत्यापन न होने से सूची में मृतक व गैर-प्रैक्टिसरत वकीलों के नाम शामिल हैं और सदस्यता शुल्क नकद लिया गया।याचिका का मुख्य आधार सुप्रीम कोर्ट के एक बार एक वोट सिद्धांत का उल्लंघन है, क्योंकि अन्य संघों के पंजीकृत मतदाताओं को भी इसमें शामिल रखा गया है। याचिका में त्रुटिहीन नई सूची बनाने और अंतिम निर्णय तक चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की गई है।



एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव

## मतगणना अंतिम चरण में भदौरिया व सैनी सहित पांच प्रत्याशी आगे

47,860 वोटों की गिनती पूरी, सोमवार से सागर की शेष तहसीलों की मतपेटियां खुलेंगी

**जबलपुर** । एमपी स्टेट बार काउंसिल निर्वाचन-2026 की मतगणना अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है। शनिवार को रीवा जिले तथा सागर जिले की केसली और खुरई तहसीलों की मतपेटियों की गिनती शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से पूरी हुई। अब तक 62 हजार में से 47,860 मतों की गणना हो चुकी है, जिनमें 46,193 मतपत्र वैध और 1,667 मतपत्र निरस्त पाए गए हैं। वर्तमान चरण की मतगणना में राकेश सिंह भदौरिया, विवेक सिंह, आरके सिंह सैनी, हितोषी जय हार्डिया और अखिलेश कुमार सक्सेना बढ़त बनाए हुए हैं। महिला प्रत्याशियों में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। प्रतीका पाठक, प्रवीण तिवारी, अन्नू पटेल, रश्मि ऋतु जैन और प्रतिभा वालिया बढ़त पर हैं। स्टेट बार ने महिला अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी को इस चुनाव की बड़ी उपलब्धि बताया है। मतगणना 16 जून से लगातार जारी है। पूरी प्रक्रिया का प्रतिदिन परिषद के यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण किया जा रहा है, जबकि अद्यतन जानकारी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जा रही है। सोमवार से सागर जिले की शेष तहसीलों की मतपेटियों की मतगणना शुरू होगी।

मंदिर समितियों ने शुरू की मॉनिटरिंग, दैनिक रिकार्ड तैयार

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद आस्था को मजबूत करने की पहल

**जबलपुर।** श्रद्धालुओं के दान में पारदर्शिता और मंदिर प्रबंधन में जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में शहर के प्रमुख मंदिरों ने बड़ा कदम उठाया है। अब दान पेटियों में आने वाली राशि का प्रतिदिन हिसाब रखा जा रहा है, चढ़ावे की प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है और डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं। मंदिर समितियों का मानना है कि



इन व्यवस्थाओं से न केवल दान की सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि श्रद्धालुओं का विश्वास भी और अधिक सुदृढ़ होगा। देश के कई बड़े मंदिरों में चढ़ावे के प्रबंधन को लेकर सामने आए मामलों के बाद जबलपुर के मंदिरों ने अपनी व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की पहल शुरू की है। इसके तहत सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ-साथ दान की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित और रिकॉर्ड आधारित बनाया जा रहा है।

### प्रमुख मंदिरों में शुरू हुई नई व्यवस्था

शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों—मां बगलामुखी मंदिर, श्री मां बड़ी खेरमाई मंदिर, पाटबाबा मंदिर, मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर, गुप्तेश्वर मंदिर, चौसठ योगिनी मंदिर, बाजनामठ भैरव मंदिर, सदर स्थित मां काली मंदिर, पचमठा मंदिर, कचनार सिटी शिव मंदिर, रानीताल हनुमान मंदिर, शारदा मंदिर बरेला, ग्वारीघाट रामलला मंदिर, ग्वारीघाट शनि मंदिर और श्रीगणेश मंदिर सहित अन्य मंदिरों में चढ़ावे का दैनिक रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। समितियों के पदाधिकारी नियमित रूप से दान पात्र खोलने, राशि की गणना करने और उसका रिकॉर्ड संधारित करने लगे हैं।

### हाईटेक निगरानी से बढ़ी सुरक्षा

मंदिर परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था को भी पहले की तुलना में अधिक मजबूत किया गया है। श्री मां बड़ी खेरमाई मंदिर सहित कई प्रमुख मंदिरों में दान पेटियों के आसपास उच्च क्षमता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी लगातार की जा रही है। इसके अलावा दान पेटियों तक अनधिकृत व्यक्तियों की पहुंच पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। मंदिर समितियां दान पेटियों की चाबियों, रिकॉर्ड-कीपिंग और पूरी प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान दे रही हैं, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना न्यूनतम रहे।

### डिजिटल दान को दिया जा रहा बढ़ावा

मंदिर समितियां श्रद्धालुओं को डिजिटल माध्यम से दान करने के लिए भी प्रेरित कर रही हैं। अधिकांश मंदिरों में बैंक खातों से जुड़े क्यूआर कोड और स्कैनर लगाए गए हैं, जिससे दान की राशि सीधे बैंक खाते में जमा हो सके। इससे प्रत्येक लेन-देन का रिकॉर्ड स्वतः सुरक्षित रहेगा और वित्तीय पारदर्शिता भी बढ़ेगी। समितियों का मानना है कि डिजिटल भुगतान से नकदी प्रबंधन आसान होगा और दान की पूरी प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय बनेगी।

### अब वस्त्रों का भी रखा जा रहा रिकॉर्ड

नई व्यवस्था के तहत केवल नकद दान ही नहीं, बल्कि देवी-देवताओं को चढ़ाए जाने वाले वस्त्रों का भी विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। रजिस्टर में वस्त्रों के रंग और प्रकार तक का उल्लेख किया जा रहा है। मंदिर प्रबंधन इसे संपत्ति के व्यवस्थित संरक्षण और पारदर्शी प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मान रहा है।

### कुछ सामग्री फिलहाल रिकॉर्ड से बाहर

मंदिर समितियों के अनुसार कुछ बड़े मंदिरों में अब लगभग सभी प्रकार के चढ़ावे का रिकॉर्ड रखने की व्यवस्था बनाई जा रही है। हालांकि फिलहाल अन्नदान, फल, मिठाई और अन्य शीघ्र उपयोग होने वाली खाद्य सामग्री को नियमित रिकॉर्डिंग की प्रक्रिया से अलग रखा गया है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर सुनवाई, नगरीय निकाय और गृह विभाग को दिए आदेश

# आवारा कुत्तों पर हाई कोर्ट सख्त

## टीकाकरण-नसबंदी की प्रगति रिपोर्ट तलब

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या और डाग बाइट की घटनाओं पर सख्त रुख अपनाते हुए नगरीय निकाय एवं गृह विभाग को आवारा कुत्तों के टीकाकरण और नसबंदी अभियान की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश देते हुए मामले की अगली सुनवाई छह अगस्त को तय की है। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों के अनुपालन में हो रही है, जिनमें डाग बाइट और रेबीज के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आवारा कुत्तों के टीकाकरण अथवा नसबंदी के व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। हाई कोर्ट द्वारा भोपाल में बच्ची की मौत पर संज्ञान लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक खेल परिसर, रेलवे स्टेशन सहित ऐसे संवेदनशील स्थानों की पहचान कर स्थानीय निकाय नियमित निरीक्षण करें, ताकि वहां आवारा कुत्तों का जमावड़ा न हो। साथ ही, रेबीज से संक्रमित अथवा संदिग्ध कुत्तों को शेल्टर होम में रखने के निर्देश भी दिए गए थे।



हाईकोर्ट ने याचिका निरस्त की

## काम संतोषजनक नहीं मिला, प्रतिनियुक्ति समाप्त करने का आदेश बरकरार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने ब्लाक एकेडमिक कोआर्डिनेटर की प्रतिनियुक्ति समाप्त करने के कलेक्टर के आदेश को वैध ठहराते हुए याचिका खारिज कर दी। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने कहा कि प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारी को संबंधित पद पर बने रहने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी मिडिल स्कूल के हेड मास्टर ओमप्रकाश सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश चंद्र घिल्डियाल ने पक्ष रखा। राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश तिवारी उपस्थित हुए। याचिका में 28 अप्रैल, 2026 के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत याचिकाकर्ता की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें मूल विभाग भेज दिया गया था। याचिकाकर्ता का तर्क था कि कलेक्टर ने 16 अप्रैल, 2026 की बैठक का गलत आधार लेकर आदेश पारित किया, जबकि उस बैठक में कार्य प्रगति पर चर्चा ही नहीं हुई थी।

म.प्र. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विशाल धगट को सम्मान पत्र व पौधे भेंट कर किया स्वागत

# दिवंगत अधिवक्ताओं की स्मृति में एक पौधा राष्ट्र के नाम के तहत 501 पौधों का किया वितरण

हरिभूमि जबलपुर।

म.प्र.उच्च न्यायालय, हनुमान मंदिर में दिवंगत अधिवक्ताओं की स्मृति में राष्ट्र के नाम एक पौधा के तहत 501 पौधों वितरण दोपहर 1.30 बजे से अधिवक्ताओं को म.प्र. उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश विशाल धगट के करकमलों, सानिध्य में, वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्श में रानी दुर्गावती विश्वद्यालय छात्र परिषद् के संयोजक एवं म. प्र. उच्च न्यायालय के अधिवक्ता धीरज सिंह ठाकुर ने किया। म.प्र. उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश विशाल धगट को सम्मान पत्र व पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर म.प्र. उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अधिवक्तागण-प्रशांत अवस्थी, आशीष त्रिवेदी, अमित जैन, असीम त्रिवेदी, सत्येन्द्र ज्योतिषी, अखिलेश सिंह, एस. के. मिश्रा, दीपक रघुवंशी, लोकेश ठाकुर, दिनेश भोजवानी, सवीन्द्र सिंह राजपूत, नितिन करन, अमन शर्मा, शक्ति त्रिपाठी, आलोक तापिकर, नरेश मध्यानी, एस. एस. ठाकुर एवं दीपक सिंह, शिवराज सिंह, अनुराग उपाध्याय, मुन्नू पटेल, सहित म.प्र. समस्त अधिवक्तागण उपस्थित थे।



सवा करोड़ से अधिक का सोना बरामद

## खितौला बैंक डकैती का पांचवां आरोपी भी गिरफ्त में

**जबलपुर।** खितौला स्थित ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में हुई बहुचर्चित डकैती के फरार पांचवें आरोपी को भी जबलपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने यहां कंट्रोल रूम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुख्य आरोपी सुनीत



पासवान तथा उससे लूटा गया सोना खरीदने वाले चंचल पासवान को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से करीब सवा करोड़ रुपये मूल्य का 750 ग्राम सोना बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री उपाध्याय ने आगे बताया कि फरार आरोपी की तलाश में मध्यप्रदेश पुलिस ने बिहार एसटीएफ का सहयोग लिया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान बिहार के तिलैया गांव स्थित एक किराए के मकान पर दबिश देकर सुनीत पासवान को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बैंक डकैती में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि उसके हिस्से में आए करीब डेढ़ किलो सोने को उसने अपने परिचित चंचल पासवान को 45 लाख रुपये में बेच दिया था। इसके बाद पुलिस ने चंचल पासवान को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर 750 ग्राम सोना बरामद किया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग सवा करोड़ रुपये बताई जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी संपत उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुनीत पासवान कोई सामान्य अपराधी नहीं है। उसके खिलाफ मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में बैंक लूट और डकैती के गंभीर प्रकरण दर्ज हैं तथा वह लंबे समय से पुलिस के लिए वांछित था। गौरतलब है कि 11 अगस्त 2025 को खितौला थाना क्षेत्र स्थित ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में पांच हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोलकर 14 किलो 800 ग्राम सोने के जेवर और करीब 5 लाख रुपये नकद लूट लिए थे। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने लगातार कार्रवाई करते हुए पहले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

## गांजा तस्कर को 10 साल की सजा, एक लाख रुपए जुर्माना

**जबलपुर।** एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश प्रवेन्द्र कुमार सिंह ने गांजा तस्करी के आरोप में विदिशा निवासी विजय दांगी को 10 साल की सजा सुनाई। आरोपी पर एक लाख रुपए जुर्माना भी लगाया। अभियोजन के अनुसार 15 दिसंबर 2024 को तिलवारा पुलिस ने आरोपी को बिना नंबर की बाइक में पकड़ा। तलाशी में युवक के बैग से 23 किलो 400 ग्राम गांजा मिला। एजीपी अरविन्द जैन के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई।

जन्मजात हृदय रोग की मुंबई में आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क सफल सर्जरी

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से 8 माह के शिवांग को मिला नया जीवन

हरिभूमि, जबलपुर।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) एवं आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से जबलपुर के 8 माह के बालक शिवांग चौधरी को सफल हृदय सर्जरी के बाद नया जीवन मिला है। शिवांग, दुर्गावती नगर वार्ड-67 तिलहरी निवासी भरत चौधरी का पुत्र है। जिला प्रबंधक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सुभाष शुक्ला ने बताया कि आरबीएसके के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आरबीएसके टीम के डॉ. विकास झारिया एवं डॉ. गौतमी चौधरी ने बालक में जन्मजात हृदय रोग के लक्षण पहचाने। इसके बाद मामले की जानकारी जिला स्तर पर दी गई और जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच कराई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर बालक का पंजीयन आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कराया गया। परिजनों की सहमति मिलने के बाद शिवांग को उपचार के लिए नारायणा हृदयालय, मुंबई रेफर किया गया, जहां 8 जुलाई 2026 को उसकी निशुल्क सफल हृदय सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद बालक पूरी तरह स्वस्थ है। शिवांग के परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, आरबीएसके कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान, जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा नारायणा हृदयालय मुंबई की चिकित्सकीय टीम का आभार व्यक्त किया।

### बॉक्स : क्या आरबीएसके?

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात बीमारियों, पोषण संबंधी समस्याओं, विकास संबंधी विलंब और अन्य गंभीर रोगों की समय पर पहचान कर निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। आयुष्मान भारत योजना के सहयोग से गंभीर बीमारियों का भी निःशुल्क इलाज सुनिश्चित किया जाता है।

सिविक सेन्टर क्षेत्र व्यवस्थित होगा : जैन

# चेम्बर के साथ शहर विकास पर संवाद

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री जबलपुर। महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के तत्वावधान में 'जबलपुर के विकास पर संवाद' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन के मुख्य आतिथ्य एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी के विशिष्ट आतिथ्य में चेम्बर भवन सिविक सेंटर में संपन्न हुआ। माता लक्ष्मी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ संवाद का प्रारंभ हुआ। जबलपुर नगर के विकास पर संवाद विषय की प्रस्तावना रखते हुए चेंबर अध्यक्ष रवि गुप्ता ने नगर विकास के लिए जेडीए का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने की बात की। चेंबर सदस्य के जेडीए अध्यक्ष पद पर आसीन होने पर गर्व जताते हुए जेडीए अध्यक्ष मदनलाल माहेश्वरी का स्मरण भी किया। संवाद को संबोधित करते हुए जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि जबलपुर के सार्थक विकास के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग और व्यापारिक जगत की भावनाओं का पूरा सम्मान किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप जबलपुर को एक आधुनिक महानगर के रूप में स्थापित करने के लिए 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मूलमंत्र पर कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में तेजी से महानगर का स्वरूप ले रहे जबलपुर को सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से समन्वित, समय बद्ध एवं भविष्य की जरूरत के हिसाब से कार्य किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनकी अपेक्षाओं की पूर्ति में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी तथा उनके विश्वास को कभी टूटने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने इस संवाद को निरंतर जारी रखने एवं समय-समय पर समीक्षा के साथ सिविक सेंटर व्यावसायिक क्षेत्र की समस्याओं प्रमुखतः मांसाहार, अतिक्रमण एवं व्यवस्थित पार्किंग के त्वरित निराकरण जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम एवं जेडीए के साथ मिलकर करने का आश्वासन दिया। उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी ने कहा कि प्राधिकरण में पहली बार किसी व्यापारी को यह जिम्मेदारी मिली है।

अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज

# लूट के इरादे से जहर देकर की हत्या

**जबलपुर।** लार्डगंज थानांतर्गत एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मृतक के परिजनों व घटना के समय मोबाइल पर हुई बातचीत तथा बिसरा रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मौत की वजह कार से लौटते समय दो अज्ञात लोगों द्वारा लूट के इरादे से उसे सल्फास की गोलियां खिलाने के कारण होना बताया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। लार्डगंज पुलिस ने बताया कि ग्राम सिंगौरी पाटन निवासी ओमप्रकाश ठाकुर को जहरीली वस्तु का सेवन करने के उपरांत उसके पुत्र शिवांश ठाकुर ने इलाज के लिये नेशनल अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान ओमप्रकाश की मौत हो गई। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लियें भिजवाते हुए केस डायरी घटनास्थल पाटन थाना क्षेत्र का होने के कारण अग्रिम



विवेचना के लिये पाटन थाना भेजी गइरं। पुलिस ने मर्ग जांच के दौरान मृतक ओमप्रकाश की पत्नी क्रांति ठाकुर पुत्र शुभांशु लोधी पुत्री छति सिंह लोधी भाई संतोष लोधी के बयान लिये। संतोष सिंह ने अपने मृत भाई ओमप्रकाश से घटना के समय मोबाइल पर बातचीत की रिकार्डिंग की डीवीडी में सेव कर पेश की । मृतक की बिसरा रिपोर्ट भी पुलिस को प्राप्त हुई। जांच के दौरान मृतक परिजनों परिस्थितिजन्य साक्ष्यों व मृतक के भाई संतोष सिंह द्वारा पेश की गई काल रिकार्डिंग व विसरा रिपोर्ट के आधार पर पता चला कि 28 मार्च की रात दमोह से लौटते समय दो अज्ञात लोगों ने ग्राम राखी व कुमगवां के बीच ओमप्रकाश की कार मे रखे दो बैग लूटने के इरादे से उसे सल्फास की गोलियां खिलाई थी । इलाज के दौरान ओमप्रकाश की मौत के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## मशीन वाले बाबा का सालाना उर्स कल

**जबलपुर।** सदी के नायाब वली, आधी सदी तक पीड़ति मानवता की सेवा करने वाले मशहूर सूफी संत सदरूल आलाम हज़रत बाबा अल्हाज सआदत हुसैन नक्शबंदी मशीन वाले बाबा साहब का 30 वां सालाना उर्स रविवार 19 जुलाई को आयोजित किया गया है. खादिमे दरगाह हाजी मुहम्मद शफ़ी ने बताया कि बाद नमाज़ अस्र दरगाह शरीफ में चादर पोशी गुल पोशी की जाएगी. रात 10 बजे मेहफिले मीलाद शरीफ होगी. उर्स में देश भर से ज़ायरीन शिरकत करेगे हाजी मुहम्मद अनवर, हाजी मुहम्मद रफीक, तालिब हुसैन, अयूब खान आदि ने अकीदतमंदों से उर्स में शिरकत की गुज़ारिश की है।

# कार हटाने के विवाद पर युवक की हत्या का प्रयास

**जबलपुर।** रांझी थानांतर्गत कल देर रात रांझी मेन रोड पर गांधी स्वीट्स के समीप कार खड़ी करने की बात को लेकर मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों ने दवा बाजार मे काम करने वाले एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर पसली व कमर में गंभीर चोटें पहुंचा दी। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिये उसके साथियों ने दमोहनाका स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना को अंजाम देकर हमलावर मौके से भाग गये। रांझी पुलिस ने बताया कि कल रात रांझी क्षेत्र मेंहुई चाकूबाजी की घटना में करोंदी निवासी विवेक यादव को इलाज के लिये बड़ेरिया मेट्रो प्राइम अस्पताल में लाया गया था। जहां तहरीर पर पहंची पुलिस को घायल विवेक यादव ने बताया कि वह दवा बाजार सिविक सेंटर में काम करता है। कल रात वह मोटरसाइकिल दवा बाजार में खड़ी कर अपन दोस्तों के साथ कार में बैठकर रांझी आ गया था। रात लगभग १२. *०बजे वह गांधी स्वीट्स के बाजू में मेन रोड पर खडा होकर आपस में बातचीत कर रहा था। उसी समय व्हीकल मोड़ मेमोरी तिराहा की ओर से मोटरसाइकिल सवार नीरज कुशवाहा अपने दो साथियों के साथ आया और गाड़ी से उतर कर कार हटाने कहने लगा। तभी विवेक ने उससे कहा कि हम लोग जा रहे हैं इस दौरान तीनो गालीगलौज कर विवाद करने लगे। मना करने पर नीरज कुशवाहा ने चाकू निकालकर विवेक यादव पर हमला कर दिया । घटना में विवेक की पसली व कमर में गंभीर चोटें आई हैं।

# नगर भ्रमण पर निकले भगवान जगन्नाथ

## रथ खींचने आतुर दिखे भक्तगण





**सिहोरा।** धर्म जागरण समिति सिहोरा के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ,बालभद्र एंव बहन सुभद्रा के साथ सिहोरा नगर भ्रमण पर निकले आस्था उमंग और उत्साह से सराबोर रथयात्रा सायंकाल करीब पांच बजे से प्रारंभ हुई जिसका जगह जगह भव्य स्वागत भी किया गया।

### लगे जय जय जगन्नाथ के नारे

भगवान को रथ में विराजमान कर बाबा शाला कटरा मोहल्ला से पूजन अर्चन के बाद भव्य रथ यात्रा प्रारम्भ हुई जो झंड़ा बाजार, कालभैरव चौक,सरावगी मोहल्ला, महावीर चौराहा,मैना कुआं,हरदौल मंदिर से होकर निकली तथा बाबाताल में संपन्न हुई। सैकड़ों भक्त गण भगवान का रथ खींचने आतुर नजर आये आगे आगे बैंड बाजों के साथ गणमान्य नागरिक चल रहे थे उसके पीछे महिला पुरुष बच्चे सहित अन्य सभी भक्त गण जय जगन्नाथ के नारे लगाते चल रहे थे।

### जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ

रथ से ही सभी को महाप्रभु का भात का प्रसाद वितरण किया जा रहा था। जगन्नाथ स्वामी के दर्शन करने पूरे रथयात्रा मार्ग में बड़ी संख्या में दोनों तरफ श्रद्धालु भक्त गण खड़े थे जो दर्शन पाकर अपने आप को धन्य कर लेना चाहते थे। हर साल निकलने वाली इस ऐतिहासिक रथयात्रा का नगर में अपना एक अलग ही स्थान है जिसके दर्शन करने ग्रामीण क्षेत्रों से भी बडी संख्या में भक्त गण सिहोरा आते है।

# शाद, अनस और अंकुश ने मैट पर जमाई धाक

## जिला शालेय जूडो : 275 खिलाड़ियों ने दिखा कौशल



**जबलपुर :** शाद, अनस और अंकुश ने जिला शालेय जूडो स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन से मैट पर अपनी धाक जमाई।
इससे पहले शुक्रवार को नर्मदा नर्सरी तथा वल्लभ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हनुमानताल के संयोजन में आयोजित जिला स्तरीय शालेय बालक एवं बालिका (14, 17 एवं 19 वर्ष) जूडो प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के लगभग 275 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपना कौशल दिखाया।
प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नवनीत महेश्वरी उपस्थित रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि सुनीता महेश्वरी ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।
प्रतियोगिता के अंतिम चरण में बालक वर्ग के भार वर्ग (वेट केटेगरी) की वजन प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद जूडो मैट पर मुकाबलों की शुरुआत हुई। वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान के तकनीकी निर्देशन में रेफरी पैनल ने सभी आयु वर्गों के मैच संपन्न कराए।
बालक वर्ग के मुख्य परिणाम :
बालक वर्ग (14 वर्ष): -25 किग्रा में आरव कोस्टा (नर्मदा नर्सरी), -30 किग्रा में मोहम्मद शाद नवाज (लिटिल चैम्प), -35 किग्रा में अनस मंसूरी (लिटिल चैम्प),-40 किग्रा में साकिब अंसारी (लिटिल चैम्प), -45 किग्रा में एहतेशाम मंसूरी (क्राइस्चर्च स्कूल), -50 किग्रा में मोहम्मद जैद (नर्मदा नर्सरी ), +50 किग्रा में आरिश अख्तर (रेयान इंटरनेशनल) विजेता रहे।
बालक वर्ग (17 वर्ष): -40 किग्रा में शिवांक कुशवाहा (सेंट अलायशियस), -45 किग्रा में काशिफ रजा (मालपानी स्कूल), -50 किग्रा में हर्ष श्रीवास्तव (ज्ञानोदय स्कूल), -55 किग्रा में अंकुश गुप्ता (मॉडल हाई स्कूल), -60 किग्रा में अरहान आलम (लिटिल चैम्प), -66 किग्रा में अविरल सिंह ठाकुर (शा. स्कूल पनागर), -81 किग्रा में अथर्व यादव (आदित्य कॉन्वेंट) विजेता रहे।
बालक वर्ग (19 वर्ष): -40 किग्रा में लक्ष्य अग्रहरि (नर्मदा नर्सरी), -45 किग्रा में अंश श्रीवास (मालपानी स्कूल), -50 किग्रा में अराध्य साहू (क्राइस्चर्च स्कूल), -55 किग्रा में सचिन पटैल (ब्रिटिश फोर्ट), -60 किग्रा में हर्ष परिहार (अजय सत्य प्रकाश), -66 किग्रा में अनुराग अग्रहरि (अजय सत्य प्रकाश), -73 किग्रा में राज चक्रवर्ती (मानकुवारी बरेला) विजेता रहे।



# सांदीपनि में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का आयोजन

**सिहोरा।** सांदीपनि विद्यालय सिहोरा में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के प्रथम दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय, शैलेन्द्र कुमार मिश्रा उप प्राचार्य, शिक्षकगण,पालकगण और विद्यार्थी गण उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ श्रीफल से किया गया।सभी अतिथियों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरणास्पद उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। संस्था प्राचार्य के द्वारा कार्यक्रम के 15 दिन की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस अवसर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें गुरु की महिमा पर बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। स्वेच्छा तिवारी, सृष्टि पांडे,रश्मि गडारी, रिया पटेल,अखिलेश राय,मोहित यादव,अलका तिवारी,मोनिका ने इस भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय ने बच्चों को बधाई दी और कहा कि इसी प्रकार हर प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए इससे कौशल विकसित होती है। उप प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि बच्चे आप लोग पढ़ाई के साथ साथ गतिविधियों में आगे बढ़ कर भाग लेवे।

### विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन

# कानून की जानकारी से व्यक्ति अपने कर्तव्यों और दायित्वों को करता है बेहतर ढंग से निर्वहन



**पाटन।** पाटन नगर स्थित तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय में विधिक साक्षरता क्लब के तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय न्यायाधीश श्री स्वयं प्रकाश जी दुबे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। अपने प्रेरक उद्बोधन में न्यायाधीश श्री स्वयं प्रकाश जी ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विधिक साक्षरता के उद्देश्य एवं उसकी उपयोगिता को विभिन्न उदाहरणों तथा पौराणिक कथाओं के माध्यम से सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है, क्योंकि इससे व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकता है। विशेष रूप से छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली छोटी-छोटी सावधानियों पर प्रकाश डाला, जिनका पालन कर वे स्वयं को अपराधों से सुरक्षित रख सकती हैं। साथ ही उन्होंने नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने, माता-पिता, परिवार, समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अच्छे संस्कार, नैतिकता एवं विधिक जागरूकता के माध्यम से विद्यार्थी भविष्य में सफल नागरिक, कुशल अधिकारी तथा समाजसेवी बन सकते हैं।प्राचार्य सी एस ठाकुर ने अपने उद्बोधन में माननीय न्यायाधीश के द्वारा बताई गई बातों को विद्यालय में बार-बार दोहराकर विद्यार्थियों को स्मरण करने की बात कही साथी ऐसी अन्य जानकारियां भी उन्हें इसी प्रकार की गोष्ठियों के माध्यम से प्रदान करने की बात की।

### 10 वी बोर्ड में प्रदेश की मेरिट सूची में आई कल्पना को किया सम्मानित

पिछले सत्र में कक्षा दसवीं में तान्या स्कूल की छात्रा कल्पना ठाकुर ने 98 :2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में नौवां स्थान प्राप्त करने पर माननीय न्यायाधीश महोदय ने टीका, फूलमाला पहनाकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधिक साक्षरता समिति के सचिव अंशुल पटेल,उप प्राचार्य सुजीत सिंह ठाकुर, जसपाल सिंह,अनिल पटेल ,मनीषा ठाकुर , शशांक चौधरी,आकाश तिवारी,आस्था जैन, वैशाली मैडम ,सागर देव दुबे, नन्हीं ठाकुर ,विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। उपस्थित विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

### स्वैच्छिकता से ही जन मानस में जागरण संभव: धनश्याम रायपुरिया

**पाटन।** स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन ग्राम केमोरी स्थित घाटा माई में आयोजित हुआ मां वीणापानी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया ने स्वैच्छिकता पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला विकास खंड समन्वयक ने इस अभियान के तहत आगामी कार्यक्रमों का स्वरूप तय करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। युवा समाज सेवी श्री रामनारायण सिंह ने सभी को स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई। संस्था द्वारा किए गए 500 पौधों का निरीक्षण कर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति केमोरी के अध्यक्ष संदीप रजक एवं आभार अनीता बाई जनकल्याण नवांकुर संस्था के सचिव उमाकांत यादव ने प्रकट किया। उक्त कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रतिनिधि श्री जितेंद्र राठौर मेंटर श्री राम राजा यादव श्री कामता प्रसाद सेन श्री मति प्रियंका जैन श्री कमल झारिया श्री यशवंत सहित सेक्टर की ग्राम समिति एवं परिषद नेटवर्क के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ललित चौधरी कोषाध्यक्ष नियुक्त किया

**मझौली।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार संभाग प्रभारी मोहिनी शक्यवार एवं सौरभ बावरिया मार्गदर्शन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार पटैल की सहमति से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जबलपुर जिला ग्रामीण में ललित चौधरी मझौली को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया इस पर मझौली नगर के समस्त भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कायाकल्प अभियान में जबलपुर का शानदार प्रदर्शन

### पाटन सिविल अस्पताल प्रदेश में तीसरे स्थान पर इंद्राणा पीएचसी को मिला दो लाख रुपये का पुरस्कार

**हरिभूमि, जबलपुर।** कायाकल्प अभियान 2025-26 में जबलपुर जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई अहम उपलब्धियां हासिल की हैं। सिविल अस्पताल पाटन ने 97.69 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया और प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा। वहीं रानी दुर्गावती चिकित्सालय ने प्रदेश में चौथा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रांझी ने 12वां स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने इस उपलब्धि पर सभी चिकित्सा अधिकारियों, कर्मचारियों और गुणवत्ता सुधार से जुड़ी टीमों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सतत मॉनिटरिंग, गुणवत्ता सुधार गतिविधियों और टीमवर्क का परिणाम है। सीएमएचओ ने बताया कि पिछले वर्ष सिविल अस्पताल पाटन 98 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा था। कायाकल्प अभियान के नियमों के अनुसार पूर्व वर्ष की प्रथम संस्था को दोबारा पहला स्थान प्राप्त करने के लिए अपने पिछले प्रदर्शन में न्यूनतम पांच प्रतिशत सुधार करना आवश्यक होता है।

# भगवान श्रीजगन्नाथ की भक्ति और उल्लास के साथ निकली भव्य रथयात्रा



**मझौली।** श्रद्धा आस्था और सनातन परंपरा के अद्भुत संगम के रूप में बड़े भाई के रूप में भगवान श्री जगन्नाथ बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा दोपहर 3 बजे शनी आश्रम मंदिर से प्रारंभ हुई जयघोष भजन कीर्तन और शंखनाद के बीच रथ विभिन्न मांगों से होते हुए भगवान विष्णु वाराह मंदिर पहुंचा जहां भगवान का भव्य स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में भगवान श्री जगन्नाथ को परम्परानुसार 56 भोग अर्पित किए गए इसके पश्चात सभी श्रद्धालु के लिए महाप्रसाद का वितरण किया गया जिसमें सैकड़ों-हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। मझौली नगर एवं आस पास के ग्राम वासियों महिला पुरुष युवा पीढ़ी एवं मातृ शक्ति भी अधिकाधिक संख्या में रथ यात्रा में सहभागी बनी। भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने से मिलता है पुन्य लाभ रथ को खिंचने के लिए श्रादालुओ ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया रथयात्रा को अति मनमोहक बानाने के लिए श्रादालुओ ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए पुरुष ने सफेद धोती कुर्ता तथा महिलाओं ने पीली साड़ी धारण कर भगवान की इस दिव्य यात्रा का हिस्सा बनी।

# स्वैच्छिकता पर्व पर पौधा रोपण आयोजित



**सिहोरा।** जन अभियान परिषद विकासखण्ड सिहोरा नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति सेक्टर 1 के द्वारा ग्राम अमगवा,भाटादौन में मासिक बैठक कर स्वैच्छिकता पर्व के तहत गतिविधियां की गई। नवांकुर संस्था सेक्टर की अध्यक्ष सुषमा सिंह करचुली की उपस्थिति में स्वैच्छिकता पर्व ग्रामों में आयोजन करने के संबंध में समितियों की ग्राम बैठक का आयोजन किया गया है जिसमे प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से 4 जुलाई से 12 अगस्त तक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पखवाड़ा मनाने,प्रस्फुटन ग्रामों में स्वच्छता कार्य,पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों,सामाजिक समरसता नशामुक्ति के रूप में कार्य करने के विषय मे जानकारी दी गई एवं ग्रामो में अधिक से अधिक पौधारोपण करने के विषय मे बताया गया है।बैठक पश्चात जामुन, आम,अंजन,अमल के पौधों का रोपण किया गया। सभी उपस्थित ग्राम वासियों को संस्था की अध्यक्ष श्रीमती करचुली ने स्वैच्छिक शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सचिव नीतेश नामदेव,प्रदीप नामदेव,विनीता रामप्यारी,रागिनी,हेमलता मुन्नी बाई,गुड्डी कौशल्या, रज्जो,पार्वती,कृष्णा सरोज की उपस्थिति में बैठक संपन्न की गई है।

# अखण्ड जल-ज्योति पूजन के साथ श्रद्धा एवं भक्ति से प्रारंभ हुआ चालीसा व्रत महोत्सव





**जबलपुर।** चालीसा व्रत मेला 2026 महोत्सव" का शुभारंभ हुआ! चालीस दिनों तक चलने वाले महापर्व पर प्रतिदिन झूलेलाल मंदिर भरतीपुर में जलज्योति की पूजा अर्चना, आरती एवं पल्लव प्रातः 9.30 बजे से प्रारंभ मे महापूजन प्रातः 9.30 बजे चालीस दिनों तक यह महानुष्ठान विष्णुधाम के महंत स्वामी रामदास जी महाराज का आशीर्वाद,स्वामी अशोकानंद जी महाराज एवं स्वामी प्रदीप महाराज तथा अन्य संत महात्माओं के पावन सानिध्य में हुआ चालीस दिनों तक मातायें, बहनें, व्रत एवं उपवास रखकर भगवान झूलेलाल मंदिर के गर्भगृह में स्थित विपत्ति निवारक जल देवता, वरूण देवता, भगवान झूलेलाल का पूजन अर्चन एवं जलाशय में दीपदान किया!

**चालीसा व्रत की उपासना सुख-समृद्धिदायक-** चालीसा व्रत महोत्सव मे आयोजित धर्मसभा में स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने बताया धर्म मनुष्य का सच्चा साथी है यह परलोक में भी साथ नहीं छोड़ता है, यही समय है जब धर्म का संयम कर जीवन को सफल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पानी से शरीर और कपड़ा साफ किया जाता है उसी प्रकार ज्ञान और प्रभु भक्ति तथा आराधना से अंतर्रात्मा की शुद्धि की जाती है। वस्तुतः चालीसा व्रत करने से परमानंद प्राप्ति के द्वार खुल जाते हैं। विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि यह परंपरा आध्यात्मिक साधना एवं उपासना के लिये जीवन को मंगलम बनाने का प्रतीक एवं माध्यम है।
आयोजन समिति के सर्वश्री विधायक कैंट अशोक रोहाणी उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा,रामचंद्र आहूजा, हरि रोहाणी ,रमेश आहूजा, राजकुमार कांधारी,माधवदास कुंदवानी श्रीचंद मध्यांनी, कैलाश वासवानी, धर्मेंद्र मंगलानी, त्रिलोक वासवानी,लक्ष्मीचंद खेमानी, गोविन्द हीरानी, प्रकाश आहूजा,प्रकाश आसवानी,राजा सावलानी, विजय पंजवानी,बिल्लू हीरानी, सुनील हासवानी, गोपीचन्द्र खत्री सभी अनुष्ठान मे शामिल हुए। आयोजन समिति ने समाजजनों से अपील की है कि वे आगामी चालीस दिनों तक प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे श्री झूलेलाल मंदिर, भरतीपुर, जबलपुर में आयोजित जल-ज्योति पूजा, महाआरती, पल्लव एवं धार्मिक अनुष्ठानों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त करें।






**श्री महेंद्र कुमार शर्मा-** C 214 आयुषी पाम ग्रीन सोसाइटी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री महेंद्र शर्मा का 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे ज्योति शर्मा के पति, परमानंद शर्मा के भाई, रश्मि, गरिमा, महिमा के पिताजी हैं। अंतिम यात्रा आज शनिवार को उनके निज निवास से सुबह 9 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्री राकेश कुमार ग्वालवंशी-** बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री राकेश कुमार नागवंशी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतीश चंद्र पालीवाल-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री सतीश चंद्र पालीवाल (82)का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धर्मेंद्र यादव-** उडिय़ा मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री धर्मेंद्र यादव (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री घनश्याम दास अग्रवाल-** स्टार लक्जरिर्स सोसायटी भूकंप कॉलोनी रोड धनवंतरी नगर निवासी श्री घनश्याम दास अग्रवाल (81)का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री-** कांचघर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री मुकेश की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रमोद अहिरवार-** इंद्रपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री हजारी लाल अहिरवार के पुत्र श्री प्रमोद अहिरवार (45)का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजाराम चौधरी-** काचंघर झंडा चौक निवसी श्री राजाराम चौधरी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बबन शर्मा-** दिव्य ज्योति परिसर पाटन रोड निवासी श्री बबन शर्मा (67)का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कांत-** गलगला शिव पार्वती मंदिर के पास निवासी श्री संजय कांत का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री करण बर्मन-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री रज्जू लाल बर्मन के पुत्र श्री करण बर्मन (21)का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राम बाई कोरी-** लालमाटी सेठ गोविंद दास वार्ड निवासी श्री चेतराम कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई कोरी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राधा बाई सोनी-** हाईकोर्ट सोसायटी बृजमोहन नगर छापर रोड रामपुर निवासी श्री प्रेम लाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई सोनी (80)का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा राठौर-** भैरव बाबा मंदिर के पास जेडीए कॉलोनी निवासी श्री दिनेश राठौर की धर्मपत्नी श्रीमती आशा राठौर (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
संपर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

# बदले जाएंगे 10 और 20 रुपए, आरबीआई जारी करेगी प्लास्टिक के नोट?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में जल्द ही प्लास्टिक के नोट आने वाले हैं। केंद्रीय बैंक आरबीआई देश के करेंसी सिस्टम में इस बड़े और आधुनिक बदलाव की तैयारी में है। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आरबीआई जल्द ही देश में पॉलीमर (प्लास्टिक) बैंक नोटों का एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने जा रहा है। इस पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद ही पूरे देश में बड़े पैमाने पर प्लास्टिक नोटों को जारी किया जाएगा।

- ये नोट पेपर करेंसी के मुकाबले ज्यादा समय तक चलेंगे और जल्दी फटेंगे नहीं

संभावना जताई जा रही है कि प्लास्टिक नोटों का फुल-स्केल रोलआउट साल 2027 से शुरू हो सकता है। यानी अगले साल देशभर में प्लास्टिक के नोट चलन में आ जाएंगे। इसके लिए एक ग्लोबल टेंडर भी जारी किया गया है।

## आरबीआई ने जारी किया ग्लोबल टेंडर, 18 अगस्त बोली की अंतिम तिथि

### कागजी नोट भी प्रचलन में रहेंगे

*पॉलीमर नोटों के आने का ये मतलब बिल्कुल नहीं है कि मौजूदा कागजी नोट बंद हो जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, आरबीआई ने भी यही स्पष्ट किया है। बाजार में पहले से मौजूद कागजी बैंक नोट पूरी तरह से वैध बने रहेंगे और वे प्रचलन में जारी रहेंगे। प्लास्टिक नोट केवल एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में सिस्टम में शामिल किए जाएंगे।*

### 10 और 20 रुपए के नोटों से होगी शुरुआत

*सूत्रों के अनुसार, शुरुआती दौर में इस प्रायोगिक प्रोजेक्ट के तहत केवल 10 रुपए और 20 रुपए के ही पॉलीमर नोट जारी किए जाने की संभावना है। बाद में अन्य मूल्यवर्ग के पॉलीमर नोट भी जारी हो सकते है। इन प्लास्टिक नोटों में एडवांस सुरक्षा फीचर्स शामिल किए जाएंगे, जिससे नकली नोटों पर लगाम लगाने में बड़ी मदद मिलेगी। साथ ही, ये नोट पेपर करेंसी के मुकाबले ज्यादा समय तक चलेंगे और जल्दी फटेंगे नहीं।*



### लागत कम करने का विकल्प बन सकता है

*डिजिटल पेमेंट तेजी से बढ़े हैं, लेकिन नकदी की मांग भी लगातार बढ़ रही है। मई 2026 तक देश में चलन में नकदी 42.86 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। दूसरी ओर हर साल बड़ी संख्या में कटे-फटे और गंदे नोट नष्ट करने पड़ रहे हैं। 2024-25 में करीब 23.8 अरब नोट चलन से हटाए गए। नोट छापने पर भी हर साल हजारों करोड़ रुपए खर्च होते हैं। ऐसे में लंबे समय तक चलने वाले पॉलिमर नोट सरकार और आरबीआई के लिए लागत कम करने का विकल्प बन सकते हैं।*

### पॉलीमार सबस्ट्रेट शीट्स के लिए टेंडर जारी

इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की नोट मुद्रण शाखा ने पॉलीमर सबस्ट्रेट शीट्स (प्लास्टिक नोट बनाने वाले बेस मटीरियल) के लिए एक ग्लोबल टेंडर जारी किया है। इस ग्लोबल टेंडर के जरिए अंतरराष्ट्रीय बिडर्स को देश के लिए पॉलीमर सबस्ट्रेट बनाने और उसकी आपूर्ति करने के लिए आमंत्रित किया गया है। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 18 अगस्त तय की गई है।

## खबर संक्षेप

### जेएसडब्ल्यू स्टील के लाभ में दोगुने से अधिक वृद्धि



**नई दिल्ली।** इस्पात कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में दोगुने से अधिक होकर 4,696 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की आय बढ़ने से उसे यह बढ़त हासिल हुई है। 2025-26 की समान तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,209 करोड़ रुपये रहा था।

### रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 96.28 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 14 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.28 पर बंद हुआ। आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप के बाद घरेलू मुद्रा में लगातार चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट थमी। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से स्थानीय मुद्रा पर दबाव है।

### जियो फाइनेंशियल का लाभ बढ़कर 830 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (जून) में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 830 करोड़ रुपये हो गया। 2025-26 की समान तिमाही में 325 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। जून, 2026 को समाप्त तिमाही में उसकी कुल आय तिगुना से अधिक होकर 2,005 करोड़ रुपये हो गई।

### वी-वर्क इंडिया को जून तिमाही में 4.3 करोड़ रुपए का घाटा




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी वी-वर्क इंडिया को अधिक खर्चों के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून तिमाही में 4.30 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी को पिछले साल इसी अवधि में 14.10 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 700.74 करोड़ रुपये हो गई।

### पेप्सिको को दूसरी छमाही में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



**नई दिल्ली।** खाद्य एवं पेय पदार्थ क्षेत्र की प्रमुख कंपनी पेप्सिको के भारत और दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जागृत कोटेचा ने कहा कि कंपनी को 2026 की दूसरी छमाही में अपने कारोबार के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।उन्होंने कहा कि महंगाई के दबाव के बावजूद शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता मांग मजबूत बनी हुई है। फूडवर्ल्ड इंडिया'' के इतर कहा, /'' हमारे खाद्य और पेय दोनों व्यवसायों के लिए पहली छमाही अच्छी रही है।/''

## आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा बोले- एक साक्षात्कार में

# पश्चिम एशिया संकट, कमजोर मानसून देश की वृद्धि के लिए जोखिमः आरबीआई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट और कमजोर मानसून की आशंका आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण जोखिम हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि मजबूत व्यापक आर्थिक आधार के चलते भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज की है।*

मल्होत्रा ने एक साक्षात्कार में कहा कि पिछले वित्त वर्ष में देश की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए आरबीआई ने विभिन्न चुनौतियों के बावजूद 6.6 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा, मौद्रिक और राजकोषीय नीतियां मजबूत हैं, जिसके कारण हमारी वृद्धि दर उच्च बनी हुई है।/''

### महंगाई का अनुमान बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत

मुद्रास्फीति पर उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए महंगाई का अनुमान 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 प्रतिशत हो गई जबकि खाद्य मुद्रास्फीति 5.32 प्रतिशत रही।

### बैंक एआई की उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ उठाए

कृत्रिम मेधा (एआई) के उपयोग पर उन्होंने कहा कि आरबीआई ने बैंकों को ग्राहक सेवा बेहतर करने, लागत घटाने और निर्णय क्षमता बढ़ाने के लिए इसका उपयोग बढ़ाने की सलाह दी। साथ ही साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता पर सतर्क रहने को कहा है। मल्होत्रा ने हफ्ते की शुरुआत में सार्वजनिक एवं चुनिंदा निजी बैंकों के प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक में भी एआई जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के लिए कहा था।

**भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सात फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की**

**पिछले वर्ष देश की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही**

**चालू वित्त वर्ष में मौजूदा चुनौतियों के बावजूद 6.6 फीसदी का अनुमान**



### कृषि का जीडीपी में 17% का योगदान

आरबीआई गवर्नर ने मानसून को एक अन्य जोखिम कारक बताते हुए कहा कि देश की एक बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है और इसका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 17 प्रतिशत योगदान है, इसलिए मानसून की स्थिति पर नजर बनाए रखना होगा।रुपये में गिरावट पर उन्होंने कहा कि मजबूत डॉलर और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अन्य देशों की तुलना में भारतीय मुद्रा का प्रदर्शन स्थिर रहा है।

### महंगाई टिकाऊ वृद्धि की आधारशिला

मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति पर नियंत्रण को प्राथमिकता देते हुए वृद्धि को भी समर्थन देता रहेगा। उन्होंने कहा, /''कम और स्थिर महंगाई टिकाऊ वृद्धि की आधारशिला है ऋण वृद्धि के बारे में उन्होंने कहा कि जून में बैंक ऋण वृद्धि सालाना आधार पर करीब 18 प्रतिशत रही, जो मई के 17.5 प्रतिशत से अधिक है।

### रुपए की स्थिति सामान्य मानी जा सकती है

*मल्होत्रा ने कहा, /''पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद डॉलर मजबूत हुआ है। कई देशों की मुद्राएं कमजोर पड़ी हैं। अगर हम वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय रुपये की स्थिति सामान्य मानी जा सकती है।/'' मल्होत्र ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर कहा कि पिछले वर्ष सकल एफडीआई लगभग 95 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा, जबकि चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में शुद्ध एफडीआई करीब सात अरब डॉलर रहा है।*

# सरकार ने लौह अयस्क को प्रमुख बुनियादी उद्योग सूचकांक में जोड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने लौह अयस्क को प्रमुख बुनियादी उद्योगों की सूची में शामिल किया है। इस कदम से अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन का और बेहतर आकलन करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही प्रमुख बुनियादी उद्योगों की संख्या आठ से बढ़कर नौ हो गई है।

वर्तमान में सरकार आठ प्रमुख क्षेत्रों कच्चा तेल, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट, बिजली, प्राकृतिक गैस, उर्वरक, तैयार इस्पात और कोयला के प्रदर्शन का मासिक आधार पर आकलन करती है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान में कहा, /''औद्योगिक उत्पादन में लौह अयस्क के व्यापक उपयोग और औद्योगिक विकास में इसके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए संशोधित बुनियादी उद्योग सूचकांक (आईसीआई) श्रृंखला में लौह अयस्क को शामिल किया गया है।/मंत्रालय ने बताया कि नौ प्रमुख क्षेत्रों के आंकड़ों वाली नई श्रृंखला, जिसका आधार वर्ष 2022-23 होगा, इस साल 20 जुलाई को जारी की जाएगी। संशोधित श्रृंखला मौजूदा बुनियादी उद्योग सूचकांक श्रृंखला की जगह लेगी, जिसका आधार वर्ष 2011-12 है।



- इस कदम से अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर आकलन में मदद मिलेगी
- प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की संख्या आठ से बढ़कर नौ हुई

### 2011 में गैस और उर्वरक क्षेत्र शामिल किए गए थे

सरकार ने वर्ष 2011 में प्राकृतिक गैस और उर्वरक को दो नए क्षेत्रों के रूप में प्रमुख बुनियादी उद्योगों में शामिल किया था। मई में आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर घटकर सात महीने के निचले स्तर 0.5 प्रतिशत पर आ गई थी। कोयला, कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में गिरावट के कारण इसमें कमी आई थी।

# खरीदारी से शेयर बाजार में रही तेजी, सेंसेक्स 965 अंक उछला

एजेंसी ⏭ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार जोरदार तेजी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 965 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 262 अंक की छलांग लगाई।

विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों के अनुकूल तिमाही नतीजों और आईटी कंपनियों में लिवाली आने से निवेशक धारणा को समर्थन मिला। हालांकि व्यापक बाजार में नकारात्मक रुझान रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 964.58 अंक उछलकर 78,151.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,095.68 अंक चढ़कर 78,282.55 अंक तक पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 261.55 अंक बढ़कर 24,334.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में टेक महिंद्रा का शेयर अनुकूल तिमाही नतीजों के बाद करीब 3.91 प्रतिशत उछला। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज का भी शेयर तिमाही नतीजों की घोषणा के पहले करीब तीन प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक, टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, ट्रेंट, भारती एयरटेल और अल्ट्राटेक सीमेंट नुकसान में रहे।



- रिलायंस, बैंक और आईटी शेयरों में रही खरीदारी
- निफ्टी ने 262 अंक की जोरदार छलांग लगाई

### ब्रेंट क्रूड 85.52 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच 1.79 प्रतिशत चढ़कर 85.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.32 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की नरमी रही।

# हाइड्रोजन ट्रेन में 40% स्टील जिंदल स्टेनलेस का लगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जिंदल स्टेनलेस ने शुक्रवार को कहा कि उसने भारत की पहली हाइड्रोजन चालित ट्रेन में इस्तेमाल हुई कुल स्टेनलेस स्टील के करीब 40 प्रतिशत हिस्से की आपूर्ति की है। इस ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्टेनलेस स्टील विनिर्माता कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस उपलब्धि के साथ भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है जहां हाइड्रोजन आधारित ट्रेनें परिचालन में हैं। यह रेल क्षेत्र में स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिंदल स्टेनलेस के मुताबिक, इस ट्रेन के निर्माण में प्रीमियम ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील ग्रेड का इस्तेमाल किया गया है। इसकी आपूर्ति कंपनी के जाजपुर और हिसार संयंत्रों से की गई। कंपनी के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, भविष्य का परिवहन उन्नत सामग्रियों पर आधारित होगा, जो इन प्रौद्योगिकियों को अधिक दक्ष, टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल बनाती हैं। कंपनी ने कहा कि जंग-रोधक क्षमता, उच्च मजबूती, हल्के वजन, आग और झटकों से सुरक्षा तथा पुनर्चक्रण की सुविधा जैसे गुणों के कारण आधुनिक रेल डिब्बों में स्टेनलेस स्टील को प्राथमिकता दी जा रही है।

- ट्रेन के निर्माण में प्रीमियम ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील ग्रेड का उपयोग



### तीन दशकों से भारतीय रेल को आपूर्ति

*यह हाइड्रोजन चालित ट्रेन जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर की दूरी करीब दो घंटे में तय करेगी और मार्ग में 12 स्टेशनों पर रुकेगी। जिंदल स्टेनलेस पिछले तीन दशकों से भारतीय रेल को आपूर्ति करती रही है। इनमें वंदेभारत स्लीपर ट्रेन और देश की पहली वंदे मेट्रो ट्रेन भी शामिल हैं।*

# सोना 800 रुपए टूटा, चांदी में 2,000 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में गिरावट का सिलसिला फिर शुरू हुआ और यह तीन सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमत 800 रुपये टूटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। स्थानीय मांग कमजोर रहने के कारण चांदी भी 2,000 रुपये लुढ़क गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 1,45,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। बृहस्पतिवार को यह 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

# देश से इलायची का निर्यात दो साल में तिगुना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत से साबुत इलायची का निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में मूल्य के लिहाज से तिगुने से अधिक होकर 43.68 करोड़ डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 13.19 करोड़ डॉलर था। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान साबुत यानी खड़ी इलायची की निर्यात मात्रा भी दोगुने से अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में खड़ी इलायची का निर्यात 20.12 करोड़ डॉलर था, जो 2025-26 में बढ़कर 43.68 करोड़ डॉलर हो गया। मात्रा के लिहाज से निर्यात 2023-24 के 7,083 टन और 2024-25 के 7,674 टन से बढ़कर 2025-26 में 16,399 टन हो गया। भारतीय इलायची की सुगंध एवं शुद्धता के कारण विदेशी खरीदारों की बढ़ती पसंद को दर्शाती है। खड़ी इलायची के मुख्य निर्यात गंतव्यों में संयुक्त अरब अमीरात (13.52 करोड़ डॉलर), सऊदी अरब (12.51 करोड़ डॉलर), बांग्लादेश (4.77 करोड़ डॉलर), कुवैत (2 करोड़ डॉलर), इराक (1.37 करोड़ डॉलर) और मलेशिया (0.84 करोड़ डॉलर) शामिल हैं।



- वर्ष 2025-26 में मूल्य के लिहाज से 43.6 करोड़ डॉलर पर

## आईटीआई को बीएसएनएल से मिला 856 करोड़ का ठेका




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार उपकरण विनिर्माता आईटीआई लिमिटेड को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के लिए पश्चिमी क्षेत्र में 4जी मोबाइल नेटवर्क तैनात करने का 856.39 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। आईटीआई लिमिटेड ने कहा कि उसे हाल ही में बीएसएनएल से पश्चिम भारत में 4जी मोबाइल नेटवर्क विस्तार के लिए यह कार्यादेश प्राप्त हुआ है। इस क्षेत्र में महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और मुंबई लाइसेंस सेवा क्षेत्र शामिल हैं। इस परियोजना के तहत 7,613 स्थलों पर 4जी नेटवर्क की योजना बनाना, अभियांत्रिकी कार्य, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना शामिल है, जिसे पूर्ण समाधान आधार पर पूरा किया जाएगा।

## गैर-प्रौद्योगिकी पदों पर छह गुना मांग में वृद्धि : रिपोर्ट

# एआई कौशल की मांग प्रौद्योगिकी नौकरियों में 17 गुना बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


कृत्रिम मेधा (एआई) की समझ अब कार्यस्थल पर एक बुनियादी क्षमता बनती जा रही है। प्रौद्योगिकी से जुड़ी नौकरियों के 15.4 प्रतिशत विवरण में एआई कौशल का जिक्र है, जबकि गैर-प्रौद्योगिकी भूमिकाओं में भी एआई कौशल की मांग करीब छह गुना बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

- एआई की समझ कार्यस्थल पर एक बुनियादी क्षमता बनते जा रही

नौकरी डॉट कॉम की 'वर्ल्ड एआई डे रिपोर्ट-2026' के मुताबिक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र के नौकरी विवरणों में एआई कौशल का उल्लेख 2020 के 0.9 प्रतिशत से बढ़कर 2026 में 15.4 प्रतिशत हो गया है। पिछले छह वर्षों में नियोक्ताओं की मांग में लगभग 17 गुना वृद्धि परिलक्षित होती है।

### एआई का उपयोग प्रबंधन, डेटा साइंस आदि में अधिक

रिपोर्ट के मुताबिक, एआई का उपयोग विशेष रूप से उत्पाद प्रबंधन, डेटा साइंस एवं विश्लेषण तथा इंजीनियरिंग, सॉफ्टवेयर और गुणवत्ता आश्वासन (क्यूए) जैसे एआई-प्रधान क्षेत्रों में कार्यरत पेशेवरों के बीच सबसे अधिक है। इसके अनुसार, भारत में एआई का सफर अब एक नए चरण में पहुंच गया है, जहां कंपनियां तेजी से एआई अपना रही हैं और विशेष कौशल की मांग लगातार बढ़ रही है।



### उपयोग उपकरणों और करियर संबंधी फैसलों में दिख रहा

इन्फो एज (इंडिया) लिमिटेड के समूह मुख्य विपणन अधिकारी (सीएमओ) सुमीत सिंह ने कहा, ''भारत में एआई अब भविष्य की बात नहीं है बल्कि यह वर्तमान में काम करने के तरीके को बदल रहा है। इसका असर नौकरी विवरणों, भर्ती के रुझानों, कार्यस्थल पर इस्तेमाल होने वाले उपकरणों और करियर संबंधी फैसलों में दिखाई दे रहा है। अब असल मुद्दा तैयारी का है।''

### कंपनियां अनुभवी पेशेवरों पर निवेश कर रही

इसके बाद 16 वर्ष से अधिक अनुभव वाले पेशेवर रहे। इसके अलावा, 40-49 लाख रुपये और 50 लाख रुपये या उससे अधिक के वेतन वर्गों में भी भर्ती की मांग उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। इससे संकेत मिलता है कि कंपनियां ऐसे अनुभवी पेशेवरों में निवेश कर रही हैं, जो एआई आधारित बदलाव का नेतृत्व कर सकें।

### एआई से जुड़े पदों पर वेतन वृद्धि अधिक

रिपोर्ट के अनुसार, एआई कौशल वाले पेशेवरों का औसत वेतन आईटी और गैर-आईटी दोनों क्षेत्रों में एआई कौशल से रहित कर्मचारियों की तुलना में अधिक है। साथ ही, एआई आधारित पदों में पिछले चार वर्षों के दौरान वेतन वृद्धि भी अधिक रही है। इसमें कहा गया कि एआई से जुड़ी नियुक्तियों में सबसे तेज वृद्धि 13 से 16 वर्ष के अनुभव वाले पेशेवरों में दर्ज की गई।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 96.4 करोड़ डॉलर बढ़ा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 96.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 675.15 अरब डॉलर पर रहा। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 7.26 अरब डॉलर बढ़कर 674.19 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और रिजर्व बैंक को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर बेचकर हस्तक्षेप करना पड़ा।

## चिंतन

# हाइड्रोजन ट्रेन भारत की नई उम्मीदों का प्रतीक

भारत को मिली पहली हाइड्रोजन ट्रेन असल में ट्रांसपोर्ट से अधिक आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट नमूना है। दुनिया में अब तक जो भी हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही थीं, वे कम दूरी की छोटी ट्रेनें थीं, लेकिन हरियाणा के जींद से सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर के सफर में 2600 यात्री क्षमता वाली यह ट्रेन दुनिया की सबसे ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेनों में गिनी जाएगी। बता दें कि इससे पहले जापान, चीन, जर्मनी और अमेरिका में हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही थीं। ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है। यह भारत की तकनीकी क्षमता, ऊर्जा नीति और हरित विकास के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। जिस समय पूरी दुनिया जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने और स्वच्छ ऊर्जा के नए विकल्प तलाशने में जुटी है, उस समय भारत का इस दिशा में इतना बड़ा कदम भविष्य की ऊर्जा व्यवस्था का संकेत देता है। यह उपलब्धि बताती है कि भारत अब केवल नई तकनीकों का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उन्हें विकसित और अपनाने वाले अग्रणी देशों की श्रेणी में भी तेजी से स्थान बना रहा है। भारतीय रेलवे पहले ही दुनिया के सबसे बड़े विद्युतीकृत रेल नेटवर्क में शामिल हो चुका है। देश के ब्रॉड गेज नेटवर्क का लगभग 99.6 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है और 25 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल किया जा चुका है। जहां कुछ कार्य शेष है, उसे भी जल्द पूरा करने की तैयारी है। ऐसे में स्वच्छ ऊर्जा आधारित ट्रेनों की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम रेलवे के आधुनिकीकरण की अगली कड़ी माना जा सकता है। हरित हाइड्रोजन तैयार करने के लिए पहले बिजली की आवश्यकता होती है, फिर उसी हाइड्रोजन से ऊर्जा बनाकर ट्रेन संचालित की जाती है। इसलिए इसकी लागत पारंपरिक ईंधन या सीधे विद्युत संचालन की तुलना में अधिक दिखाई देती है। दूसरी ओर, हाइड्रोजन का उपयोग उर्वरक उद्योग, इस्पात उत्पादन तथा अनेक औद्योगिक क्षेत्रों में भी होता है। अब तक बड़े पैमाने पर प्रयुक्त हाइड्रोजन का अधिकांश उत्पादन पारंपरिक तरीकों से होता रहा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण बढ़ता है। इसलिए हरित हाइड्रोजन की दिशा में बढ़ना केवल परिवहन सुधार नहीं, बल्कि संपूर्ण औद्योगिक परिवर्तन का आधार बन सकता है। हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौतियों में सुरक्षित भंडारण और आपूर्ति व्यवस्था को माना जाता है। भारत ने हाइड्रोजन ट्रेन के सफल विकास के साथ यह संकेत भी दिया है कि वह इस चुनौती का समाधान विकसित करने की क्षमता रखता है। किसी भी नई ऊर्जा प्रणाली की सफलता केवल उत्पादन पर नहीं, बल्कि उसके सुरक्षित भंडारण, परिवहन और उपयोग की विश्वसनीय व्यवस्था पर निर्भर करती है। सरकार का अगला लक्ष्य सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों से हरित हाइड्रोजन का उत्पादन बढ़ाना है। यदि ऐसा होता है तो न केवल प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट, तेल-गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनावों के दौर में भारत जैसे विशाल देश के लिए ऊर्जा के स्वदेशी और स्वच्छ स्रोत विकसित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कुल मिलाकर, हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन केवल रेलवे की उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत के वैज्ञानिक आत्मविश्वास, हरित विकास और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। असल में यह हाइड्रोजन ट्रेन देश की नई उम्मीदों का प्रतीक है।

## आर्थिकी

सोनम लववंशी



# विदेशी बाजारों में खारिज होते भारतीय उत्पाद

किसी भी देश की आर्थिक ताकत उसके उत्पादन से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि दुनिया उसके उत्पादों पर कितना भरोसा करती है। निर्यात केवल विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम नहीं होता, वह किसी राष्ट्र की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण भी होता है। इसलिए जब विदेशी बाजार किसी देश के उत्पादों को गुणवत्ता संबंधी खामियों के कारण लौटाने लगें या उन पर प्रतिबंध लगाने लगें, तो यह व्यापारिक नुकसान ही नहीं , देश की साख पर लगा गंभीर धब्बा भी होता है। दुर्भाग्य से आज भारत इसी चुनौती से जूझ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय मसाले, आम, मिर्च और चावल जैसे उत्पाद लगातार अंतरराष्ट्रीय जांच और प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। हाल ही में चीन ने भारत से भेजी गई मिर्च की खेप को यह कहते हुए रोक दिया कि उसमें खतरनाक कीटनाशक मेथामिडोफॉस की मात्रा तय सीमा से अधिक थी। इससे पहले चीन गैर-बासमती चावल की लगभग 70 खेप भी लौटा चुका है। दूसरी ओर, जापान ने भारतीय आमों के आयात पर रोक लगा दी, क्योंकि निरीक्षण के दौरान फ्यूमिगेशन प्रणाली में गंभीर कमियां मिलीं। इतना ही नहीं, हांगकांग ने लोकप्रिय भारतीय मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी पर सवाल उठाए, जिसके बाद सिंगापुर सहित कई देशों ने भारतीय मसालों पर प्रतिबंध, रिकॉल अथवा जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। ये घटनाएं एक खतरनाक प्रवृत्ति का संकेत हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि भारत की वैश्विक पहचान गुणवत्ता से नहीं, गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों से बनने लगी है। दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद वैश्विक कृषि व्यापार में भारत की हिस्सेदारी आज भी तीन प्रतिशत से कम है। वर्ष 2024-25 में कृषि निर्यात लगभग 51 अरब डॉलर तक जरूर पहुंचा, फिर भी हमारी क्षमता और संसाधनों की तुलना में यह बेहद सीमित है। ऐसे समय में, जब भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का प्रमुख केंद्र बनने का दावा कर रहा है, गुणवत्ता संबंधी ऐसी घटनाएं हमारे प्रयासों को ही कमजोर कर रही हैं। जापान का फैसला विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दुनिया के सबसे सख्त और भरोसेमंद आयातक देशों में गिना जाता है। वर्ष 1986 में भी फ्रूट-फ्लाई की आशंका के कारण उसने भारतीय आमों पर प्रतिबंध लगाया था। लगभग बीस वर्षों की मेहनत, बेहतर क्वारंटीन व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के बाद 2006 में भारतीय आमों को फिर जापानी बाजार मिला। इस वर्ष निरीक्षण में दोबारा खामियां मिलने के बाद वही बाजार भारत के लिए बंद हो गया। यह केवल एक व्यापारिक निर्णय नहीं, हमारी गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली पर अविश्वास का संकेत है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सबसे मूल्यवान चीज उत्पाद नहीं, भरोसा होता है। एक बार यदि कोई देश भारतीय उत्पादों पर संदेह करने लगे, तो उसका असर दूसरे बाजारों पर भी पड़ता है। जापान द्वारा गुणवत्ता पर सवाल उठाने के बाद यूरोपीय संघ, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश भी भारतीय कृषि उत्पादों की जांच और कड़ी कर देते हैं। परिणामस्वरूप हमारे प्रतिस्पर्धी देश पाकिस्तान, वियतनाम, थाईलैंड और ताइवान उन बाजारों में तेजी से अपनी जगह बना लेते हैं। महाराष्ट्र के अल्फांसो उत्पादक हों या गुजरात के केसर आम उगाने वाले किसान, वे पहले ही मौसम की मार झेल रहे हैं। ऐसे समय में निर्यात रुकने से प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद घरेलू बाजार में औने-पौने दाम पर बिकते हैं और किसानों की आय पर सीधा प्रहार होता है। यदि विनिर्मित और कृषि उत्पाद भी वैश्विक बाजार में भरोसा खोने लगेंगे, तो तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य और कठिन हो जाएगा। सवाल यह है कि जिन खामियों का पता विदेशी प्रयोगशालाएं लगा रही हैं, वे भारत से उत्पाद भेजने से पहले हमारी जांच प्रणाली को क्यों नहीं दिखाई देतीं? यदि विदेशी एजेंसियां ही हमारे उत्पादों की गुणवत्ता का प्रमाणपत्र देंगी, तो 'मेड इन इंडिया' की विश्वसनीयता कभी मजबूत नहीं हो सकेगी। खेत से लेकर प्रयोगशाला, प्रसंस्करण केंद्र, पैकेजिंग और निर्यात तक पूरी व्यवस्था को 'जीरो एरर' की संस्कृति अपनानी होगी। भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहा है। यह सपना केवल उत्पादन बढ़ाने से पूरा नहीं होगा। वैश्विक बाजार सस्ता माल नहीं, भरोसेमंद माल खरीदता है। अब समय आ गया है कि गुणवत्ता को औपचारिकता नहीं, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए। दुनिया में सबसे महंगा बिकने वाला उत्पाद मसाला, आम या चावल नहीं, विश्वसनीयता होती है। यदि हम उसे खो देंगे, तो विदेशी बाजार ही नहीं, भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाएं भी धीरे-धीरे हमारे हाथों से फिसलती चली जाएंगी।

(लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विक्रम-1 रॉकेट

महेन्द्र तिवारी

# अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र की ऊंची उड़ान

> भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में 18 जुलाई का दिन एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा की दिशा को हमेशा के लिए बदल देगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस का स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली कक्षीय उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह केवल एक रॉकेट का प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह उस नए और आत्मनिर्भर भारत का उद्घोष है, जहां निजी क्षेत्र अब अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों को नापने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो चुका है। इस रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है

भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में 18 जुलाई का दिन एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा की दिशा को हमेशा के लिए बदल देगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस का स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली कक्षीय उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह केवल एक रॉकेट का प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह उस नए और आत्मनिर्भर भारत का उद्घोष है, जहां निजी क्षेत्र अब अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों को नापने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो चुका है।

दशकों तक भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम पूर्ण रूप से सरकारी नियंत्रण और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो के कुशल मार्गदर्शन में पलता और बढ़ता रहा है। इसरो ने सीमित संसाधनों के बावजूद दुनिया को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और मंगल ग्रह से लेकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक तिरंगा फहराया है। अब समय बदल रहा है और वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी अनिवार्य हो गई है। इसी आवश्यकता को समझते हुए भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया था, यह प्रक्षेपण उसी नीतिगत बदलाव का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष परिणाम है। जब हम स्काईरूट एयरोस्पेस और उसके महत्वाकांक्षी रॉकेट विक्रम-1 की बात करते हैं तो हमें इसके पीछे के तकनीकी चमत्कार और वर्षों की अथक मेहनत को समझना होगा। इस रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है जो अपने आप में एक बहुत बड़ा प्रतीकात्मक संदेश है। विक्रम-1 कोई साधारण लॉन्च वाहन नहीं है, बल्कि यह अत्याधुनिक तकनीकों का एक अद्भुत संगम है। इस रॉकेट की सबसे बड़ी विशेषता इसके निर्माण में थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक का व्यापक उपयोग है। पारंपरिक निर्माण विधियों की तुलना में थ्रीडी प्रिंटिंग से रॉकेट के पुर्जे बनाने में लगने वाला समय और लागत दोनों काफी कम हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त रॉकेट का बाहरी ढांचा कार्बन फाइबर कंपोजिट से बनाया गया है, जो इसे बेहद हल्का लेकिन इस्पात से भी अधिक मजबूत बनाता है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उप कक्षीय और कक्षीय उड़ानों के बीच एक बहुत बड़ा तकनीकी अंतर होता है, जिसे समझना यहां बेहद प्रासंगिक है। नवंबर 2022 में स्काईरूट एयरोस्पेस ने ही अपना पहला रॉकेट विक्रम एस लॉन्च किया था, जो एक उप कक्षीय उड़ान थी। उप कक्षीय उड़ान का अर्थ होता है कि रॉकेट अंतरिक्ष की सीमा को तो छूता है लेकिन वह पृथ्वी की परिक्रमा करने के लिए आवश्यक गति प्राप्त नहीं कर पाता और गुरुत्वाकर्षण के कारण वापस लौट आता है। इसके विपरीत अठारह जुलाई को होने वाला विक्रम-1 का प्रक्षेपण एक कक्षीय मिशन है। इसका मतलब है कि यह रॉकेट न केवल अंतरिक्ष में जाएगा बल्कि यह इतनी तेज गति प्राप्त करेगा कि यह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हो सके और अपने साथ ले जाए गए उपग्रहों को सटीक रूप से उनकी निर्धारित जगह पर छोड़ सके। कक्षीय उड़ान तकनीकी रूप से बहुत अधिक जटिल चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरी होती




है। इसमें रॉकेट के इंजनों को कई बार चालू और बंद करना पड़ता है और इसकी नेविगेशन प्रणाली को बिल्कुल अचूक होना पड़ता है। अगर स्काईरूट की टीम इस चुनौती को सफलतापूर्वक पार कर लेती है तो यह भारतीय निजी क्षेत्र की तकनीकी क्षमता का विश्व स्तर पर सबसे बड़ा प्रमाण होगा। आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो इस प्रक्षेपण के मायने बहुत गहरे और दूरगामी हैं। आज पूरी दुनिया में संचार मौसम पूर्वानुमान कृषि निगरानी और नेविगेशन के लिए छोटे उपग्रहों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। पारंपरिक रूप से बड़े रॉकेटों के जरिए इन उपग्रहों को लॉन्च करने में बहुत समय लगता है क्योंकि सरकारी एजेंसियों के पास अपने स्वयं के बड़े मिशन होते हैं और छोटे उपग्रहों को उन बड़े मिशनों के साथ सह यात्री के रूप में भेजा जाता है। इस प्रक्रिया में कई बार निजी कंपनियों और विश्वविद्यालयों को अपने उपग्रह लॉन्च करने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़ता है। स्काईरूट जैसी कंपनियां इसी समस्या का समाधान लेकर आई हैं। विक्रम-1 जैसे रॉकेट ऑन डिमांड लॉन्च की सुविधा प्रदान करते हैं। इसका मतलब है कि जब भी किसी ग्राहक को अपना उपग्रह लॉन्च करना हो, यह रॉकेट कुछ ही हफ्तों की तैयारी के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो सकता है। यह लचीलापन और कम लागत भारतीय अंतरिक्ष उद्योग को वैश्विक कमर्शियल मार्केट में एक बहुत बड़ा प्रतिस्पर्धी लाभ प्रदान करेगा। वर्तमान में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है लेकिन विक्रम-1 की सफलता इस हिस्सेदारी को कई गुना बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगी और एलन मस्क की स्पेसएक्स जैसी दिग्गज अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को सीधे चुनौती देने की नींव रखेगी। इस निजीकरण और तकनीकी विकास का एक और महत्वपूर्ण पहलू रोजगार सृजन और प्रतिभा पलायन को रोकना है। भारत में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग डीप टेक और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। लेकिन अतीत में उचित अवसर और निजी क्षेत्र में निवेश न होने के कारण हमारी कई बेहतरीन प्रतिभाएं विदेशों का रुख कर लेती थीं। स्काईरूट एयरोस्पेस जैसी स्वदेशी कंपनियों का उदय इन युवा इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को अपने ही देश में विश्व स्तरीय परियोजनाओं पर काम करने का अवसर दे रहा है। इससे देश में एक मजबूत अंतरिक्ष इकोसिस्टम तैयार हो रहा है। रॉकेट निर्माण के लिए आवश्यक कल पुर्जे सॉफ्टवेयर विकास परीक्षण सुविधाएं और ग्राउंड स्टेशन ऑपरेशंस जैसे क्षेत्रों में हजारों नए रोजगार पैदा हो रहे हैं।

यह पूरी प्रक्रिया मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के सपनों को सही मायनों में साकार कर रही है। सरकार द्वारा स्थापित नोडल एजेंसी इन स्पेस का समर्थन और इसरो द्वारा प्रदान की जा रही तकनीकी और बुनियादी ढांचागत सहायता यह दर्शाती है कि भारत में अब सार्वजनिक और निजी क्षेत्र एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि एक दूसरे के पूरक बनकर काम कर रहे हैं। विक्रम-1 की उड़ान केवल एक कंपनी की व्यावसायिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की उम्मीदों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। अठारह जुलाई को जब विक्रम-1 के इंजन आग उगलते हुए आसमान का सीना चीरेंगे तो वह केवल एक मशीन की उड़ान नहीं होगी बल्कि वह एक नए भारत के आत्मविश्वास की उड़ान होगी। यह उड़ान उन तमाम छोटे और मझोले स्टार्टअप्स के लिए एक प्रेरणा है जो नवाचार के क्षेत्र में कुछ नया करने का सपना देखते हैं। यह प्रक्षेपण आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाएगा कि जब सपने बड़े होते हैं और हौसले बुलंद होते हैं तो आसमान की कोई सीमा नहीं होती और सितारे भी हमारी पहुंच में होते हैं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित

दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## अपने रूप-रंग या गुण पर घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

एक समय की बात है, एक बार दांत और जीभ में भयंकर युद्ध छिड़ गया। दांत ने जीभ से कहाः अरे! तुम सिर्फ माँस के लोथड़े हो। तुममें तो कोई भी खुबी नहीं है। न ही तुम्हारा कोई रूप है और न ही कोई रंग। हमारे सभी दाँत को देख रहे हो, कैसे मोतियों की भाँति चमक रहे हैं। जीभ बेचारी ने कुछ भी नहीं कहा और वह चुप रही।

दिन बीतते गये, समय अपनी रफ्तार के साथ आगे बढ़ता गया और देखते ही देखते कई माह और वर्ष बीत गये। अब उम्र ढलने के साथ-साथ, धीरे-धीरे करके एक-एक दांत गिरते गये लेकिन होना क्या था, जीभ वहीं ज्यो की त्यो बनी रही। अब कुछ बचे हुए दाँत जब गिरने को हुए, तब जीभ ने दांत से कहाः भैया बहुत दिन पहले आपने मुझसे कुछ कहा था। आज उन सबका उत्तर दे रही हूँ। इंसान के मुँह में आप सब दाँत मुझसे बहुत बाद में आए हैं। मैं तो जन्म के साथ ही पैदा हुई हूँ। अब आयु में भी तुम मुझसे छोटे हो, लेकिन छोटे होने के बावजूद भी एक-एक करके तुम सब मुझसे पहले विदा हो रहे हो! इसका कारण पता है? दांत ने जीभ से अब विनम्र भाव से बोलाः दीदी अब तक तो नहीं समझते थे, पर अब बात समझ में आ गई। तुम कोमल और मुलायम हो और हम कठोर हैं। कठोर होने का दंड ही हमें मिला है। आपके कार्य दूसरों को सुख ही प्रदान करें। अपने रूप रंग या किसी भी गुण के दम पर कभी भी घमंड ना करें। किसी का भी अनादर न करें, चाहे कोई आपसे उम्र में छोटा हो या फिर बड़ा।

## सटाका




## आज की पाती

### ई-वाहनों में आग : मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स या लापरवाही

सरकार प्रदूषण मुक्त यातायात करने के मद्देनजर ई-वाहन के निर्माण करने वालों और उसका उपयोग करने वालों को सब्सिडी के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है। साथ ही मेन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स में सुधार हेतु कदम उठा रही है, ताकि उसकी वजह से कोई दुर्घटना/हादसा न होने पाए। अच्छी बात है। इसके बावजूद सरकारी आंकड़े कह रहे हैं कि पिछले तीन वर्षों में ई-वाहनों के 23,865 हादसे हुए और 26 बार उसमें आग लगी। बात यहीं तक साफ नजर नहीं आ रही है क्योंकि बैटरी चार्ज के वक्त वाहनों में आग लगने से घरों में भी आग लगी है और भारी नुकसान हुआ है। हाल ही में नोयडा के मामोरा में पांच मंजिल बिल्डिंग में आग लगने से दो लोगों की दुखद मौत हो गई। - **दिनेश, सोनीपत**

## ट्रेंड

### पर्यावरण संरक्षण



प्रधानमंत्री मोदी का 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आज पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण का पर्याय बन रहा है। इसी दिशा में, 'सामूहिक वृक्षारोपण अभियान' के ज़रिए गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र को 'ग्रीन लोकसभा' में बदलने का संकल्प लिया गया है और इस पर काम चल रहा है।

- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### जन आरोग्य मंदिर



आज शकूरपुर में 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया गया। हमारा संकल्प है कि दिल्ली के हर निवासी को उनके घर और कॉलोनी के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### कोटि-कोटि नमन



1971 की लड़ाई में दुश्मन के जहाज़ों के परखच्चे उड़ाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों जी की जयंती पर, मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूँ। आज देश का हर बच्चा उनके बलिदान से प्रेरित है। जय हिंद।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### धार्मिक संपत्ति




जिन बीजेपी सदस्यों और उनके साथियों ने भगवान के खजाने में हाथ डालने और 'धार्मिक संपत्ति' तक चुराने की हिम्मत की, वे किसी पुजारी या इंसान का क्या सम्मान करेंगे? यह बेहद निंदनीय है! कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# यूरोप में भीषण गर्मी से इस साल 10 हजार लोगों की मौत



यूरोप ने इस साल अप्रत्याशित रूप से भीषण गर्मी का सामना किया और पूरे महाद्वीप से संकलित आंकड़ों के मुताबिक तापमान में बेतहाशा वृद्धि से जुड़ी घटनाओं में सामान्य से कहीं अधिक करीब 10 हजार लोगों की जान गई है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार जून के आखिर में इसमें तेजी से तब वृद्धि हुई जब यूरोप के कुछ हिस्सों में तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। जानकारों का कहना है कि पूरी स्थिति समझने में समय लगता है और गर्मी से होने वाली कई मौतों को आधिकारिक तौर पर उस तरह दर्ज नहीं किया जाता। उदाहरण के लिए, भीषण गर्मी से दिल का दौरा पड़ सकता है, खासतौर पर उन लोगों को जो उम्रदराज हैं और पहले से किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। लेकिन उनकी मौत होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की वजह दिल का दौरा लिखा जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक गर्मियों की शुरुआत चिंताजनक रही है। पिछले कुछ सालों में यूरोप में कई बार भीषण गर्मी पड़ी जिसकी वजह से हजारों लोगों की मौत हुई है। फिर भी, गर्मी के कारण यूरोप में 2003 का साल सबसे ज़्यादा जानलेवा रहा, जिसमें लगभग 70,000 लोगों की मौत हुई थी।

## ऑफ बीट

# भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा - और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# पाक में बगावत के कई सुर सरकार की बढ़ी मुश्किलें

# गिलगित-बाल्टिस्तान को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव पारित

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा ने पाकिस्तान की केंद्र सरकार से एक खास मांग की है। इस नई मांग से पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल, विधानसभा ने इस पहाड़ी क्षेत्र को अस्थायी प्रांत का दर्जा देने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया है।

इस प्रस्ताव में क्षेत्र के लोगों को संवैधानिक और राजनीतिक अधिकार देने की मांग की गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को विधानसभा सत्र में विधायक जलाल अली शाह ने यह प्रस्ताव पेश किया था। इस प्रस्ताव को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों ने अपना पूरा समर्थन दिया।

### सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों ने पूरा समर्थन दिया



पीओके में प्रदर्शन करते लोग

### भारत का कड़ा रुख

दूसरी तरफ, भारत इस मामले पर हमेशा से अपना रुख साफ रखता आया है। भारत का कहना है कि गिलगित-बाल्टिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) सहित पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा हैं। नई दिल्ली ने पाकिस्तान के इस क्षेत्र की स्थिति बदलने के प्रयासों को हमेशा खारिज किया है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान के ऐसे कदमों का कोई कानूनी आधार नहीं है और इससे जमीनी हकीकत नहीं बदल सकती।

**पुराने आदेशों का दिया हवाला**

प्रस्ताव में कहा गया है कि साल 2009 के 'गिलगित-बाल्टिस्तान सशक्तिकरण और स्वशासन आदेश' ने यहां एक चुनी हुई विधानसभा बनाई थी। इससे स्वशासन को बढ़ावा मिला था। इसके बाद, साल 2018 के आदेश ने विधानसभा को कानून बनाने के अधिकार दिए। यह फैसला दिवंगत नेता सरताज अजीज की अध्यक्षता वाली कमेटी की सिफारिशों पर लिया गया था। अब विधानसभा ने पाकिस्तान की केंद्र सरकार से मांग की है कि वह इस कमेटी की सिफारिशों को लागू करे। इससे यहां के लोगों को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में अपने प्रतिनिधि चुनने और संघीय स्तर पर प्रतिनिधित्व पाने का मौका मिलेगा।

## बलूचिस्तान में बीएलए के हमले में 45 पाक जवान मारे जाने का दावा

**क्वेटा।** बलूचिस्तान के मस्तंग जिले में पाकिस्तानी सैन्य काफिले को निशाना बनाकर किए गए है। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। उसने दावा किया है कि इस ऑपरेशन के दौरान 45 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। वहीं, दर्जनों घायल हुए। बीएलए के प्रवक्ता जीयांद बलूच ने कहा कि यह हमला गुरुवार को मस्तुंग के खडकुचा इलाके में सशस्त्र समूह की फतह स्क्वाड इकाई द्वारा किया गया था। इसे समन्वित और तीव्र बताया। कहा कि सशस्त्र समूह ने कब्जा करने वाली पाकिस्तानी सेना के कर्मियों, उनके सुरक्षाकर्मियों और बाद में घटनास्थल पर पहुंचे सैन्य सुदृढीकरण को ले जा रहे बसों के काफिले पर हमला किया।



घटनास्थल पर पाक पुलिस

### सैन्य काफिले पर बढ़ते हमले

इस महीने की शुरुआत में, बलूचिस्तान के ग्वादर जिले के जिवानी क्षेत्र में पाकिस्तान तटरक्षक बल के एक शिविर पर हुए हमले की जिम्मेदारी बीएलए ने ली थी, जिसके परिणामस्वरूप 30 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए थे।

## 5 अगस्त को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी इमरान खान की पार्टी पीटीआई

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान तीन साल से जेल में बंद हैं। इसके खिलाफ उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने 5 अगस्त को पूरे पाकिस्तान में



देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। 5 अगस्त को इमरान खान को जेल में बंद होने के तीन साल पूरे हो रहे है। पीटीआई के महासचिव सलमान अकरम राजा ने अदियाला ने कहा कि विरोध प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक उनके नेता को रिहा नहीं किया जाता। इस दौरान देशभर में कई शहरों और स्थानों पर रैलियां निकाली जाएंगी। उन्होंने सरकार को पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू नहीं करने की चेतावनी भी दी। बता दें, 73 वर्षीय इमरान खान मौजूदा समय में रावलपिंडी की अदियाला जेल में कैद हैं। इस्लामाबाद की एक निचली अदालत ने खान को 5 अगस्त 2023 को तोशाखाना केस में भ्रष्टाचार का दोषी ठहराने के बाद गिरफ्तार किया था।

## खबर संक्षेप

### स्कूल बस हादसे में 20 बच्चों सहित 21 की मौत


**कंपाला।** पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 बच्चों और एक वयस्क की मौत हो



गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा गुरुवार रात कपचोरवा जिले में हुआ। किंग डेविड जूनियर स्कूल की बस शैक्षणिक भ्रमण के बाद सिपी फॉल्स से राजधानी कंपाला लौट रही थी। इसी दौरान चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा। बस सड़क से उतरकर एक चट्टान से टकराई और पलट गई। हादसे में कई बच्चे और तीन वयस्क घायल हुए हैं।

### गैंगस्टर नीतीश कौशल अमेरिका में गिरफ्तार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (बीबीआई) ने बताया कि पंजाब स्थित भगवानपुरिया गिरोह



से जुड़े नीतीश कौशल को अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने वर्मोंट में गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी 'ऑपरेशन हार्ड बॉल' के नाम से जाने अभियान के तहत किया गया है। बता दें कि यह गिरफ्तारी भारत से जुड़े तीन संगठित अपराध समूहों के 15 सदस्यों की अमेरिका में गिरफ्तारी के कुछ हफ्तों बाद हुई है।

## अमेरिका का ईरान में भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट पर बड़ा हमला

# समुद्री ट्रैफिक कंट्रोल टावर नष्ट, ईरान ने भी कुवैत और ओमान पर हमला किया

एजेंसी ▶▶ तेहरान/वॉशिंगटन

### अमेरिका ने लगातार छठी रात ईरान पर हवाई हमला किया

अमेरिका ने शुक्रवार को लगातार छठी रात ईरान पर हवाई हमला किया। इस दौरान भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट को भी निशाना बनाया गया। हमले में पोर्ट के समुद्री ट्रैफिक कंट्रोल (निगरानी) टावर को नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कंट्रोल टावर के क्षतिग्रस्त होने की तस्वीर भी शेयर की है। पिछले एक हफ्ते में इस टावर पर यह तीसरा हमला है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया कि फाइटर जेट, ड्रोन और युद्धपोतों से ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया।

हमलों में तटीय निगरानी केंद्र, एयर डिफेंस सिस्टम, सैन्य लॉजिस्टिक्स और समुद्री सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। चाबहार पोर्ट भारत के लिए रणनीतिक रूप से अहम है। भारत ने इसके विकास में निवेश किया है और इसका संचालन भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड कर रही है। यह बंदरगाह भारत को पाकिस्तान को बायपास कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक व्यापारिक पहुंच उपलब्ध कराता है।



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने क्षतिग्रस्त टावर की तस्वीर को 'एक्स' पर पोस्ट किया

### यह 'घृणित हमला': ईरान

ईरान ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि अमेरिका के ताजा हमलों में ईरान के मकरान इलाके में स्थित चाबहार बंदरगाह का समुद्री यातायात नियंत्रण टावर नष्ट हो गया है। ईरान ने इसे 'घृणित हमला' बताया और कहा कि यह हमला मछुआरों की आजीविका और क्षेत्र में आम नागरिकों की समुद्री सुरक्षा को निशाना बनाकर किया गया।

### सीरिया में अमेरिकी कमांड सेंटर पर हमला

आईआरजीसी ने दावा किया है कि उसने सीरिया के अल-तनफ सैन्य अड्डे पर स्थित अमेरिकी विशेष अभियान कमांड सेंटर पर हमला किया है। यह कार्रवाई ईरानी सैनिकों की हत्या के जवाब में की गई है। आईआरजीसी ने यह भी दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसका पूरा नियंत्रण बना हुआ है और जब तक अमेरिका के नए हमले जारी रहेंगे, तब तक इस रणनीतिक जलमार्ग से तेल और गैस का कोई निर्यात नहीं होने दिया जाएगा।

### जॉर्डन ने तीन ईरानी मिसाइलें मार गिराने का किया दावा

जॉर्डन की सेना ने दावा किया है कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने देश की ओर आ रही तीन ईरानी मिसाइलों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर मार गिराया। सेना के अनुसार, इस घटना में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। जॉर्डन की रॉयल इंजीनियरिंग कॉर्प्स की टीमों ने मिसाइलों के मलबे और गिरे हुए धातु के टुकड़ों को सुरक्षित तरीके से हटाने का काम किया।

### कुवैत के बिजली और पानी संयंत्र तबाह

कुवैत ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि ईरान ने उसके एक बिजली उत्पादन और समुद्री जल को पीने योग्य बनाने वाले (डिसैलिनेशन) संयंत्र पर हमला किया, जिससे स्टेशन को व्यापक नुकसान पहुंचा। कुवैत के बिजली, जल एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, हमले के बाद आग लग गई और बिजली उत्पादन की कई इकाइयों को क्षति पहुंची। मंत्रालय ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और नुकसान का आकलन करने के साथ-साथ संयंत्र को दोबारा चालू करने के प्रयास जारी हैं।

### कुवैत में सैन्य अड्डे पर हमला

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के तहत कुवैत स्थित एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हमला कर वहां लगे मिसाइल रक्षा रडार, कई अहम हथियार भंडार और दो सतह से सतह पर मार करने वाले मिसाइल लॉन्चरों को निशाना बनाया। यह कार्रवाई ईरान के नागरिक बुनियादी ढांचे के हमलों के जवाब में की गई। आईआरजीसी ने ओमान के घनीम क्षेत्र में अमेरिकी हवाई निगरानी रडार और होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री निगरानी रडार को भी नष्ट कर दिया है।

## सिंधु जल विवाद में पाक को झटका

# केस भी लड़ रहा और भारत की ओर से फीस भी भर रहा



सिंधु नदी पर बना बांध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि विवाद को अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता तक ले जाकर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की थी, लेकिन अब यह दांव उसी पर भारी पड़ता दिख रहा है। भारत द्वारा मध्यस्थता की कार्यवाही से खुद को अलग करने और संधि को फिलहाल स्थगित रखने के फैसले के बाद पाकिस्तान न केवल अपना, बल्कि भारत के हिस्से का मध्यस्थता खर्च भी वहन कर रहा है। इस्लामाबाद अब तक 6 लाख डॉलर (600,000 डॉलर) से अधिक खर्च कर चुका है और जैसे-जैसे मामला आगे बढ़ेगा, यह राशि और बढ़ने की संभावना है। सिंधु जल संधि के तहत भारत और पाकिस्तान को मध्यस्थता की कार्यवाही का खर्च बराबर-बराबर उठाना होता है। अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने इस प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निलंबित कर दी थी।

### भारत ने पीसीए की वैधता खारिज की

यह पूरा विवाद भारत की किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं को लेकर है, जो सिंधु जल संधि के तहत आने वाली पश्चिमी नदियों पर बनाई जा रही हैं। पाकिस्तान का आरोप है कि ये परियोजनाएं संधि के प्रावधानों का उल्लंघन करती हैं। इसी आधार पर उसने मामले को परमानेंट कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन (पीसीए) में पहुंचाया। दूसरी ओर भारत का कहना है कि इस तरह के तकनीकी विवादों का समाधान न्यूट्रल एक्सपर्ट (तटस्थ विशेषज्ञ) के जरिए होना चाहिए, न कि मध्यस्थता न्यायाधिकरण के माध्यम से। भारत का यह भी तर्क है कि संधि के तहत दोनों विवाद निपटान प्रक्रियाएं एक साथ नहीं चल सकतीं। भारत ने पीसीए के अधिकार क्षेत्र को पूरी तरह खारिज कर दिया है। नई दिल्ली का कहना है कि यह न्यायाधिकरण 'अवैध तरीके से गठित' किया गया है, इसलिए इसके द्वारा दिए जाने वाले किसी भी फैसले को भारत 'शून्य और अमान्य' मानता है।

**भारत ने प्रक्रिया से बनाई दूरी**

अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के नियमों के अनुसार, यदि किसी पक्ष की अनुपस्थिति के बावजूद न्यायाधिकरण यह मान ले कि उसके पास मामले की सुनवाई का अधिकार क्षेत्र है, तो कार्यवाही जारी रह सकती है। पीसीएम ने पाकिस्तान की आपत्तियों पर सुनवाई करने का अधिकार अपने पास होने की बात कही है और भारत की आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया। भारत ने भी इस पूरी प्रक्रिया से दूरी बनाए हुए है।

## सतीश धवन स्पेस सेंटर से आज होगा लॉन्च

# पीएम मोदी का हाथ से लिखा 'वंदे मातरम' पोस्टकार्ड लेकर उड़ान भरेगा निजी रॉकेट विक्रम-1




निजी स्पेस स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस करेगा प्रक्षेपित

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

निजी स्पेस स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने शुक्रवार को घोषणा की कि सतीश धवन स्पेस सेंटर से पीएम नरेंद्र मोदी का हाथ से लिखा पोस्टकार्ड, जिस पर 'वंदे मातरम' लिखा है, 18 जुलाई को कंपनी की विक्रम-1 टेस्ट फ्लाइट-1 के जरिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। एक्स पर एक पोस्ट में स्काईरूट एयरोस्पेस ने कहा कि इस मिशन में ले जाए जाने वाले खास पेलोड में पीएम मोदी का हाथ से लिखा संदेश भी शामिल होगा। साथ ही, कंपनी की टीम, निवेशकों, नीति-निर्माताओं और दुनिया भर के शुभचिंतकों के हाथ से लिखे नोट भी इसमें शामिल होंगे। ये यादगार चीजें 'मिशन आगमन' का हिस्सा हैं, जिसे कंपनी ने कई हाथों से आगे बढ़ाया गया और लाखों लोगों द्वारा साझा किया गया एक उत्सव है। यादगार चीजों के अलावा, विक्रम-1 में कॉस्मोसर्व, डी-क्यूब्ड और स्काईरूट के अपने स्कोप से टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेशन पेलोड ले जाए जाएंगे। साथ ही, इसमें कॉसमॉस डायमंड्स का बनाया आर्टवर्क 'कॉस्मिक ब्लूम' और एक माइक्रो-आर्ट पेलोड भी होगा।

## इजराइल की संसद भंग, अक्टूबर को होंगे आम चुनाव

**तेल अवीव।** इजराइल की संसद (कनेसेट) शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर भंग हो गई। अब देश में 27 अक्टूबर को आम चुनाव होंगे। संसद के भंग होने से



पहले पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने कई अहम और विवादित विधेयकों को पारित कराया। इनमें अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स (हारेदी) समुदाय के पुरुषों की सैन्य भर्ती पर रोक से जुड़ा कानून और न्यायपालिका में सरकार का दखल बढ़ाने वाले प्रावधान शामिल हैं। हालिया जनमत सर्वेक्षणों में पूर्व पीएम नफ्ताली बेनेट और अन्य विपक्षी दलों को बढ़त मिलती दिख रही है।

## सोमवार को लेंगे स्टारमर की जगह

# एंडी बर्नहम होंगे यूके के नए पीएम लेबर पार्टी के नए नेता भी चुने गए

एजेंसी ▶▶ लंदन

शुक्रवार को मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी ने घोषणा की कि एंडी बर्नहैम को पार्टी का नया नेता चुन लिया गया है। वह सोमवार को कीर स्टारमर की जगह लेंगे और आधिकारिक तौर पर यूनाइटेड किंगडम के अगले पीएम बनेंगे।



निवर्तमान पीएम कीर स्टारमर की जगह लेने के लिए हुए इस नेतृत्व चुनाव में बर्नहैम एकमात्र उम्मीदवार थे। उन्होंने हाउस ऑफ कॉमन्स में 403 लेबर सांसदों में से 379 का समर्थन और नामांकन हासिल किया, जो इस प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सीमा से कहीं अधिक था। ब्रिटेन की गृह सचिव और लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की अध्यक्ष शबाना महमूद ने लंदन में आयोजित एक विशेष पार्टी सम्मेलन में यह आधिकारिक घोषणा की।

चुनाव के एकतरफा होने पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि केवल एक ही सांसद नामित था, इसलिए इसमें कोई सस्पेंस नहीं था। सोमवार को निवर्तमान पीएम कीर स्टारमर औपचारिक रूप से सम्राट किंग चार्ल्स तृतीय को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। इसके तुरंत बाद, किंग चार्ल्स तृतीय एंडी बर्नहैम को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगे।

## भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को मिली नई मजबूती

# नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ यूएस एमएच-60आर सीहॉक हेलिकॉप्टर

### 4 में से 2 और हेलिकॉप्टर पहुंचेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। इसी क्रम में भारतीय नौसेना को एक और अत्याधुनिक एमएच-60आर सीहॉक नौसैनिक हेलिकॉप्टर मिला है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने इसे दोनों देशों की रक्षा साझेदारी की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। वहीं, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इसे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के लिए अच्छी खबर करार दिया।



भारत में अमेरिकी दूतावास ने 'एक्स' पर बताया कि लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित एक और एमएच-60आर सीहॉक नौसैनिक हेलिकॉप्टर भारतीय तट पर पहुंच गया है। पिछले सप्ताह यह हेलिकॉप्टर कोच्चि में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था और इस सप्ताह दो अन्य हेलिकॉप्टर भी पहुंचने वाले हैं। दूतावास ने कहा कि अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है।

**24 हेलिकॉप्टरों की खरीद की डील**

भारत ने अपनी नौसैनिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अमेरिका से 24 एमएच-60आर सीहॉक हेलिकॉप्टर खरीदने का समझौता किया है। इन हेलिकॉप्टरों की चरणबद्ध तरीके से आपूर्ति की जा रही है। भारतीय नौसेना इन्हें मुख्य रूप से युद्धपोतों पर तैनात करेगी, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, पनडुब्बियों की निगरानी और समुद्री सीमाओं की रक्षा मजबूत होगी।

## रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स का हवाई युद्धाभ्यास 'पिच ब्लैक 2026'

# भारतीय वायुसेना के 4 राफेल विमान अभ्यास के लिए पहुंचे

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की एक टुकड़ी युद्धाभ्यास 'पिच ब्लैक 2026' में हिस्सा लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंच गई है। 'पिच ब्लैक 2026' युद्धाभ्यास 20 जुलाई से 7 अगस्त तक उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स (आरएएएफ) के डार्विन, टिंडल और एंबरली बेस पर आयोजित होगा। इस युद्धाभ्यास में 20 देशों के करीब 100 जेट एयरक्राफ्ट और 2,500 से अधिक जवान हिस्सा लेंगे। भारतीय वायुसेना ने चार राफेल और दो सी-17 एयरक्राफ्ट के साथ 120 से अधिक वायु योद्धाओं को युद्धाभ्यास के लिए ऑस्ट्रेलिया भेजा है। यह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक और कदम है।

### मित्र देशों के साथ सैन्य साझेदारी मजबूत होगी

*20 जुलाई से 7 अगस्त तक होगा आयोजन*

*20 देशों के 100 एयरक्राफ्ट हिस्सा ले रहे*



ऑस्ट्रेलिया के एयरबेस पर भारतीय वायुसेना

कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह तैनाती मित्र देशों के साथ सैन्य साझेदारी को मजबूत करने और संयुक्त अभियान क्षमता को बेहतर बनाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अगले तीन हफ्तों में हमारे वायु योद्धा दूसरे देशों के अपने साथियों के साथ उड़ान भरेंगे। इसका मकसद आपसी तालमेल को बेहतर बनाना, कॉम्बैट फ्लाइंग स्किल्स को निखारना, रिश्तों को मजबूत करना और हमेशा कायम रहने वाले संबंध बनाना है।

**वायुसेना जटिल हवाई अभ्यास में भाग लेगी**

भारतीय वायुसेना की टुकड़ी इंडो-पैसिफिक और यूरोप के देशों की वायु सेनाओं के साथ मिलकर जटिल हवाई अभ्यास में हिस्सा लेगी। इससे आपसी तालमेल को बेहतर बनाने, ऑपरेशनल जानकारी का आदान-प्रदान करने और बहुपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने का मौका मिलेगा। 'पिच ब्लैक' अभ्यास का आयोजन 1983 से डार्विन में निरंतर हो रहा है।

### फिनलैंड और स्वीडन पहली बार अभ्यास में भाग ले रहे

इस साल के आयोजन में जापानी एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स के एफ-35 लाइटनिंग-2 लड़ाकू विमान और इंडोनेशिया के टी-50आई गोल्डन ईगल विमान पहली बार शामिल होंगे, जबकि फिनलैंड और स्वीडन भी पहली बार अपने जवानों के साथ इसमें हिस्सा लेंगे। इस अभ्यास में अमेरिका, जापान, पापुआ न्यू गिनी, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, भारत, सिंगापुर, जर्मनी, फ्रांस और स्पेन के विमान शामिल होंगे। साथ ही, न्यूजीलैंड, फिजी, कनाडा, ब्रुनेई, मलेशिया, फिनलैंड और स्वीडन के सैन्यकर्मी भी इसमें हिस्सा लेंगे।

# स्कूल-कॉलेजों के आसपास बढ़ेगी निगरानी, 'मजनू स्क्वॉड' रहेगा सक्रिय

## छात्राओं की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

**जबलपुर।** छात्राओं की सुरक्षा एवं शिक्षण संस्थानों के आसपास बढ़ती छेड़छाड़ की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन, जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. अजय वाधवानी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकान्त शर्मा से सौजन्य भेंट कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यालयों, महाविद्यालयों, छात्रावासों एवं छात्राओं के आवागमन वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ करने तथा 'मजनू स्क्वॉड' को प्रभावी रूप से सक्रिय करने की मांग की गई। मुलाकात के दौरान डॉ. अजय वाधवानी और एड. आशीष त्रिपाठी ने विशेष रूप से सिविल लाइंस क्षेत्र में छात्राओं एवं महिलाओं के साथ छेड़छाड़ तथा असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिससे छात्राओं, स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों में चिंता का वातावरण है। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकान्त शर्मा ने संगठन को आश्वस्त किया कि सिविल लाइंस क्षेत्र में भी



विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा छेड़छाड़ और असामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों के विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि छात्राओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।श्री शर्मा ने आगे बताया कि शहर के सभी प्रमुख स्कूलों, कॉलेजों, छात्रावासों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की नियमित एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। छात्राओं के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार, पीछा करने अथवा उत्पीड़न जैसी घटनाओं को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में विशेष निगरानी के लिए 'मजनू स्क्वॉड' को सक्रिय रूप से लगाया जाएगा। साथ ही पुलिस विभाग को हाल ही में प्राप्त नई पुलिस गाड़ियों को भी स्कूलों, कॉलेजों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त और निगरानी के लिए लगाया जाएगा, जिससे असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। श्री शर्मा ने यह भी कहा कि वे स्वयं समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। यदि कहीं सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी या लापरवाही पाई जाती है तो उसे तत्काल दूर करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।इस अवसर पर डॉ. अजय वाधवानी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकान्त शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासन से छात्राओं, अभिभावकों एवं आम नागरिकों में सुरक्षा के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस एवं समाज के संयुक्त प्रयासों से जबलपुर में छात्राओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की इस सकारात्मक पहल का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि इन प्रभावी कदमों से स्कूलों, कॉलेजों, छात्रावासों तथा सिविल लाइंस सहित शहर के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में छेड़छाड़ एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

# भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी की निकली 259वीं रथ यात्रा, उमड़ा अपार जनसैलाब

**जबलपुर।** श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास, गढ़ाफाटक, जबलपुर के तत्वाधान में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की 259वीं भव्य रथ यात्रा अविस्मरणीय रही। श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के वातावरण में परम पू. जगतगुरु स्वामी राघव देवाचार्य महाराज, डॉ. गिरजानंद महाराज, ज्योतिषाचार्य पं. देवेंद्र त्रिपाठी एवं पुजारी देवेंद्र त्रिपाठी के सानिध्य में भगवान जगन्नाथ स्वामी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन महाआरती कर यात्रा 01 बजे प्रस्थान हुई। ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालीपुरम के संकीर्तन की स्वर लहरियों की गूंज के साथ हजारों श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सभी भक्तजनों को रस्सी खींचने का सौभाग्य



प्राप्त हुआ। पूरा जबलपुर जय जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठा, ऐसा लगा मानो संस्कारधानी स्वयं जगन्नाथ पुरी बन गई हो। जगन्नाथ स्वामी का रथ निर्धारित मार्ग से होकर गढ़ाफाटक स्थित मौसी माँ मंदिर हनुमान अखाड़ा पहुँचा, जहाँ प्रभु 10 दिनों तक विश्राम करेंगे। इस अवधि में प्रतिदिन दर्शन, पूजन एवं चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल द्वारा प्रातः 8.30 से 9.30 बजे तक प्रभु के समक्ष हरिनाम संकीर्तन होगा। रथ यात्रा के दौरान सम्पूर्ण संस्कारधानी भक्तिमय वातावरण में सराबोर दिखाई दी। यह ऐतिहासिक रथ यात्रा वर्षों से नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र रही है। मंदिर प्रांगण में समस्त श्रद्धालु भक्तों के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर न्यासी राजकुमार साहू, प्रबंधक मोहित तिवारी, अच्युतेंद्र बघेल, पं. मनमोहन दुबे, देवेंद्र नेमा, परसराम उपाध्याय, अतुल कुमार पटेल, मोहित लोधी, नितिन चौबे, सत्यप्रकाश नामदेव आदि उपस्थित रहे।



## नगर निगम में पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने महापौर, निगम अध्यक्ष, आयुक्त एवं समिति सदस्यों से संगठन ने की महत्वपूर्ण चर्चा

**जबलपुर।** नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने आज नगर निगम जबलपुर में अधिकारी एवं कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने के संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगम अध्यक्ष रिंकू विज, निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त अशफाक परवेज तथा पदोन्नति समिति के सम्मानित सदस्यों से विस्तृत चर्चा की। बैठक में संगठन की ओर से यह मांग प्रमुखता से रखी गई कि शासन द्वारा जारी पदोन्नति नियमों, रोस्टर व्यवस्था एवं पूर्ण पारदर्शिता के आधार पर नगर निगम के सभी पात्र अधिकारी एवं कर्मचारियों को बिना किसी अनावश्यक विलंब के पदोन्नति का लाभ प्रदान किया जाए। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि पदोन्नति की प्रक्रिया को गति प्रदान करते हुए आवश्यक कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ की जा रही है तथा पात्र अधिकारी एवं कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति का लाभ दिलाने के लिए विभागीय प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। संगठन के अध्यक्ष अमित मेहरा ने कहा कि पदोन्नति प्रत्येक कर्मचारी का वैधानिक एवं सेवा हित से जुड़ा महत्वपूर्ण अधिकार है। संगठन की अपेक्षा है कि शासन के निर्देशों एवं रोस्टर नियमों का पूर्ण पालन करते हुए सभी लंबित पदोन्नतियां शीघ्र संपन्न की जाएं, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़े तथा प्रशासनिक कार्यों में और अधिक दक्षता आए। इस अवसर पर संगठन की ओर से अध्यक्ष अमित मेहरा, अक्षय कोरी, रामा राव मगरदे, गुलशन जबलपुर, कोयरी नायडू एवं अब्दुल सत्तार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हित में पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग दोहराई।

# पति की बड़ी साजिश: कोरे कागज पर दस्तखत कराकर बनाई झूठी याचिका

## नवविवाहिता ने एसपी से मांगी मदद

**जबलपुर।** वैवाहिक विवाद पर एक 20 वर्षीय नवविवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर धोखाधड़ी और जालसाजी (कूटरचना) की बड़ी साजिश रचने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उसके पति ने कंप्यूटर से फर्जी कॉल डिटेल और मैसेज तैयार कर कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की है। इस गंभीर मामले की शिकायत लेकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर में न्याय की गुहार लगाई है। एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता प्रियंका वर्मा (20), निवासी बाजनामठ नई बस्ती, भैरव नगर, पुरवा ने लिखित शिकायत में बताया कि उसके पति लोकेन्द्र वर्मा और अन्य परिजनों ने उसे कानूनी रूप से फंसाने की नीयत से एक बड़ी



साजिश रची है। आरोपी पति ने कंप्यूटर के माध्यम से मोबाइल फोन की एक फर्जी और कूटरचित (फॉरजेड) कॉल डिटेल लिस्ट तैयार की। यह जानते हुए भी कि यह लिस्ट झूठी है, इसे न्यायालय के समक्ष साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत कर दिया गया। इसके अलावा, पति ने खुद ही फर्जी मोबाइल मैसेज तैयार किए और उन्हें भी कोर्ट के सामने पेश कर दिया।

**सिम और मोबाइल नंबर का किया दुरुपयोग**

पीड़िता प्रियंका ने शिकायत में साफ किया कि जिन नंबरों का हवाला देकर कोर्ट में दस्तावेज पेश किए गए हैं, उनसे उसका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि मोबाइल नंबर उनके पिता के नाम पर रजिस्टर्ड है। वहीं शादी के बाद उसके पति लोकेन्द्र ने प्रियंका के नाम पर एक नया सिम कार्ड खरीदा था। इस सिम का इस्तेमाल खुद पति ही करता था। अब इसी सिम का दुरुपयोग करके पति ने मनगढ़ंत मैसेज तैयार किए और धोखाधड़ी के उद्देश्य से उन्हें कोर्ट में जमा कर दिया।



## प्रतिभा सम्मान समारोह में 25 विद्यार्थी हुए सम्मानित

**जबलपुर।** आदिवासी शासकीय, अधिकारी/ कर्मचारी संघ म.प्र. के प्रान्तीय अध्यक्ष एस.पी. मरावी एवं उप प्रान्ताध्यक्ष ने बताया कि विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी कक्षा 12वीं में 75%. या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह वृन्दावन रेस्टॉरेन्ट शास्त्रीनगर जबलपुर में आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान आदिवासी नृत्यों की प्रस्तुतियाँ दी गई, जिसमें आदिवासी संस्कृति की झलक दिखाई दी। समाज के 25 छात्र-छात्राओं को मैडल, प्रमाणपत्र एवं एक हजार एक सौ रुपये की नगद राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संघ के हरी सिंह गोंड़, एच.एस. मरकाम, के.एस, मरकाम, एस.पी. मरावी, एल.एल. तेकाम, एसके प्रधान, आर.एस. मर्सकोले, मुकेश बरकड़े, मुनीराम मरावी, सुरेन्द्र मरावी, गिरीश धुर्वे, रमेश धुर्वे, बृजमोहन भलावी, महिपाल आर्मो, मिलन बरकडे, महेश भलावी, राजेश कुशराम एवं सैकड़ों अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।



## माथुर वैश्य महासभा ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**जबलपुर।** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के आह्वान पर माथुर वैश्य शाखा सभा जबलपुर द्वारा माथुर वैश्य गुप्ता भवन सरकारी कुआं रोड शीतला माई में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शाखा सभा अध्यक्ष राम सेवक गुप्ता के नेतृत्व में रक्तदान प्रभारी मयंक गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एकता राहुल गुप्ता एवं राम मोहन गुप्ता 'कल्लन' पूर्व पार्षद का सम्मान किया गया। महिला मंडल की विशेष सहभागिता से कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार हुआ। प्रायोजक विमलेश कोठारी रहीं। सभी रक्त वीरों और रक्त वीरांगनाओं का सम्मान किया गया और आगे समाज के हित में ऐसे ही रक्तदान करते रहने के लिए सबको प्रेरित किया गया। मानव सेवा के इस यज्ञ में 65 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। सबने मिलकर इस महान दान के लिए संकल्प लिया कि आगे भी ऐसे ही देश सेवा में शिविर आयोजित होते रहेंगे। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुशील गुप्ता, संतोष गुप्ता, मालती गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, अभिलाषा गुप्ता, रेणु गुप्ता, मीना, लगुरु गुप्ता, डिम्पल गुप्ता आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## संभागीय कमिश्नर को दिया ज्ञापन

# सांदिपनि स्कूल के बंद ताले को खोलने दिया ज्ञापन, कब तक खुलेगा स्कूल? दी अंतिम चेतावनी

**जबलपुर।** सांदिपनि शास. उ.मा. शाला सिंगोद, पनागर में लगभग 1200 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं, नर्सरी से पहली व बारहवीं तक अधिकतम बच्चे अध्ययनरत हैं। लगातार 23 मार्च से हर मंगल और अनेक बार क्षेत्र की जनता ने आंदोलन किया, कलेक्टर से लेकर मध्यप्रदेश शासन तक इस गंभीर समस्या पर शासन एवं प्रशासन ने ध्यानाकर्षित किया पर शासन की योजना 'स्कूल चले हम' के नारे को पनागर में पूर्णतः ध्वत कर स्कूल बंद कर क्षेत्र के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ विगत चार माह से किया गया। इस गंभीर समस्या को जबलपुर के सांसद क्षेत्रीय विधायक, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य सभी को क्षेत्रीय नागरिकों ने अवगत कराया पर बनी बनाई चालू स्कूल जिसकी कीमत दो



करोड़ से ज्यादा है इस स्कूल को ताला डालकर क्षेत्र के बच्चों के शिक्षा के मार्ग पर ताला जड़ दिया गया। इस गंभीर समस्या को जबलपुर संभाग के सभी अधिकारी को जानकारी होने के बाद जबलपुर में हाईकोर्ट होने के बाद हाईकोर्ट के जस्टिस को स्वतः संज्ञान लेकर इस विकराल समस्या को दूर करना था पर दुर्भाग्य क्षेत्र के गरीब भोले-भाले मजदूर नागरिक, महिलायें इस बनी बनाई व्यवस्था को पुनः चालू करने के लिए आंदोलन करने पर मजबूर हैं।

आज रा.कि. मोर्चा के जिलाध्यक्ष छोटे भाई कुर्मी, इंजी. प्रवीण गजभिये दादा, ओम प्रकाश कुर्मी,राजेश्वरी पटेल, मिथिला पटेल, मिथिला गौंड़, रंजीत दाहिया, विष्णु, कमलेश बर्मन, गनपत के साथ सैकड़ों महिलाओं ने पनागर सिंगौद से जिला कलेक्टर, एस.पी. आफिस में ज्ञापन देकर संभागीय कमिश्नर तक पैदल मार्च कर संभागीय कमिश्नर को 1200 बच्चों की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया और मांग की गयी कि तत्काल प्रभाव से स्कूल खोला जाये ताकि बच्चों का भविष्य खराब न हो। अगर स्कूल नहीं खोला गया तो संपूर्ण पनागर की महिलाओं उग्र आंदोलन के लिये मजबूर होगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

# 80% तालाबों की सरहद मिट रही, घट रहा कैचमेंट एरिया

## नगर निगम ने दिया आश्वासन समिति गठित कर करेंगे जांच

**जबलपुर।** सूरजताल, रानीताल, महानद्दा, गंगासागर, गोकलपुर, बालसागर, माढ़ोताल, तेवर तालाब, सगड़ा तालाब, रामनगरा, गौरवताल, ककरैया तलैया, कंचनपुर तालाब, बकसेना तालाब, बघाताल गढ़ा, जिन्हाई तलैया आदि तालाबों पर अतिक्रमण हो गए हैं। जबलपुर के लगभग 80 प्रतिशत तालाबों की सरहद मिट रही है। कैचमेंट एरिया में निर्माण होने के कारण क्षेत्र घट रहा है। ऐसे में तालाबों में जल भराव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। अतः तत्काल कार्यवाही की जाए। इस मांग को लेकर आज नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रतिनिधियों ने नगर निगम के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान पीडब्ल्यूडी के जागेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर निगम एक समिति गठित करेगा, जो तालाबों की विस्तृत जांच कर जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, क्योंकि इसी रिपोर्ट के आधार पर अतिक्रमण तथा निर्माण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि पूर्व कलेक्टर दीपक सक्सेना ने निर्देश जारी किए थे कि एसडीएम तालाबों का सीमांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा नगर निगम तालाबों के कैचमेंट एरिया से अवैध निर्माण हटायें तथा तदानुसार रिपोर्ट प्रस्तुत करें, लेकिन अब यह प्रक्रिया लगभग ठप पड़ी है। चिंता का विषय यह है कि जबलपुर को पानी सप्लाई करने वाले खंदारी एवं परियट जलाशयों के कैचमेंट एरिया में भी निर्माण हो रहा है। चर्चा में एड. वेदप्रकाश अधौलिया, पीएस राजपूत, घनश्याम सोनकर, सुशीला कनौजिया, अशोक यादव, अनिल गुप्ता आदि शामिल रहे।

# सेंट थॉमस स्कूल में विद्यार्थियों ने लिया नशामुक्त भारत निर्माण का संकल्प

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस के 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक संचालित "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत उप पुलिस अधीक्षक (रेल जबलपुर) अंकिता सूल्या द्वारा सेंट थॉमस हायर सेकेंडरी स्कूल, जबलपुर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया। यह अभियान प्रदेश भर में युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन को नशामुक्त जीवन के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में डीएसपी अंकिता सूल्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार, सामाजिक



जीवन एवं उज्जवल भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें तथा अपने मित्रों, परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों, नशीले पदार्थों से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, खेलकूद, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। विद्यालय प्रबंधन ने मध्यप्रदेश पुलिस एवं रेल पुलिस द्वारा संचालित इस जनहितकारी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच विकसित करने तथा उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होंगे।

# पेंशनर्स ने पेंशनर्स की कठिनाईयों से स्टेट बैंक एजीएम को कराया अवगत

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आज दोपहर बाद सिविल लाइन भारतीय स्टेट बैंक के एजीएम पूजा सिंह से पेंशनर्स की कठिनाईयों को लेकर भेंट कर चर्चा की, जिसमें वरिष्ठ पेंशनर्स के लिए बैंक में प्रत्येक कार्य के लिए अलग काउंटर बनाया जाये, प्रत्येक पेंशनर को टीडीएस भरने के लिए उनके खाते की एक वर्ष की जानकारी उपलब्ध करायी जाये तथा प्रत्येक पेंशनर से



आयकर नियम के तहते फॉर्म-16 भराया जाये ताकि पेंशनर्स के खाते से आयकर की कटौती पात्रता अनुसार उनको आयकर की कटौती से मुक्त रखा जा सके। एजीएम ने मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक शीघ्र निर्णय लिए जाने का भरोसा दिलाया है। प्रतिनिधि मंडल में एचपी उरमलिया, शेष मणि पांडे, आरके श्रीवास्तव, एके शुक्ला, श्रवण कुमार श्रोति, उमेश हंस, राधा रमन तिवारी, जीपी सराठे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जिन्दगी को बड़ी शिद्दत से निभाओ अपना किरदार, कि परदा गिरने के बाद भी तालियाँ बजती रहें

## पं. विश्वनाथ दुबे को 87वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** शहर के गणमान्य नागरिकों ने पं. विश्वनाथ दुबे की शुक्रवार को 87वीं जयंती पर उनके पुत्र दामाद सुमित कालिया एवं पुत्री गौरा दुबे के कहने पर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि देकर शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं फिनेक्स परिवार ने उन्हें याद किया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कांडा के अनुसार जबलपुर के गौरव कर्मयोगी, पूर्व महापौर स्व. पं. विश्वनाथ दुबे की 87वीं जयंती नगर निगम मुख्यालय के सामने नेहरू उद्यान में उनकी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धापूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम सभी गणमान्य नागरिकों और उनके परिवार के सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित की, उसके बाद श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



किया गया। जिस प्रकार पूर्व महापौर स्व. पं. विश्वनाथ दुबे अपने साथियों को देखकर ताली बजाकर खुशी का इजहार करते थे, उसी प्रकार सभी जनों ने तालियाँ बजाकर अपने नेता का अभिवादन किया।

सभा को संबोधित करते हुए उनके पुत्र दामाद सुमित कालिया और गौरा दुबे कालिया ने कहा कि पापा के बताए मार्ग सद्कर्मों, जनसेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति के उद्धार की सोच पापा स्व. पं. विश्वनाथ दुबे की थी, उसी मार्ग पर सदैव चलने का संकल्प दोहराया, जिस प्रकार पापा ने राजनीति का उपयोग अपने व्यवसाय के लिए न करके, अपने व्यवसाय से सामाज कल्याण के कार्य किए, उसी प्रकार फिनेक्स ग्रुप सदैव निरंतर उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाज कल्याण के कार्य करता रहेगा। अन्य वक्ताओं ने कहा कि आज के युग में पूर्व महापौर स्व. पं. विश्वनाथ दुबे जैसे ईमानदार, निष्ठावान, निश्चल, निरअभिमान, निष्कलंक राजनेता, विरले ही होते हैं, जो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सिर्फ सामाज, शहर, प्रदेश और देश के उज्जवल भविष्य की सोच के साथ जीते हैं। ऐसे महान पुरुष पूर्व महापौर स्व. पं. विश्वनाथ दुबे का सानिध्य हम सब को मिला, यह हमारा सौभाग्य है। आज हम सभी दलों के प्रतिनिधि संकल्प लें कि पूर्व महापौर स्व. पं. विश्वनाथ दुबे के सामान्य समाज सेवा का कार्य ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे। उन्होंने महापौर रहते हुए नगर निगम जबलपुर से एक पैसा भी मानदेय नहीं लिया, उनके कार्यकाल में बनाई गई मॉडल रोड उच्च गुणवत्ता की एक मिसाल है। उनके कार्यकाल के दौरान उन पर कोई दोषारोपण नहीं कर सकता, कि कहीं पर भी भ्रष्टाचार हुआ था, उनके द्वारा एशियाई विकास बैंक से जबलपुर के लिए लिए गए लोन के कारण आज जबलपुर महानगर की श्रेणी में खड़ा हुआ है। आज शहर में जो भी विकास कार्य हो रहे हैं, यह उनकी दूरगामी सोच का ही परिणाम है। आज के जयंती कार्यक्रम समारोह में प्रमुख रूप से पूर्व महापौर स्व. पं. विश्वनाथ दुबे के दामाद सुमित कालिया, पुत्री गौरा दुबे कालिया, शेखर दुबे, डॉ. अन्नू दुबे, पूर्व वित्तमंत्री तरूण भानोत, पं. राममूर्ति मिश्रा, दिनेश यादव, डॉ. आलोक चंसौरिया, डॉ. आलोक मिश्रा, विनय सक्सेना, संजय यादव, राधेश्याम चौबे, मदन तिवारी, विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, सौरभ शर्मा, झल्लेलाल जैन, मुकेश राठौर, लक्ष्मी बेन, तेज कुमार भगत, अमरीश मिश्रा, कमलेश अग्रवाल, रूपलाल यादव, ठा. दीपक सिंह राजपूत, अशोक सेठी, ठा. उमेंद्र सिंह पिंकी, मथुरा पहलवान, विजय रजक, राजेश तिवारी, गुड्डू चौबे, सतीश तिवारी, शिव यादव, देवेन्द्र सरीन, सरोज कांडा, अनुभा शर्मा, बाबा रिजवान, आनंद साहू, मोनू अग्रवाल, कमलेश यादव, शैलेश राठौर, विवेक अवस्थी, शाबान मंसूरी, अखतर खान, गुड्डू तामसेतवार, लोकेश व्यास, दुर्गेश पटेल, संजय बघेल, निमित पाठक, मन्नू तिवारी, राकेश तिवारी, विकास कनौजिया, कृष्णा गुप्ता, संजय वर्मा, भरत कांडा, सुरेश हिरस्कर, हुकुम चौधरी, दीनेश चौधरी, हर्षित यादव, दयावंत राव, प्रवीण चौहान, पूर्व सी.एस.पी. श्री कालरा, अशोक राय, अशोक यादव, इन्द्रपाल सेहमी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं फिनेक्स परिवार एवं सामाजिक खेलकूद संस्थाओं के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश राठौर ने किया।

**CHANGE OF NAME**

I, **MALKIAT KAUR** Mother of **JC-573789W** Rank **NB/SUB** Name **NIRMAL SINGH** presently, residing at **VILL JHARARIAN, PO HARDO KHUNDPUR, TEH - MUKERIAN, DISTT - HOSHIARPUR (PUNJAB)-144306** I, have changed of my name from **MALKIT KAUR** (Name as per my son, Army service records) to **MALKIAT KAUR** (name as per my **AADHAR CARD NO. 6267 6419 6271 AND PAN CARD NO. DZMPK4331J**) vide affidavit dated **17/07/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

**CORRECT NAME-MALKIAT KAUR**

**INCORRECT NAME-MALKIT KAUR**

## 690 से अधिक अंक हासिल करने वाले टॉप-138 अभ्यर्थियों में 63 एलन स्टूडेंट्स शामिल

# नीट यूजी 2026 में एलन का दबदबा टॉप टेन में 5 और टॉप 100 में 46 स्टूडेंट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने शानदार प्रदर्शन किया है। एलन के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए टॉप रैंक में बड़ी संख्या दर्ज कराई है।

परिणामों के अनुसार टॉप-10 में एलन के 5 स्टूडेंट्स शामिल हैं, जबकि टॉप-100 में 46 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। नीट-यूजी 2026 में आर्यन गुप्ता और पंशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक हासिल किए। टाईब्रेकर नियमों के आधार पर आर्यन गुप्ता को ऑल इंडिया रैंक-1 और पंशुल बंसल को ऑल इंडिया रैंक-2 घोषित किया गया। पंशुल एलन के दो वर्षीय रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम के स्टूडेंट हैं, जबकि आर्यन डिस्टेंस लर्निंग से जुड़े हुए हैं। एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आयुष भालोटिया ने 710 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-4 हासिल की। वहीं एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के स्टूडेंट आर्यन दुबे ने एआईआर-7 और क्लासरूम स्टूडेंट गौरव सिंह ने एआईआर-9 हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया।



आर्यन दुबे, आर्यन गुप्ता, आयुष भालोटिया, गौरव सिंह, पंशुल बंसल

### पैशन और क्वालिटी स्टडी से मिली सफलता: पंशुल

फरीदाबाद (हरियाणा) निवासी पंशुल बंसल ने नीट-यूजी 2026 में ऑल इंडिया रैंक-2 हासिल की है। पंशुल ने बताया कि शुरुआत से उनका लक्ष्य डॉक्टर बनना था। उन्होंने 10वीं और 12वीं में 94 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्होंने बताया कि एलन में पढ़ाई के दौरान उन्हें प्रतियोगिता का स्तर समझने का मौका मिला। नियमित क्लास, फैकल्टी का मार्गदर्शन और सवालों की लगातार प्रैक्टिस ने उनकी तैयारी को मजबूत बनाया।

### फैकल्टी के निर्देशों का पालन बना सफलता का मंत्र: गौरव

राजस्थान के अलवर जिले के गाडुवास गांव निवासी गौरव सिंह ने नीट-यूजी 2026 में 705 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-9 प्राप्त की। गौरव पिछले सात वर्षों से एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट रहे हैं।

### अनुशासन और निरंतर मेहनत से मिली मंजिल: आयुष

बिहार के नवादा जिले के निवासी आयुष भालोटिया ने नीट में 710 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-4 प्राप्त की। आयुष एलन के दो वर्षीय रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट हैं। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई, लगातार रिवीजन और टेस्ट में अपनी गलतियों का विश्लेषण उनकी सफलता की मुख्य वजह रही। आयुष ने कहा कि क्लासरूम पढ़ाई के अलावा वह रोजाना 7-8 घंटे सेल्फ स्टडी करते थे।`ते हैं।

## सैमसंग के फोल्डेबल स्मार्टफोन होंगे पतले

**गुरूग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसिडेंट एवं सीईओ टीएम रोह ने कहा है कि जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिक स्मार्ट और व्यक्तिगत होता जा रहा है, डिवाइस का डिजाइन और उपयोग का अनुभव पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। गैलेक्सी अनपैक्ड से पहले जारी अपने वक्तव्य में रोह ने कहा कि जब एआई एक साथ कई कामों में हमारी मदद करता है, तब ऐसी स्क्रीन, जिसे मोड़ा और खोला जा सके, उपयोगकर्ताओं के लिए नई संभावनाएं पैदा करती है।


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ. ग.)**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर में भण्डारित ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/ काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है।

काष्ठागार अम्बिकापुर नीलाम दिनांक - 27.07.2026 समय - प्रात: 09.00 बजे से

| प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) |
| सागौन | 0.000 | 0 | 54.773 | 1711 | 54.773 | 1711 |
| साल | 450.555 | 50 | 4664.908 | 1817 | 5115.463 | 1867 |
| खम्हार | 0.000 | 0 | 75.915 | 2382 | 75.915 | 2382 |
| हल्दू | 0.000 | 0 | 16.672 | 0 | 16.672 | 0 |
| साजा | 0.000 | 0 | 32.545 | 25 | 32.545 | 25 |
| धावड़ा | 0.000 | 0 | 33.824 | 31 | 33.824 | 31 |
| सलैया | 0.000 | 0 | 45.605 | 6 | 45.605 | 6 |
| अन्य | 62.755 | 20 | 980.905 | 880 | 1043.660 | 900 |
| योग:- | 513.310 | 70 | 5905.147 | 6852 | 6418.457 | 6922 |
| जलाऊ | 0 | - | 885 | Chatta | 885 | Chatta |

टीप:- 1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं 4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 20 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
G-262702181/5 सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)


## मध्य प्रदेश से दुनिया तक: एमेजॉन इंडिया ने ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ एमओयू पर किए दस्तखत

**भोपाल।** एमेजॉन इंडिया ने एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ शुक्रवार को मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर दस्तखत किए। इस पार्टनरशिप का उद्देश्य मध्य प्रदेश के एमएसएमई, एंटरप्रेन्योर्स, डी2सी ब्रांड्स, मैन्युफैक्चरर्स, बुनकरों, कारीगरों और प्रोड्यूसर्स को एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग की मदद से ग्लोबल बिजनेस का विकास करने में समर्थ बनाना है। इस एमओयू पर दस्तखत दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स ईवेंट में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री मोहन यादव की मौजूदगी में किए गए। इस पार्टनरशिप के अंतर्गत ईकॉमर्स एक्सपोर्ट के बारे में जागरुकता बढ़ाई जाएगी। एक्सपोर्ट रेडीनेस के साथ नॉलेज शेयरिंग संभव बनाई जाएगी तथा नॉलेज शेयरिंग प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे ताकि मध्य प्रदेश के बिजनेस एमेजॉन इंटरनेशनल मार्केटप्लेस के ग्राहकों तक पहुँच सकें।




एमेजॉन और एमपीआईडीसी के बीच इस सहयोग के अंतर्गत राज्य के लिए एक ईकॉमर्स एक्सपोर्ट रोडमैप तैयार किया जाएगा, नीति और इन्फ्रास्ट्रक्चर के सुझाव लिए जाएंगे ताकि क्रॉस-बॉर्डर एक्सपोर्ट में तेजी आ सके और भारत से 2030 तक 200-300 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ईकॉमर्स एक्सपोर्ट का लक्ष्य प्राप्त हो सके। यह पार्टनरशिप एक्सपोर्ट के ईकोसिस्टम को मजबूत बनाने पर केंद्रित होगी, जिसमें लॉजिस्टिक्स, फाईनेंस की उपलब्धता, पेमेंट समाधान एवं रेगुलेटरी सहायताएं शामिल हैं।

चंद्रमौली शुक्ला, एमडी, एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन एवं एक्सपोर्ट कमिश्नर ने कहा, "भारत से होने वाले एक्सपोर्ट में मध्य प्रदेश का योगदान लगातार बढ़ रहा है। यहाँ मौजूद एमएसएमई और विस्तृत प्रोडक्ट कैटेगरी इसमें काफी मदद कर रहे हैं। आज विश्व के ग्राहक अलग-अलग बाजारों के प्रोडक्ट खोजते हैं। इसलिए ईकॉमर्स एक्सपोर्ट स्थानीय व्यवसायों को विश्व के ग्राहकों तक पहुँचने और अपना खुद का ब्रांड स्थापित करने का अवसर प्रदान कर रहा है। एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग के एक्सपोर्ट हाट जैसे अभियान सेलर्स को यह समझने में मदद करते हैं कि उन्हें इसकी शुरुआत कैसे करनी है, वो डिजिटल टूल्स का उपयोग कैसे कर सकते हैं और एक्सपोर्ट प्रक्रिया को आगे कैसे बढ़ा सकते हैं। मैन्युफैक्चरिंग की शक्ति और डिजिटल क्षमताओं की मदद से मध्य प्रदेश के बिजनेस भारत से बाहर अपना विकास कर सकते हैं और देश से होने वाले एक्सपोर्ट में एक बड़ा योगदान दे सकते हैं।" श्रीनिधि कल्वापुड़ी, हेड, एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग ने कहा, "एमेजॉन में हम भारतीय एमएसएमई और एंटरप्रेन्योर्स को ईकॉमर्स एक्सपोर्ट द्वारा ग्लोबल ब्रांड बनने में मदद करना चाहते हैं। एमपीआईडीसी के साथ यह सहयोग जागरुकता और एक्सपोर्टर्स की क्षमताओं को बढ़ाएगा, तथा ऐसे अभियानों को बढ़ावा देगा, जो मध्य प्रदेश के व्यवसायों को पूरी दुनिया के ग्राहकों तक पहुँचने में मदद करेंगे। मध्य प्रदेश के टेक्सटाईल और हैंडीक्राफ्ट से लेकर मसालों, हैंडलूम और उभरते हुए डी2सी ब्रांड्स के लिए ग्लोबल कस्टमर्स तक पहुँचने के बड़े

## भारत का पहला 'छोटा भीम कैफे' हैदराबाद में खुला

**हैदराबाद।** भारत के लोकप्रिय एनिमेटेड किरदार 'छोटा भीम' की दुनिया अब वास्तविक रूप में बच्चों और परिवारों के लिए खुल गई है। ग्रीन गोल्ड एनिमेशन ने ईबीजी ग्रुप के साथ मिलकर हैदराबाद के जुबली हिल्स में देश का पहला छोटा भीम कैफे शुरू किया है। यह कैफे बच्चों के लिए एक ऐसा वेलनेस डेस्टिनेशन है, जहां पौष्टिक भोजन, खेल, सीखने और मनोरंजन का अनोखा अनुभव एक ही स्थान पर मिलेगा। कैफे में बच्चों को छोटा भीम, चुटकी, राजू, जग्गू और धोलकपुर की थीम पर आधारित आकर्षक माहौल मिलेगा।


**कार्यालय नगर परिषद बरही, जिला कटनी, (म.प्र.)**
फोन नं. 076-22-274220
ई-मेल -cmobarhi@mpurban.gov.in

क्रमांक /639/NP/2026 — **द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना** — बरही दिनांक-16/07/2026

कार्यालय नगर परिषद, बरही द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. शासन के प्रचलित आइ.एस.एस.आर प्रभावशील दिनांक 02.08.2021 एवं 08.11.2025 रोड एवं ब्रिज (निविदा जारी दिनांक तक हुये सभी संशोधन सहित) अनुसार कम/प्रतिशत दर पर लोकनिर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पंजीयन पद्धति में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 521754_1 | सी.सी. रोड निर्माण पुराने थाना के पुलिस क्वार्टर के सामने रोड वार्ड नं. 061 | 03 माह 306045.00 | 2000.00 3060.00 |
| 2 | 2026_UAD_ 521755_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य अशोक तिवारी के मकान से पुरुषोत्तम काछी के मकान तक वार्ड नं. 13 | 03 माह 536285.00 | 2000.00 5363.00 |
| 3 | 2026_UAD_ 521756_1 | वार्ड क्रमांक 12 में लाला से गंगा पटेल तक सीसी रोड निर्माण | 03 माह 304749.00 | 2000.00 3047.00 |
| 4 | 2026_UAD_ 521757_1 | फिश पार्लर (मछली मार्केट) निर्माण हेतु | 04 माह 493464.98 | 2000.00 4935.00 |

1.निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्ते आदि आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 17.07.2026 समय 10.30 बजे से 05.08.2026 समय 17.30 बजे तक क्रय किये जा सकते है। 3. आनलाईन बिड एवं समस्त दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि 05.08.2026 को 17.30 बजे तक है। 4. आनलाईन निविदा दिनांक 06.08.2026 को सायं 5.30 बजे से खोली जावेगी। 5. किसी भी प्रकार का शंसोधन का प्रकाशन आनलाईन https://www.mptenders.gov.in सिर्फ वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद बरही, जिला कटनी (म.प्र.)


### एमपीआईडीसी और अमेजन के बीच एमओयू

## मप्र के एमएसएमई को मिलेगा अब ग्लोबल मार्केट का रास्ता

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, उद्यमियों, डी2सी ब्रांड्स, निर्माताओं, बुनकरों, कारीगरों और उत्पादकों को वैश्विक बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से अमेजन इंडिया और एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के बीच एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस साझेदारी के तहत अमेजन ग्लोबल सेलिंग के माध्यम से प्रदेश के व्यवसायों को अंतरराष्ट्रीय ई-कॉमर्स बाजार तक पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण और नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समझौते के तहत राज्य के लिए एक ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट रोडमैप भी तैयार किया जाएगा। यह पहल वर्ष 2030 तक भारत के 200–300 अरब अमेरिकी डॉलर के ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में भी सहायक मानी जा रही है।


**कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, (समग्र शिक्षा अभियान ) नरसिंहपुर**
पुराना बीटीआई छात्रावास, कलेक्ट्रेट के पीछे, डाइट नरसिंहपुर
फोन नम्बर 07792-231132 email - zsknarm22@gmail.com

क्रमांक/1135/जि.शि.के आईईडी/2026 — नरसिंहपुर दिनांक 16/07/2026

**अल्पावधि विज्ञप्ति**
समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत सी.डब्लू. एस. एन. बालक छात्रावास संचालन हेतु प्रस्ताव
**विज्ञप्ति**

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के पत्र क्र. /राशिके/आईईडी/3811/2026 भोपाल दिनांक 30/06/2026 के निदेशानुसार समग्र शिक्षा अभियान समावेशित शिक्षा योजना के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्लूएसएन ) की शिक्षा हेतु जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में 50 सीटर बालक छात्रावास संचालित किये जाने हेतु पंजीकृत स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रस्ताव जिला शिक्षा केन्द्र डाईट परिसर कलेक्ट्रेड के पीछे विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से 07 दिवस में कार्यालयीन कार्य दिवस में सायं 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रारूप एवं शर्ते कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है।

जिला परियोजना समन्वयक
G-15782/26 बिजिला शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर



**भारतीय स्टेट बैंक**
तुलाराम चौक शाखा, जबलपुर
[ नियम 8 ( 1 ) देखें ]

**कब्जा सूचना** ( अचल सम्पत्ति के लिये )

जबकि
निम्न हस्ताक्षरकर्ता भारतीय स्टेट बैंक के अधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत और धारा 13 ( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित, ऋणी मेसर्स सुरेश ड्रेसेस ( प्रो. श्री सुरेश चंद जैन पिता श्री हेम चंद जैन ) एवं गारन्टर स्व. श्रीमति आशारानी जैन के कानूनी वारिसों श्री सुरेश चंद जैन पिता श्री हेम चंद जैन, विनय जैन पिता श्री सुरेश चंद जैन, श्रीमति रेनुका जैन पिता श्री सुरेश चंद जैन एवं श्रीमति सुजुला जैन पिता श्री सुरेश चंद जैन पर मांग सूचना दिनाँक 10.04.2026 पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर रू. 24,54,800/- ( अंकन चौबीस लाख चौवन हजार आठ सौ रूपये ) सूचना में उल्लेखित राशि का पुर्नभुगतान करनें के लिये मांग सूचना को जारी किया।
ऋणी द्वारा सम्पूर्ण राशि का पुर्नभुगतान करनें में असफल होनें पर, एतद् द्वारा सूचना ऋणी और मृतका गारन्टर के कानूनी वारिसों और आम जनता को दी जाती है कि, निम्न हस्ताक्षरकर्ता नें दिनाँक 07.07.2026 को उस अधिनियम की धारा 13 ( 4 ) के अंतर्गत, उस नियम 9 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एवं एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति के कब्जे को ले लिया है।
ऋणी। मृतका गारन्टर के कानूनी वारिसों को विशेष या आम जनता के साथ एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ कार्य नहीं करनें की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई कार्य रूपये 24,54,800/- ( अंकन चौबीस लाख चौवन हजार आठ सौ रूपये ) की राशि और उस पर ब्याज के लिये भारतीस स्टेट बैंक के प्रभार के अनुसार होगा।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**
स्व. श्रीमति आशारानी जैन पत्नि श्री सुरेश चंद जैन ( कानूनी वारिसों सुरेश चंद जैन, विनय जैन, श्रीमति रेनुका जैन एवं श्रीमति सुजुला जैन ) का प्लॉट नंबर 22, खसरा नंबर 152/1, ऐरिया 40 फुट x 60 फुट कुल रकवा 2400 वर्गफुट, शीट पंबर 660, पटवारी हल्का नंबर 25, माढोताल, मनमोहन नगर के पास, तहसील व जिला जबलपुर सम्पत्ति के चारों ओर की सीमाएँ - उत्तर में - प्लॉट नं. 23, दक्षिण में - प्लॉट नं.- 21, पूर्व में - 25 फुट चौड़ा रोड एवं पश्चिम में -प्लाट नं.- 32

दिनांक: 17 जुलाई, 2026 — अधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक
स्थान: जबलपुर — तुलाराम चौक शाखा, जबलपुर



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा**

क्रमांक / 4032 to 4035, 4102 to 4106 लोक निर्माण शाखा/2026 — विदिशा, दिनाँक 16/07/2026

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4032 | 2026_UAD_ 522125_1 | Construction work of RCC Drain at ward no 30 hemant yadav to Shri Ram Dangi Vidisha | I Call | 700566.00 | 7006.00 | 2000.00 | 03 months | 07/08/2026 |
| 2 | 4033 | 2026_UAD_ 522127_1 | Construction work of RCC Drain at ward no 30 karan singh thakut to dangi and other streets vidisha | I Call | 1119351.00 | 8395.00 | 2000.00 | 06 months | 19/08/2026 |
| 3 | 4034 | 2026_UAD_ 522133_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 33 mirzapur various streets and keshav dangi to Rajesh dangi vidisha | I Call | 2060818.00 | 15456.00 | 2000.00 | 06 months | 19/08/2026 |
| 4 | 4035 | 2026_UAD_ 522144_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 33 acharya colony thakur ata chakki various streets vidisha | I Call | 1279964.00 | 9600.00 | 2000.00 | 06 months | 19/08/2026 |
| 5 | 4102 | 2026_UAD_ 522147_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 02 ayodhya nagar various streets khub singh house to doulat and rajawat house to rajkumar | I Call | 576355.00 | 5764.00 | 2000.00 | 03 months | 07/08/2026 |
| 6 | 4104 | 2026_UAD_ 522154_1 | Construction work of RCC drain at ward no 17 jhulanpeet abdul auto to glamour parlor vidisha | I Call | 164777.00 | 3296.00 | 1000.00 | 03 months | 07/08/2026 |
| 7 | 4105 | 2026_UAD_ 522166_1 | Constuction work of RCC drain at ward no 02 laxmi nagar raju josaf to ganesh house vidisha | II Call | 1419171.00 | 10644.00 | 2000.00 | 03 months | 07/08/2026 |
| 8 | 4106 | 2026_UAD_ 522167_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 30 peetalmeel hameer lodhi house to khariphatak bridge vidisha | I Call | 4515525.00 | 33866.00 | 5000.00 | 06 months | 19/08/2026 |

1. निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड़, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, विदिशा


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

## शब्द पहेली - 6290



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 6289 का हल



## सूडोकु नवताल - 6300

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6299 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |



# ओएमजी 2 का आइडिया मेरा था क्रेडिट तक नहीं दिया गया : परेश

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल ने अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने दावा किया कि 'ओएमजी 2' की कहानी असल में एक आइडिया के तौर पर शुरू हुई थी, जिसे उन्होंने डायरेक्टर अमित राय के साथ मिलकर डेवलप किया था। बाद में उन्हें ही इस कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट नहीं दिया गया। एक्टर ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद कहानी में काफी बदलाव किए गए, जिसकी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि उनकी ओरिजिनल कहानी पिता-बेटे के रिश्ते पर आधारित एक ड्रामा थी, जिसमें यौन शिक्षा, लोगों के बीच बेइज्जती और न्याय के लिए माता-पिता की लड़ाई जैसे मुद्दे शामिल थे।

लाइफ Style

# कृति सनकी लड़की का रोल करना चाहती हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कृति सेनन का कहना है कि अब वे लीक से हटकर किरदारों के जरिए खुद को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने माना कि वे जाने-पहचाने किरदारों से आगे बढ़ना चाहती हैं और उन्हें खास तौर पर साइकोलॉजिकली इंटेंस किरदार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्दे पर 'साइको चिक' का रोल निभाना पसंद करेंगी।

कृति सेनन ने हाल ही में एक बातचीत में उस तरह के किरदारों के बारे में बात की, जिन्हें वे भविष्य में आजमाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल ड्रामा 'ऑब्सेशन' देखने के बाद उन्हें स्क्रिप्ट चुनने के अपने तरीके पर फिर से सोचने की प्रेरणा मिली। फिल्म के असर के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा, 'जब मैंने 'ऑब्सेशन' देखी, तो मुझे लगा, 'अरे बाप रे, हमें सेफ खेलने की आदत छोड़नी होगी। हमें कुछ हटकर करना होगा'। इसने मुझे सच में बहुत उत्साहित किया। कृति सेनन एक 'साइको' लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जेंडाया जैसे स्टार्स को भी इसका क्रेडिट दिया, जिन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस मुश्किल किरदारों को निभा पाने की हिम्मत से प्रेरित किया है। कृति ने रियल पर्सनैलिटी से बिल्कुल हटकर किरदार निभाने की ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, 'मैं एक सनकी किरदार निभाना चाहती हूं'। कृति सेनन ने कहा, 'मैं किरदारों को लेकर सेफ साइड में नहीं चलना चाहती। एक अभिनेत्री के रूप में, ऐसा जीवन जीना बहुत रोमांचक है, जो आपके जीवन से बिल्कुल अलग है और उस व्यक्ति का पता लगाना जो आप नहीं हैं। मैं पूरी तरह से किसी मानसिक रोगी का किरदार निभाना पसंद करूंगी'। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें 'कॉकटेल 2' में देखा गया।




## हॉलीवुड मसाला



# बड़े शहरों में द ओडिसी के टिकट काफी महंगे

**नई दिल्ली।** क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। टिकट की कीमतें चौंकाने वाली हैं। पुणे के आईएनओएक्स मेगाप्लेक्स में रिक्लाइनर सीट की कीमत 3,400 है। मुंबई के लोअर परेल स्थित पीवीआर आइकान, फीनिक्स पैलेडियम में यही सीट 3,100 में मिल रही है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के पीवीआर आईमैक्स (प्रिया) में टिकट 2,500 तक पहुंच गए हैं। बेंगलुरु में सिनेपोलिस नेक्सस शांतिनिकेतन में एक टिकट 1,950 का है, जबकि आईएनओएक्स साउथ सिटी मॉल में टिकट 1,240 तक मिल रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है और एडवांस बुकिंग भी तेजी से हो रही है।



# सिनेमा में आने से पहले करता था कारपेंटर का काम

**नई दिल्ली।** ऐसे कई एक्टर हुए, जिन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों में छोटे- मोटे काम किए और फिर सिनेमा के बड़े स्टार बने. उनके टैलेंट को पूरी दुनिया ने सराहा। आज हम ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं। वो एक्टर हैं हैरिसन फोर्ड। 1960 के दशक के आखिर में संघर्ष कर रहे हैरिसन फोर्ड ने अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए लाइब्रेरी की किताबों को पढ़ कर कारपेंटरी (बढ़ई का काम) सीखी और वह हॉलीवुड सेलेब्स के बीच पसंदीदा कारीगर बन गए। 1975 में जब वह उस ऑफिस में दरवाजा लगा रहे थे, जहां जॉर् 'स्टार वॉर्स' के लिए ऑडिशन ले रहे थे। तब फोर्ड से ऑडिशन देने वाले एक्टर्स के साथ डायलॉग पढ़ने के लिए कहा गया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें 'हान सोलो' के रोल के लिए चुना गया। फोर्ड 1960 के दशक में हॉलीवुड आए और कोलंबिया पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। उन्हें सिर्फ छोटे-मोटे और असंतोषजनक रोल मिले, जिनसे मुश्किल से ही गुजारा हो पाता था।



# हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते

**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने दोनों इंडस्ट्रीज में काम करने के माहौल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें लगता है कि टॉलीवुड में लोग एक बड़े परिवार की तरह काम करते हैं, जबकि बॉलीवुड में माहौल अलग होता है। रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि तेलुगु इंडस्ट्री ने हमेशा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है और सपोर्ट किया है। रकुल के मुताबिक, वहां के एक्टर्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे खुशी-खुशी एक-दूसरे के ट्रेलर को प्रमोट करते हैं। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें अक्सर लोगों में असुरक्षा की भावना महसूस होती है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कई लोग खुलकर दूसरों की फिल्मों को सपोर्ट नहीं करते हैं।



# 4000 करोड़ की रामायण में भगवान शिव बनेंगे ये एक्टर

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की 'रामायण' में भगवान शिव के किरदार के लिए मोहित रैना का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि, फिल्म के मेकर्स की ओर से अभी तक इस कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया और फिल्मी गलियारों में लगातार यही दावा किया जा रहा है कि मेकर्स इस अहम भूमिका के लिए मोहित रैना को लेकर काफी उत्साहित हैं। मोहित रैना ने टीवी के पॉपुलर शो 'देवों के देव... महादेव' में भगवान शिव का किरदार निभाकर जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी। उनकी एक्टिंग, डायलॉग्स और स्क्रीन प्रेजेंस ने इस किरदार को दर्शकों के बीच बेहद खास बना दिया था। यही वजह रही कि आज भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें 'महादेव' के नाम से पहचानते हैं। अगर रिपोर्ट्स सही साबित होती हैं तो लंबे समय बाद दर्शकों को एक बार फिर उन्हें भगवान शिव के रूप में देखने का मौका मिल सकता है।

## टीवी मसाला



# सोनू ने गाया था दूरदर्शन के पॉपुलर शो का गाना

**नई दिल्ली।** टीवी पर सिर्फ एक धुन बजती थी।.. और अगले ही पल पूरा घर चुप हो जाता था। बच्चों की बातें रुक जाती थीं, बड़े भी अपनी जगह छोड़ने का नाम नहीं लेते थे। जैसे-जैसे गाने की धुन आगे बढ़ती, वैसे-वैसे तिलिस्म और रोमांच से भरी एक नई दुनिया का दरवाजा खुलने लगता था। मजेदार बात ये है कि उस धुन को सुनकर करोड़ों लोगों ने बचपन बिताया, लेकिन उसकी आवाज के पीछे कौन था, ये राज आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरने से पहले एक मशहूर सिंगर ने दूरदर्शन के इस सुपरहिट शो को अपनी आवाज देकर हमेशा के लिए यादगार बना दिया। ये शो था 'चंद्रकांता', जिसने 90s में दूरदर्शन पर आते ही दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया था। शो की कहानी जितनी दिलचस्प थी, उसका टाइटल सॉन्ग भी उतना ही खास था। बहुत कम लोग जानते हैं कि इस यादगार टाइटल ट्रैक को सोनू निगम ने अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज ने शो के रहस्यमयी माहौल को ऐसा रंग दिया कि पहली धुन बजते ही लोग टीवी के सामने टिक जाते थे। तिलिस्म, ऐयारी, प्यार और सस्पेंस से भरी चंद्रकांता की दुनिया हर हफ्ते दर्शकों को नई रोमांचक यात्रा पर ले जाती थी। लेकिन शो का टाइटल सॉन्ग भी इसकी सबसे बड़ी पहचान बन गया. उस दौर में ना सोशल मीडिया था और ना ही यूट्यूब, फिर भी लोग इसकी धुन गुनगुनाते थे। यही वजह है कि आज भी ये गाना सुनते ही 90s की ढेर सारी यादें ताजा हो जाती हैं।

## आकांक्षा के कारण असहज हो जाते हैं धीरज

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर धीरज धूपर ने रियलिटी शो "लॉक अपः सच या सजा" में अपनी को-कंटेस्टेंट आकांक्षा चमोला को 'रेड फ्लैग' कहा है, क्योंकि उनके व्यवहार से धीरज को असहज महसूस होता है। शो के आने वाले 'जजमेंट डे'



एपिसोड में एक्टर अर्जुन कपूर धीरज से पूछेंगे कि वह आकांक्षा को क्या टैग देना चाहेंगे। आकांक्षा ने पहले खुलकर खुद को 'बाइसेक्सुअल' बताया था और बाद में शो के दौरान खुद को 'एसेक्सुअल' कहा। धीरज ने उन्हें रेड फ्लैग का टैग दिया और इसकी वजह भी बताई। उन्होंने कहा, रेड फ्लैग, जिस तरह से वह व्यवहार करती हैं, उससे मैं असहज हो जाता हूं। उन्होंने पामेला सेरेना के साथ आकांक्षा की करीबी बॉन्डिंग की ओर भी इशारा किया. धीरज की बात सुनकर आकांक्षा नाराज हो गईं और कहा- ऐसा लग रहा है जैसे मैं आपको शारीरिक रूप से असहज कर रही हूं। नेटफ्लिक्स के इस शो में आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर और वरुण यादव (उर्फ लैला) जैसे मशहूर नाम शामिल हैं।

# 7 महीने की प्रेग्नेंसी में किया ताबड़तोड़ एक्शन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण पर्दे पर कई तरह के रोल कर चुकी हैं। उन्होंने रोमांटिक हीरोन से लेकर एक्शन हीरोइन तक माना जाता है। दीपिका पादुकोण इन दिनों प्रेग्नेंट हैं। लेकिन, इस दौरान भी दिग्गज एक्ट्रेस का जज्बा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दीपिका पादुकोण अपनी तीसरी तिमाही में भी रुके बिना काम कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका अपनी आने वाली फिल्म राका की शूटिंग लगातार चला रही हैं। आठ घंटे की तय शिफ्ट और वर्क-लाइफ बैलेंस की वकालत के बावजूद वे फिल्म को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।सात महीने की प्रेग्नेंसी में दीपिका नाइट शिफ्ट्स कर रही हैं और बेहद चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं। मैटरनिटी लीव से पहले वे इस प्रोजेक्ट को पूरा करने पर पूरा ध्यान दे रही हैं। फिल्म की टीम दीपिका के प्रोफेशनलिज्म से काफी प्रभावित है। टीम के एक सदस्य ने कहा, "दीपिका ने मैटरनिटी ब्रेक से पहले फिल्म पूरी करने का फैसला कर लिया था। कुछ एक्शन सीक्वेंस बेहद मुश्किल और थकाऊ थे, लेकिन उन्होंने हर चुनौती को पार कर लिया. सेट पर उनका यह जुनून सबके लिए प्रेरणादायक है। साथ ही घर पर उनकी डेढ़ साल की बेटी को भी वे पूरा समय और प्यार दे रही हैं।" राका एटली की महत्वाकांक्षी साइंस-फिक्शन फैंटेसी एक्शन फिल्म है, जिसमें अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में हैं। बड़े बजट वाली इस पैन-इंडिया फिल्म में शानदार विजुअल इफेक्ट्स और दमदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे.

# बंटवारा 1947 से पहले रिलीज हो रही हैं सनी की ये 3 फिल्में

**मुंबई।** सनी देओल अगले महीने फिर से पर्दे पर नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। लेकिन, उससे पहले सनी देओल की लगातार तीन हफ्ते में तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सनी देओल बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं। आने वाले 20 दिन के अंदर सनी देओल ने तीन बड़ी हिट फिल्में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं।




## कौन-कौन सी फिल्में होंगी रिलीज

दरअसल, पीवीआर इनॉक्स सनी देओल और राजकुमार संतोषी की शानदार विरासत का जश्न मना रहा है। इसके लिए वे 90 के दशक की तीन यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्मों को फिर से रिलीज कर रहे हैं। इस रेट्रोस्पेक्टिव की शुरुआत 24 जुलाई को दामिनी से होगी, इसके बाद 31 जुलाई को घातक और 7 अगस्त को घायल को सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। यह दर्शकों को 14 अगस्त को 'बंटवारा 1947' की रिलीज से पहले बड़े पर्दे पर इन क्लासिक फिल्मों का अनुभव करने का मौका देता है। यह पहल भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्ममेकर-एक्टर जोड़ी को सम्मान देती है और साथ ही पुराने फैंस और नई पीढ़ी के दर्शकों को इन यादगार फिल्मों को एक बार फिर थिएटर में देखने के लिए आमंत्रित करती है। बात करें फिल्म 'दामिनी' की तो यह फिल्म पहली बार साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बड़े पर्दे पर खूब पसंद किया गया था। 'दामिनी' में सनी देओल के साथ ऋषि कपूर,मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फिल्म घातक में साल 1996 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। 'घायल' की सनी देओल के कॅरियर की कल्ट फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1990 में रिलीज हुई थी। इन सभी फिल्मों में सनी देओल के साथ मीनाक्षी शेषाद्री मुख्य भूमिका में थीं।

## पर्दे पर शायर बनते-बनते रह गए, लीना के साथ आने वाले थे नजर

# 57 साल पहले डिब्बा बंद हुई थी अमिताभ की फिल्म

एजेंस ▶▶ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन को आज के समय में हिंदी सिनेमा का महानायक माना जाता है। पिछले 6 दशकों से ज्यादा लंबे करियर में अमिताभ ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। ज्यादा बातें उनकी हिट फिल्मों की जाती है, लेकिन आज चर्चा बिग बी की उस फिल्म के बारे में होगी, जिसमें अमिताभ बच्चन एक शायर की भूमिका निभाने वाले थे। ये एक बायोपिक मूवी थी और इसकी शूटिंग भी शुरू हो गई थी। लेकिन. फिर बाद में जाकर ये डिब्बा बंद हो गई। आइए जानते हैं कि अमिताभ बच्चन की 57 साल पुरानी वह फिल्म कौन सी थी।



### मिर्जा गालिब पर बनी हैं ये फिल्म

अमिताभ बच्चन बेशक पर्दे पर शायर मिर्जा गालिब की भूमिका नहीं निभा पाए। लेकिन, इस शायर की जिंदगी पर बनी सबसे मशहूर फिल्म मिर्जा गालिब (1954) में दिग्गज अभिनेता रहे भरत भूषण ने मुख्य भूमिका निभाकर वाहवाही लूटी थी।

### कुछ दिनों की शूटिंग के बाद बंद हो गई

फिल्म की कास्ट के स्क्रीन टेस्ट भी हो गए थे, जिसमें अमिताभ ने सभी को प्रभावित किया। इसी वजह से सवान कुमार ने मिर्जा गालिब के शुरुआती सीन्स को भी फिल्मा लिया था। लेकिन, कुछ दिनों की शूटिंग के बाद मिर्जा गालिब बंद हो गई। आईएमडीबी की रिपोर्ट में ये दावा किया जाता है कि इस मूवी के निर्माताओं का अमिताभ बच्चन की आवाज और दुबले-पतले शरीर को लेकर स्क्रीन प्रजेंस पर संदेह होने लगा। उन्होंने मिर्जा गालिब पर पैसा लगाने से मना कर दिया और सावन कुमार टांक की मूवी से हाथ पीछे खींच लिए। इस तरह से अमिताभ बच्चन और लीना चंदावरकर की मिर्जा गालिब ठंडे बस्ते में चली गई और फिर कभी रिलीज नहीं हो पाई।

### सावन कुमार ने बनाई थी फिल्म बनाने की योजना

साल 1969 में आई निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी से अमिताभ बच्चन ने बतौर अभिनेता हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इससे पहले एक और ऐसी फिल्म बन रही थी, जिससे बिग बी का डेब्यू हो सकता था। इसी साल निर्देशक सावन कुमार टांक ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई थी, जिसका नाम था- मिर्जा गालिब। जी हां, मशहूर शायर रहे मिर्जा गालिब की बायोपिक में अमिताभ बच्चन को लीड एक्टर के तौर पर चुना गया। उनके साथ इस मूवी में अभिनेत्री लीना चंदावरकर को कास्ट किया गया था। सब कुछ सही चल रहा था।

# रोहित के संन्यास को लेकर अटकलें तेज, लॉर्डस में खेलेंगे आखिरी वनडे ?

एजेंसी ▸▸| लंदन

भारतीय क्रिकेट के इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक, रोहित शर्मा के फैंस के लिए एक बड़ी खबर है। 19 जुलाई को ऐतिहासिक लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाला तीसरा और आखिरी मैच रोहित शर्मा के वनडे करियर का आखिरी मैच हो सकता है। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, रोहित के माता-पिता, गुरुनाथ शर्मा और पूर्णिमा शर्मा, अपने बेटे के करियर के इस संभावित आखिरी मैच को देखने के लिए लंदन पहुंच गए हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि इस रविवार लॉड्र्स में रोहित आखिरी बार भारतीय जर्सी में खेलते हुए दिख सकते हैं।



### सिलेक्टर्स नहीं कर रहे 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए रोहित पर विचार

मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और हेड कोच गौतम गंभीर ने पिछले हफ्ते रोहित शर्मा से मुलाकात की और टीम इंडिया की लंबी अवधि की योजनाओं पर चर्चा की। सिलेक्टर्स ने साफ कर दिया कि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए रोहित पर विचार नहीं कर रहे हैं और यह उनकी आखिरी इंटरनेशनल सीरीज हो सकती है। सिलेक्शन कमेटी अब युवा खिलाड़ियों पर ध्यान देना चाहती है, जिसमें यशस्वी जायसवाल को भविष्य के ओपनिंग बल्लेबाज के तौर पर अहम भूमिका के लिए तैयार किया जा रहा है।



### रोहित के माता-पिता पहुंचे लंदन

*इसी बीच, रोहित शर्मा के माता-पिता लंदन पहुंच गए हैं और उनके लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर आखिरी वनडे देखने के लिए मौजूद रहने की उम्मीद है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा या बयान नहीं आया है कि यह वाकई रोहित शर्मा का आखिरी मैच होगा या नहीं।*


### पहले ही दो फॉर्मेट से विदाई ले चुके हैं

रोहित शर्मा पहले ही इंटरनेशनल क्रिकेट के दो फॉर्मेट से विदाई ले चुके हैं। 29 जून 2024 को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में भारत को टी20 वर्ल्ड कप जिताने के तुरंत बाद उन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इसके बाद, मई 2025 में उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के ज़रिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। अब, वह लॉड्र्स में अपने 50-ओवर के करियर का समापन कर सकते हैं।

### रोहित का वनडे करियर

रोहित शर्मा के वनडे करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2007 में अपने करियर का आगाज किया था। इसके बाद से लेकर अभी तक वह टीम इंडिया के लिए 287 वनडे मैच खेल चुके हैं, लेकिन वनडे वर्ल्ड कप कभी भी भारत के लिए नहीं जीत सके। साल 2011 वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा तो विराट कोहली थे, लेकिन रोहित उस टीम से बाहर रहे थे। इसके चलते रोहित का हमेशा से सपना रहा कि वह भारत के लिए एक बार वनडे वर्ल्ड कप हर हाल में जीतना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप



### बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज में हंसिका ने जीता रजत

**बुडापेस्ट।** अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता हंसिका लांबा ने 'पोल्याक इमरे, वर्गा जानोस और कोजमा इस्तवान मेमोरियल सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट' में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। हंसिका ने सेमीफाइनल में शानदार वापसी करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जर्मनी की अनास्तासिया ब्लेवास के खिलाफ 2-7 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त जज्बा दिखाते हुए वापसी करके 10-7 से जीत हासिल की। लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले में हंसिका यूक्रेन की मजबूत प्रतिद्वंद्वी नतालिया क्लीवचुत्स्का को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 'प्वाइंट्स' (वीपीओ) के आधार पर 0-5 से हार गईं, जिससे उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

### पाक स्पिनर नवाज डोपिंग के आरोप में निलंबित



**दुबई।** पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला मोहम्मद नवाज पर डोप टेस्ट में नाकाम रहने के कारण तीन महीने का निलंबन लगाया गया है। उन्होंने इस साल टी20 विश्व कप के दौरान प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन किया था। हालांकि उसका खेल में प्रदर्शन से कोई सरोकार नहीं था। नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़ा इलाज पूरा करने पर नवाज की सजा घटाकर एक महीने की कर दी जाएगी। उनके अयोग्य रहने की अवधि एक मई से मानी जाएगी, क्योंकि इसी तारीख से उन्होंने स्वेच्छा से अस्थायी निलंबन शुरू किया था। आईसीसी ने कहा ,' पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला मोहम्मद नवाज ने आईसीसी की डोपिंग रोधी आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर तीन महीने का निलंबन स्वीकार कर लिया है।'

## चैंपियंस को मिलेगा अनोखा सम्मान

# विजेता को पहली बार पहनाई जाएगी 'चैंपियनशिप रिंग'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के विजेता खिलाड़ियों को इस बार एक खास सम्मान मिलेगा। विश्व कप के इतिहास में पहली बार चैंपियन बनने वाली टीम के खिलाड़ियों और स्टाफ को ट्रॉफी और गोल्ड मेडल के साथ-साथ चैंपियनशिप रिंग भी दी जाएगी। फीफा ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। फीफा के अनुसार, यह रिंग अमेरिकी खेलों की मशहूर परंपरा से प्रेरित है और पहली बार फुटबॉल विश्व कप का हिस्सा बनेगी। इसका मकसद खिलाड़ियों को उनकी ऐतिहासिक जीत की एक खास याद देना है।



### 2026 पीस का लिमिटेड एडिशन

*फीफा ने बताया कि इस रिंग का कुल 2,026 पीस का लिमिटेड एडिशन बनाया जाएगा। इनमें से 30 रिंग विश्व चैंपियन टीम को मिलेंगी, जबकि बाकी 1,996 रिंग दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के लिए आधिकारिक लाइसेंस प्राप्त उत्पाद के रूप में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।*

### ऐसी होगी रिंग की डिजाइन

रिंग के एक तरफ फीफा वर्ल्ड कप की ट्रॉफी बनी होगी, जबकि दूसरी तरफ विजेता टीम के अनुसार खास डिजाइन तैयार किया जाएगा। हर रिंग पर अलग नंबर होगा, उसे खिलाड़ी के हिसाब से तैयार किया जाएगा और उसके साथ असली होने का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। फाइनल मैच खत्म होने के तुरंत बाद विजेता टीम के कप्तान और हेड कोच को अस्थायी रिंग दी जाएगी। इसके बाद पूरी विजेता टीम के लिए 30 रिंग तैयार की जाएंगी। हर रिंग को खिलाड़ियों के अनुसार कस्टमाइज किया जाएगा और बाद में आधिकारिक रूप से उन्हें सौंपा जाएगा।

# यमाल ने फाइनल से पहले अकेले की रिकवरी ड्रिल

एजेंसी ▸▸| न्यूयॉर्क

स्पेन के स्टार खिलाड़ी लामिन यमाल को लेकर फीफा वर्ल्ड कप फाइनल से पहले फैंस की चिंता बढ़ गई है। यमाल ने अर्जेंटीना के खिलाफ खिताबी मुकाबले से पहले ट्रेनिंग सेशन के दौरान अकेले ट्रेनिंग की। उन्हें लेकर चोट की थोड़ी चिंता पैदा हो गई थी। हालांकि स्पेनिश फ़ुटबॉल फेडरेशन ने तुरंत इन चिंताओं को कम करते हुए कहा कि इस युवा स्टार के रविवार को अर्जेंटीना के ख़िलाफ होने वाले बड़े मुक़ाबले के लिए फिट होने की उम्मीद है।

उम्मीद है कि जब स्पेन अपने दूसरे वर्ल्ड कप खिताब के लिए खेलेगा, तब यमाल उपलब्ध होंगे। यह अलग से ट्रेनिंग सेशन यमाल के लिए एक मुश्किल सेमीफ़ाइनल के बाद हुआ, जिसमें उन्होंने शाम का ज़्यादातर समय फ्रांस के फ़ुल-बैक लुकास डिग्ने और थियो हर्नांडेज से जूझते हुए बिताया था। हालांकि मैच के बाद स्पेन के कोच लुइस डे ला फ़ुएंटे ने जोर देकर कहा कि बार्सिलोना के इस युवा खिलाड़ी को कुछ नहीं हुआ है, फिर भी 90 मिनट के एक और जबरदस्त खेल के बाद उन्हें आमतौर पर होने वाले दर्द और चोटों का सामना करना पड़ रहा था।

### चोट की चिंताओं को स्पेन ने किया कम

स्पेन ने साफ कर दिया है कि वे टूर्नामेंट के सबसे बड़े गेम से पहले कुछ भी किस्मत पर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि यमाल और पोरो दोनों रविवार के फ़ाइनल से पहले पूरी ट्रेनिंग पर लौट आएंगे और अलग सेशन टीम के रिकवरी शेड्यूल का हिस्सा होगा, न कि किसी नई चोट की चिंता का हिंट है। फ्रांस के खिलाफ जीत के बाद डे ला फुएंते ने माना कि टोटेनहम के डिफेंडर को चोट लगी थी, तो पोरो का मामला थोड़ा और गंभीर लगने लगा।



# मेस्सी बोले- हमें कुछ भी थाली में सजाकर नहीं दिया गया

एजेंसी ▸▸| अटलांटा

लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप फुटबॉल में अर्जेंटीना की आलोचना करने वालों को संदेश देते हुए कहा कि 'हमें कुछ भी थाली में सजाकर नहीं दिया गया।' अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने उन आलोचकों को जवाब दिया है, जो पक्षपातपूर्ण फैसलों को लेकर मौजूदा विश्व कप चैंपियन टीम की आलोचना कर रहे हैं। मेस्सी ने कहा कि मैच के अंतिम क्षणों में पिछड़ने के बाद वापसी करने की क्षमता से ही उनकी टीम ने लगातार जीत हासिल की तथा इसमें किसी और चीज का हाथ नहीं है।

### रेफरी के फैसले पर हुई सोशल मीडिया में आलोचना

स्विट्जरलैंड और मिस्र दोनों के कोच ने रेफरी के फैसलों की आलोचना की। मिस्र के होसाम हसन ने तो यहां तक कह दिया कि उनकी टीम उस फुटबॉल व्यवस्था का शिकार हुई है, जो मेस्सी और अर्जेंटीना का पक्ष लेती है। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी अर्जेंटीना की आलोचना हुई और आरोप लगाए गए कि विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा चाहता है कि अर्जेंटीना एक बार फिर विश्व चैंपियन बने।



### 49 लाख डॉलर में बिकी पेले की जर्सी

**न्यूयॉर्क।** ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी पेले ने 1958 के विश्व कप फाइनल में, जो 10 नंबर की जर्सी पहनी थी, वह नीलामी में 49 लाख डॉलर (लगभग 47 करोड़ 21 लाख रुपए) में बिक गई है।




नीलामीकर्ता सोथबीज ने यह जानकारी दी। पेले उस समय 17 वर्ष के थे जब उन्होंने रासुंडा स्टेडियम में मेजबान स्वीडन पर ब्राजील की 5-2 की जीत में दो गोल किए थे। विश्व कप फाइनल में सबसे कम उम्र में गोल करने का रिकॉर्ड अब भी पेले के नाम पर दर्ज है। सोथबीज़ ने कहा कि ब्राज़ील के स्टार खिलाड़ी द्वारा पहनी गई जर्सी अब तक बेची गई दूसरी सबसे महंगी फुटबॉल जर्सी है। डिएगो माराडोना की 1986 के विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ पहनी गई 'हैंड ऑफ गॉड' जर्सी 2022 में 93 लाख डॉलर में बिकी थी।


## जापान ओपन

# बिना खेले सेमीफाइनल में सिंधू

एजेंसी ▸▸| टोकियो

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करीब तीन साल में पहली बार सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई जब शुक्रवार को जापान ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से पहले पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा ने नाम वापिस ले लिया।

2019 विश्व चैंपियन सिंधू आखिरी बार 2023 डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंची थी। इस सत्र में वह मलेशिया ओपन सुपर 1000 और आस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी। ओकुहारा को प्री क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की अन सि यंग के नाम वापिस लेने के बाद अंतिम आठ में प्रवेश मिला था।



### सिंधू का सामना अब चेन युफेइ से

सिंधू का सामना अब तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन युफेइ से होगा, जिन्होंने दक्षिण कोरिया की सिम यू जिन को 21-10, 21-12 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त चीन की युफेइ का सिंधू के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 8-6 का है। उन्होंने 2019 विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चेन को हराया था और खिताब जीतने वाली भारत की पहली बैडमिंटन खिलाड़ी बनी थी।

# तीसरा वनडे : न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया, सीरीज में 2-1 से आगे

### लेनोक्स को 4 विकेट, विंडीज ने 19 रन पर 6 विकेट खोए

एजेंसी ▸▸| प्रोविडेंस

बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज जेडन लेनोक्स की लगातार दूसरे मैच में शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज की टीम अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही, जिससे न्यूजीलैंड ने तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच 6 विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय 1 विकेट पर 67 रन था लेकिन इसके बाद उसकी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और पूरी टीम 37.1 ओवर में 140 रन पर ढेर हो गई। वेस्टइंडीज की तरफ से केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें कीसी कार्टी ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। उनके अलावा अकीम ऑगस्ट (26) और शिमरोन हेटमायर (26) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। मिशेल सैंटनर ने 8.1 ओवर में 15 रन देकर दो और माइकल ब्रैसवेल ने 33 रन देकर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड ने 39.3 ओवर में चार विकेट पर 141 रन बनाकर जीत हासिल की। हेनरी निकोल्स ने 24 और विल यंग ने 23 रन बनाकर पहले विकेट के लिए मजबूत साझेदारी की। डैरिल मिचेल ने बीच के ओवरों में 28 रन बनाए तथा टॉम लैथम और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने पांचवें विकेट के लिए 52 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड को जीत दिलाई। लैथम एक बार फिर भरोसेमंद साबित हुए। उन्होंने 53 गेंदों में नाबाद 31 जबकि फॉक्सक्रॉफ्ट ने 28 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाए।



## सितंबर में समरकंद में होगा आयोजन

# 'फिडे एक्सीलेंस' दौड़ में गुकेश, प्रज्ञानानंदा और दिव्या

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विश्व चैंपियन डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा और दिव्या देशमुख उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो पहले 'फिडे एक्सीलेंस' पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ी के सम्मान की दौड़ में है। इसका आयोजन सितंबर में उज्बेकिस्तान के समरकंद में 46वें ओलंपियाड के साथ किया जाएगा।

गुकेश, प्रज्ञानानंदा और अर्जुन एरिगेसी उन 10 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए नामांकित किया गया है और इसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी शामिल हैं। विश्व कप विजेता दिव्या, दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरु हम्पी और महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की विजेता वैशाली उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।





### गुकेश और दिव्या 'बेस्ट ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस' वर्ग में नामांकित

गुकेश और दिव्या को उनके वैश्विक खिताब के लिए 'बेस्ट ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस' वर्ग में भी नामांकित किया गया है। इस साल की शुरुआत में शुरू किए गए ये पुरस्कार हर दो साल में दिए जाएंगे और दो साल के समय में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को सम्मानित किया जाएगा। शुरुआती पुरस्कारों में सितंबर 2024 से अगस्त 2026 तक की उपलब्धियों को शामिल किया गया है।अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) को 'सर्वश्रेष्ठ महासंघ' के वर्ग में नामांकित किया गया है।

एक हफ्ते में ही बेअसर हुई कार्रवाई, रजिस्ट्रार जनरल समेत कलेक्टर-एसपी और निगमायुक्त से हस्तक्षेप की मांग

# हाईकोर्ट के बाहर फिर लौटे अतिक्रमणकारी अधिवक्ता ने अफसरों से की शिकायत

**जबलपुर**। हाईकोर्ट परिसर के बाहर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो गए हैं। कार्रवाई के महज एक सप्ताह बाद ही गेट नंबर-पांच से एल्गिन नर्सिंग कालेज तक चाय-पान के टपरे, सब्जी विक्रेता और अन्य अस्थायी अतिक्रमण फिर लौटने लगे हैं। इसे लेकर अधिवक्ता सतीश वर्मा ने रजिस्ट्रार जनरल, हाई कोर्ट, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और नगर निगम आयुक्त को शिकायत भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि हाल ही में हटाए गए अतिक्रमण के बाद उक्त स्थान पर अधिवक्ताओं एवं न्यायालय आने वाले नागरिकों की सुविधा



के लिए पार्किंग विकसित की गई थी। लेकिन दो-चार दिन के भीतर ही अतिक्रमणकारी दोबारा कब्जा जमाने लगे हैं। आरोप है कि मौकेयू पर तैनात पुलिसकर्मी उन्हें रोकने के बजाय मूकदर्शक बने हुए हैं। दुकानदारों के ग्राहकों के वाहन पार्किंग में खड़े होने से व्यवस्था फिर चरमराने लगी है।

### जवाबदेही तय करने की मांग

अधिवक्ता वर्मा ने मांग की है कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों का सामान तत्काल जब्त किया जाए, उन पर जुर्माना लगाया जाए और क्षेत्र में तैनात पुलिस व नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए। उनकाजा कहना है कि यदि समय रहते सख्ती नहीं बरती गई तो हाई कोर्ट के बाहर अतिक्रमण की पुरानी स्थिति फिर बन जाएगी।

*जनहित याचिका पर एसडीएम, नायब तहसीलदार व नगर परिषद को नोटिस : स्थानीय अखबारों में प्रकाशन के निर्देश*

## अतिक्रमण चिंहित होने के बाद ठंडे बस्ते में क्यों डाली कार्रवाई : हाई कोर्ट

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने कटनी जिले के विजयराघवगढ़ में चिन्हित अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई अधूरी छोड़ने के आरोप को गंभीरता से लिया है। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने एसडीएम विजयराघवगढ़, नायब तहसीलदार तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। साथ ही याचिकाकर्ता को स्थानीय समाचार पत्रों में नोटिस प्रकाशित कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि संबंधित अतिक्रमणकारी चाहें तो न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रख सकें। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। जनहित याचिका विजयराघवगढ़ निवासी धीरज प्रसाद साहू की ओर से दायर की गई है। उनकी ओर से अधिवक्ता उत्कर्ष अग्रवाल ने पक्ष रखते हुए बताया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण है। पूर्व में दायर याचिका के बाद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को चिन्हित किया था और कई लोगों ने कब्जे भी हटा लिए थे, जिनमें याचिकाकर्ता भी शामिल था। इसके बाद प्रशासन ने पूरी कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी, जिससे दर्जनों अतिक्रमणकारी आज भी कब्जा जमाए हुए हैं। याचिका में प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन विभाग, कलेक्टर कटनी, एसडीएम, नायब तहसीलदार और नगर परिषद विजयराघवगढ़ को पक्षकार बनाया गया है। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने सभी अनावेदकों से जवाब मांगा है।

*रादुवि कर्मचारी संघ अध्यक्ष संजय यादव को राहत, निलंबन आदेश निरस्त*

## कर्मचारी को बिना आरोप पत्र लंबे समय तक निलंबित नहीं रख सकते

जबलपुर ।मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में साफ किया कि किसी भी कर्मचारी को बिना आरोपपत्र जारी किए अनिश्चितकाल तक निलंबित नहीं रखा जा सकता। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय यादव की याचिका स्वीकार करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी निलंबन आदेश निरस्त कर दिया। हालांकि कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय चाहे तो विधि सम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए याचिकाकर्ता के विरुद्ध चार्जशीट जारी कर आगे की कार्रवाई कर सकता है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विपिन यादव और सुनील पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि संजय यादव को 23 जनवरी 2026 को कुलपति के साथ कथित शारीरिक दुर्व्यवहार के आरोप में निलंबित किया गया था, लेकिन सात माह बीत जाने के बाद भी उन्हें आरोपपत्र नहीं दिया गया। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने कहा कि भले ही संबंधित सेवा नियमों में निलंबन की अधिकतम अवधि निर्धारित न हो, लेकिन निलंबन को दंड का माध्यम नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि सामान्यतः निलंबन के 90 दिनों के भीतर कर्मचारी को चार्जशीट सौंप दी जानी चाहिए। इस मामले में बिना आरोपपत्र के सात माह तक कार्रवाई लंबित रखना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। इन्हीं टिप्पणियों के साथ हाई कोर्ट ने निलंबन आदेश निरस्त करते हुए याचिका का निराकरण कर दिया।

- चार साल से लंबित कार्रवाई पर उठाए सवाल,
- डीजीपी (लोकायुक्त) के नाम सौंपा ज्ञापन
- एसपी लोकायुक्त ने कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया

## नोटों की हथकड़ी लेकर लोकायुक्त कार्यालय पहुंचा मध्य भारत मोर्चा



**हरिभूमि, जबलपुर।**

भ्रष्टाचार के मामलों में लंबित कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को मध्य भारत मोर्चा ने सिविक सेंटर स्थित लोकायुक्त कार्यालय पहुंचकर अनोखा प्रदर्शन किया। मोर्चा के कार्यकर्ता नोटों की प्रतीकात्मक हथकड़ी लेकर लोकायुक्त कार्यालय पहुंचे और महानिदेशक पुलिस (लोकायुक्त), भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए लंबित भ्रष्टाचार प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक संजय सिंह को वर्ष 2022 में लोकायुक्त द्वारा 60 हजार रुपये की कथित रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया था। एफआईआर दर्ज होने के बावजूद चार वर्ष बीत जाने के बाद भी अभियोजन की स्वीकृति नहीं मिल सकी और न ही न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। सौरभ यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई केवल ट्रैप तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। यदि रंगे हाथों पकड़े गए मामलों में भी वर्षों तक कार्रवाई पूरी नहीं होती, तो इससे जनता का विश्वास कमजोर होता है। उन्होंने मांग की कि लंबित मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नोटों की हथकड़ी को भ्रष्टाचार और लंबित कार्रवाई का प्रतीक बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य व्यवस्था का ध्यान इस ओर आकर्षित करना है कि भ्रष्टाचार के मामलों में त्वरित न्यायिक प्रक्रिया भी उतनी ही आवश्यक है, जितनी ट्रैप कार्रवाई। लोकायुक्त कार्यालय में ज्ञापन पुलिस अधीक्षक (लोकायुक्त) अंजूलता पटले को सौंपा गया। मोर्चा के अनुसार, उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन महानिदेशक पुलिस (लोकायुक्त), भोपाल तक भेजा जाएगा और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव के साथ दिलीप विश्वकर्मा, नरेश, अमित, रोहित भोजक, राजा, पल्लव शुक्ला, फैज़ल, निहाल यादव, सोनू साहू, राहुल तिवारी, सात्विक भोजक, आमिर, समीर, आसिफ, हर्ष वर्मा, आकाश, एजाज सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

आरोपी की दोषसिद्धि हाईकोर्ट ने की रद्द

# हर असफल प्रेम संबंध बलात्कार नहीं

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बलात्कार और आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण (उकसाने) के एक मामले में महत्वपूर्ण कानूनी व्याख्या करते हुए आरोपी की दोषसिद्धि और सजा निरस्त कर दी। न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार वानी की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि यदि दो बालिग व्यक्तियों के बीच आपसी सहमति से संबंध बने हों और बाद में परिस्थितियोंवश विवाह नहीं हो पाया हो, तो केवल शादी से इनकार करने के आधार पर बलात्कार या आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध स्वतः स्थापित नहीं हो जाता। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में अभियोजन पक्ष को यह साबित करना होगा कि आरोपी



की मंशा शुरुआत से ही धोखाधड़ी कर विवाह का झूठा आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाने की थी। यदि ऐसा प्रमाण उपलब्ध नहीं है, तो भारतीय दंड कानून के तहत बलात्कार का अपराध सिद्ध नहीं माना जा सकता।

### क्या था मामला

प्रकरण फरवरी 2020 का है, जब एक युवती का शव खेत में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। जांच के दौरान डीएनए रिपोर्ट से पता चला कि मृतका गर्भवती थी। अभियोजन का आरोप था कि आरोपी ने शादी का वादा कर युवती से शारीरिक संबंध बनाए और बाद में विवाह से इनकार कर दिया, जिससे आहत होकर युवती ने आत्महत्या कर ली। हालांकि, सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि दोनों के प्रेम संबंधों की जानकारी मृतका के परिजनों को थी और उन्होंने इस रिश्ते पर कोई आपत्ति नहीं जताई थी।

### हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

एकलपीठ ने कहा कि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई ठोस साक्ष्य नहीं है, जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि आरोपी की नीयत शुरू से ही विवाह का झूठा वादा कर शारीरिक शोषण करने की थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि प्रारंभ में विवाह का इरादा वास्तविक था और बाद में किसी कारण से विवाह संभव नहीं हो सका, तो उसे बलात्कार का मामला नहीं माना जा सकता। अदालत ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के आरोप पर भी कहा कि केवल शादी से इनकार कर देना, आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रमाण नहीं है। इसके लिए आरोपी के ऐसे प्रत्यक्ष कृत्य या व्यवहार का प्रमाण होना आवश्यक है, जिसने मृतका को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया हो।

### संदेह का लाभ आरोपी को

हाईकोर्ट ने आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि उपलब्ध साक्ष्यों से दो संभावित निष्कर्ष निकलते हों, तो वह निष्कर्ष स्वीकार किया जाना चाहिए जो आरोपी के पक्ष में जाता हो। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में असफल रहा। इसी आधार पर आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए उसकी दोषसिद्धि और सजा दोनों निरस्त कर दी गईं।

बीटेक छात्रा की मौत : हाईकोर्ट ने जांच पर उठाए गंभीर सवाल, एसपी को विभागीय जांच के निर्देश

सीबीआई या एसआईटी जांच से इन्कार, ट्रायल कोर्ट को आरोप बढ़ाने पर विचार की छूट, 30 दिन में मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

## 6 फीट ऊंची खिड़की, 4 फीट की रस्सी... 5 फीट 5 इंच की छात्रा ने कैसे लगाई फांसी?

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने सिंगरौली की बीटेक छात्रा की संदिग्ध मौत की जांच पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि पुलिस विवेचना निष्पक्ष, वैज्ञानिक और भरोसा जगाने वाली नहीं दिखती। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने चार्जशीट दाखिल होने और ट्रायल शुरू हो जाने के कारण सीबीआई अथवा एसआईटी से नए सिरे से जांच कराने से इन्कार कर दिया। हालांकि पीड़ित पक्ष को ट्रायल कोर्ट में आरोपों में संशोधन अथवा नई धाराएं जोड़ने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी है।

सिंगरौली निवासी दीपांजलि पनिका ने यह याचिका दायर कर अपनी बहन की मौत की सीबीआई अथवा स्वतंत्र एजेंसी से जांच, संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई तथा मुआवजे की मांग की थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अंकित सक्सेना, राज्य शासन की ओर सेहै शासकीय अधिवक्ता प्रियंका मिश्रा तथा प्रतिवादी नम्बर दो की ओर से अधिवक्ता विक्रम सिंह ने पक्ष रखा। मृतका एलएनसीटी कालेज की बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की छात्रा थी और उसका शव सिंगरौली के भगत सिंह कालोनी में 22 जून, 2025 को संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था।




## बेलगाम कार की टक्कर से तीन घायल

**जबलपुर**। विजय नगर थानांतर्गत कल रात तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए काम कर लौट रहे तीन श्रमिकों को टक्कर मार दी। घटना में तीनों को हाथ पैरों में चोटे आई हैं। आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। विजयनगर पुलिस ने बताया कि चंडालभाटा निवासी नारायन गौंड़ सेंटिंग ठोकने का काम करता है। कल रात वह मुस्कान सिटी के सामने एक घर में सेंटिंग का काम कर अपने बेटे टीकाराम गौंड़ बबलू अहिरवार व रहीश खान के साथ पैदल जा रहा था। तभी एक तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए आगे चल रहे टीकाराम,रहीश खान व बबलू को टक्कर मार दी।

घरों और दुकानों में चल रहीं निजी स्कूलें सवालों के घेरे में

## अवैध निजी स्कूलों की दो हफ्ते में भी नहीं आई जांच रिपोर्ट

**जबलपुर**। ग्रामीण क्षेत्रों में घरों और दुकानों से कथित रूप से संचालित हो रहे अवैध निजी स्कूलों की जांच अब प्रशासनिक सुस्ती के कारण सवालों के घेरे में आ गई है। शिकायत मिलने के बाद जिला प्रशासन ने शहपुरा-भिटौनी और बरगी क्षेत्र के 23 निजी स्कूलों की जांच के लिए छह सदस्यीय संयुक्त दल का गठन किया था। जांच दल को तीन दिन के भीतर भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन दो सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट सामने नहीं आई है। इससे कार्रवाई की रफ्तार पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। शिकायतकर्ता घनश्याम सिंह लोधी की ओर से कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत सौंपे जाने के बाद संयुक्त जांच दल का गठन किया गया था। इसमें तहसीलदार शहपुरा, कार्यपालिक दंडाधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, राजस्व निरीक्षक और संबंधित पटवारी को शामिल किया गया। जांच दल को संदिग्ध स्कूलों का निरीक्षण कर तीन दिन के भीतर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। इससे स्थानीय स्तर पर जांच प्रक्रिया की पारदर्शिता और प्रशासन की गंभीरता पर सवाल उठ रहे हैं।

### जांच में देरी से बढ़ा असंतोष

ग्रामीणों का आरोप है कि जांच की प्रक्रिया अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते रिपोर्ट प्रस्तुत होती तो आगे की कार्रवाई भी शुरू हो सकती थी, लेकिन लगातार हो रही देरी से अवैध रूप से संचालित शिक्षण संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई अधर में लटकी हुई है। इससे क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की निगरानी को लेकर भी चिंताएं बढ़ी हैं।

हाई-प्रोफाइल सेक्स रैकेट मामले

टीआई को नोटिस, आरक्षक निलंबित

# सुहागी सेक्स रैकेट कांड में पुलिस पर गिरी गाज

**जबलपुर**। अधारताल थाना क्षेत्र के सुहागी में संचालित हाई-प्रोफाइल सेक्स रैकेट मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी पर जवाबदेही तय करना शुरू कर दिया है। मामले में अधारताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है, जबकि थाने में पदस्थ आरक्षक सतीश झारिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस की मिलीभगत की आशंका सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनु बेनीवाल के निर्देश पर की गई विभागीय कार्रवाई के दौरान जांच में ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिनसे संकेत मिलता है कि यह अवैध कारोबार लंबे समय से पुलिस की नजरों के सामने संचालित हो रहा था। जांच एजेंसियों को संदेह है कि कुछ पुलिसकर्मियों के संरक्षण के कारण ही यह नेटवर्क लगातार सक्रिय बना रहा।



### चार साल से चल रहा था अवैध कारोबार

पुलिस जांच के अनुसार, सुहागी स्थित निमेष विनोदिया के मकान में पिछले करीब चार वर्षों से देह व्यापार का यह नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि इस रैकेट का संपर्क केवल जबलपुर तक सीमित नहीं था, बल्कि उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से भी युवतियों को बुलाकर इस अवैध धंधे का संचालन किया जाता था।

### आरक्षक पर गंभीर आरोप

जांच में अधारताल थाने के आरक्षक सतीश झारिया की भूमिका भी संदेह के घेरे में आई है। आरोप है कि वह इस अवैध कारोबार को संरक्षण देने के साथ-साथ अपनी वर्दी और पद का प्रभाव दिखाकर संचालकों से मोटी रकम वसूलता था। प्रथम दृष्टया मिले तथ्यों के आधार पर उसे तत्काल निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

### 10 जुलाई को हुआ था खुलासा

गौरतलब है कि 10 जुलाई को अधारताल के सुहागी स्थित सरस्वती कॉलोनी के पन्नी मोहल्ला में पुलिस ने छापा मारकर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था। कार्रवाई के दौरान मकान मालिक निमेष विनोदिया, मुख्य संचालिका मंजू निखर, उसके पति मुकेश निखर तथा पुत्र आरुष निखर को गिरफ्तार किया गया था। मौके से ग्राहक अभय सिंह, सुबोध सिंह और संजय चौरसिया को भी पुलिस ने हिरासत में लिया था। अब विभागीय जांच का दायरा बढ़ने के साथ पुलिसकर्मियों की भूमिका भी जांच के केंद्र में आ गई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240